निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, शुक्रवार, 26 सितंबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 130 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

## चतुर्थ नवदुर्गा : माता कुष्मांडा

**वन्दे वांछित लाभाय चन्द्रार्धकृत शेखरम।**
**सिंहारूढा चंद्रघंटा यशस्वनीम।।**



नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने धर्मेंद्र प्रधान को बनाया बिहार का चुनाव प्रभारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। इसी कड़ी में गुरुवार को पार्टी ने चुनाव प्रभारी और सह प्रभारियों का एलान किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बिहार में प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। उधर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल को एवं उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बनाया गया है।

### मजदूर की बिल्डिंग से गिरकर मौत

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** दुबई में एक भारतीय प्रवासी मजदूर की बिल्डिंग से गिरने से मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान झारखंड के गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के चैनपुर पंचायत के तुइओ गांव निवासी 28 वर्षीय लालचंद महतो के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय समाजसेवी सिकंदर अली ने परिवार से मिलकर सांत्वना दी है।

### खाना बनाने के दौरान घर में लगी आग

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के कार्तिक उरांव चौक के पास आज गुरुवार की सुबह एल एस 44 क्वार्टर में भीषण आग लग गयी। क्वार्टर से धुआं उठता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। घटना की सूचना पाकर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची। भीषण आग से आसमान में काले धुएं का गुब्बार बन गया है। आशंका जतायी जा रही है कि खाना पकाने के दौरान आग लगी है। इस घटना में किसी के जान को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### गोलीबारी करने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** रामगढ़ पुलिस ने सयाल आर ए माइनिंग और सेंट्रल सौंदा क्रेशर में गोलीबारी के मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने इसकी जानकारी दी। एसपी ने बताया कि भुरकुंडा सयाल आर ए माइनिंग साइट पर रंगदारी मांगने और दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की गई थी। पकड़े गए आरोपियों में रामगढ़ के तुषार मिश्रा उर्फ शोम्या मिश्रा, धनबाद के मंगलेश कुमार उर्फ मंगलेश और हजारीबाग के मुकेश कुमार उर्फ मुक्कु शामिल हैं।

### पैक्स अध्यक्ष की मौत के बाद एनएच जाम

**शिवहर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डुमरी कटसरी प्रखंड अंतर्गत श्यामपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष अशोक सिंह की सड़क हादसे में मौत के बाद गुरुवार सुबह से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने श्यामपुर के पास शिवहर-मोतीहारी एनएच 104 को जाम कर दिया।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 160 चिकित्सकों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# कार्यों का आकलन कर चिकित्सकों को सम्मानित करेगी सरकार : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को 160 चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इनमें पांच मेडिकल कालेजों के लिए जेपीएससी से नियुक्त हैं जबकि 54 सहायक प्राध्यापक हैं। अन्य चिकित्सकों में 38 विशेषज्ञ चिकित्सक एवं 55 चिकित्सा पदाधिकारी तथा 13 दंत चिकित्सक शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को और मजबूत करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। जेपीएससी और एनएचएम के जरिए आप सभी का चयन हुआ है। आप सभी लोग चिकित्सक हैं। आप लोगों के कंधों पर इस राज्य के गरीब लोगों की सेवा करने की जिम्मेदारी आने वाली है। हम सब इस बात को



कहते हैं और मानते भी हैं कि मनुष्य डॉक्टर को भगवान मानते हैं। आप सोचिए कि आप लोगों से सभी को कितनी आशाएं और उम्मीदें होती हैं। श्री सोरेन ने नियुक्त चिकित्सकों से बेहतर कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार उनके कार्यों का आकलन कर सम्मानित करने का काम करेगी। सरकार मुख्य रूप से असहाय, कमजोर, गरीब-गुरबा लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं रखती है। सिर्फ संवेदनाएं रखने से काम नहीं चलता बल्कि संवेदनाएं दिखनी भी चाहिए। यही वजह है कि सरकार की तरफ से व्यवस्थाएं बनाई जाती हैं ताकि आप लोगों का सहयोग लेकर राज्य में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था बहाल किया जा सके। आप सभी लोग देख भी रहे हैं कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज अलग-अलग तरीके की चुनौतियां सामने आ रही हैं। आज बच्चे मोबाइल देखते-देखते बीमार हो रहे हैं। पर्यावरण दूषित होने की वजह से स्वास्थ्य की समस्या हो रही हैं। समस्याएं भी उत्पन्न हम लोग कर रहे हैं और इन समस्याओं का समाधान भी हमें ही करना होगा। हम जानते हैं कि हमारे पास सीमित संसाधन हैं लेकिन सीमित संसाधनों में भी बहुत कुछ किया जा सकता है, बस संकल्प शक्ति और उसको करने का जुनून अपने अंदर होना चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों को भगवान का रूप बताया। कहा कि उनसे लोगों की बड़ी अपेक्षाएं हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार शीघ्र ही स्वास्थ्य विभाग में दस हजार पदों पर बहाली करेगी।

# जेटेट होने तक नहीं होगी शिक्षकों की नियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कड़ा निर्देश दिया है कि 2026 तक झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाए। अदालत ने साफ कहा कि जेटेट परीक्षा होने और उसके परिणाम आने तक राज्य में शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू न करें। आज जस्टिस आनंद सेन की अदालत में जेटेट में हो रही देर को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। बुधवार को हुई सुनवाई में अदालत ने शिक्षा सचिव को हाजिर होने को कहा था। आज शिक्षा सचिव हाजिर हुए। सुनवाई के क्रम में अदालत ने शिक्षक पात्रता परीक्षा बीते 9 साल से नहीं होने पर नाराजगी जताई। साथ ही कहा कि जो नियम है, उसका पालन जरूरी है। शिक्षक पात्रता परीक्षा मामले में हरिकेष महतो और अन्य 401 उम्मीदवारों ने याचिका दायर की है। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज व अधिवक्ता कुशाल कुमार ने बहस की। अदालत ने सरकार से कहा कि शिक्षक पात्रता परीक्षा, शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया में अहम होता है। इसके बिना नियुक्तियां नहीं हो सकती। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा कि आखिर 2016 के बाद जेटेट का आयोजन क्यों नहीं किया गया। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सरकार ने जेटेट नियमावली में कहा है कि जिन्होंने 2016 में जेटेट पास की है, उनकी वैधता आजीवन रहेगी। उन्होंने अदालत को बताया कि वर्ष 2016 के बाद से अब तक लगभग नौ साल हो गए लेकिन झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया। बिना जेटेट आयोजित किए 26001 प्रशिक्षित सहायक आचार्यों की नियुक्ति के लिए प्रतियोगिता परीक्षा ली गई। शिक्षक बनने के लिए टेट उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। नौ साल में जेटेट नहीं होने से सहायक आचार्य की परीक्षा में शामिल होने का अवसर अभ्यर्थियों को नहीं मिल पाया है। वे परीक्षा की प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित रह गए। ऐसे में यह स्थिति अनुच्छेद 14 व 16 का उल्लंघन है। अभ्यर्थियों के मौलिक अधिकारों का हनन हुआ है।

# रांची विश्वविद्यालय में तीन नए कोर्स की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** स्थापना के 65 वर्ष बाद रांची विश्वविद्यालय में स्टैटिक्स (सांख्यिकी) एंड डाटा साइंस विषय की पढाई शुरू होगी। इस विषय के शुरू होने से विश्वविद्यालय में होने वाले शोध कार्य के परिणाम शत प्रतिशत हासिल करने में सहयोग मिलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्टैटिक्स एंड डाटा साइंस के अलावा दो और नए विषय डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस और स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी विषय की पढाई इसी सत्र से शुरू करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विवि प्रशासन ने अधिसूचना जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय में एक अगस्त को कुलपति की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। जिसमें उक्त तीन विषयों को शुरू कराने के लिए विचार विमर्श हुआ था। उसी के आलोक में नए विषयों की पढाई शुरू करने का निर्णय लिया गया। अब विवि प्रशासन द्वारा सिलेबस डिजाइन कराने का काम शुरू किया जाएगा। तीनों विषय के सिलेबस तैयार होने के बाद स्वीकृति के लिए एकेडमिक काउंसिल को भेजे जाएंगे। रांची विवि में शुरू होने वाले तीनों विषयों की पढाई देश के चुनिंदा विश्वविद्यालयों में होती है। इन विषयों की पढ़ाई कर प्रदेश के छात्र कैरियर में और बेहतर विकल्प हासिल कर सकेंगे। विवि में किसी भी विषय में शोध कार्य करने वाले इस विषय के सहयोग से डेटा के सहयोग से विश्लेषण करने की जानकारी प्राप्त करेंगे। सांख्यिकी के सहयोग से किसी भी परिणाम में शत प्रतिशत निष्कर्ष हासिल कर सकेंगे।

# 10 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले से नक्सल मोर्चे पर एक बड़ी खबर सामने आई है। चाईबासा में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है, जहां भाकपा (माओवादी) संगठन के 10 हार्डकोर नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में छह पुरुष और चार महिलाएं शामिल हैं, जो लंबे समय से कोल्हान और सारंडा क्षेत्र में सक्रिय थे। ये सभी विभिन्न उग्रवादी गतिविधियों में लिप्त थे और हत्या, मुठभेड़, विस्फोटक गतिविधियां, यूएपीए और सीएलए जैसे गंभीर मामलों में वांछित थे। आत्मसमर्पण का कार्यक्रम चाईबासा पुलिस लाइन में आयोजित हुआ। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस के अनुसार



आत्मसमर्पण करने वालों में कुख्यात नक्सली रांदो बोइपाई उर्फ कांति बोइपाई भी शामिल है। राज्य पुलिस की जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 से अब तक जिले में 9631 अभियान चलाए जा चुके हैं। इन अभियानों में 175 नक्सली गिरफ्तार हुए जबकि 10 मुठभेड़ में मारे गए। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इसे नक्सलवाद के खिलाफ बड़ा प्रहार बताते हुए कहा कि जो लोग अब भी जंगलों में भटके हुए हैं वे हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटें। सरकार और पुलिस उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का मौका देने के लिए तैयार है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में भाकपा माओवादी का एरिया कमेटी मेंबर रांदो बोइपाई उर्फ क्रांति बोइपाई, गार्दी कोड़ा, जॉन उर्फ जोहन पुरती, निरसो सीदू उर्फ आशा, घोनोर देवगम, गोमेया कोड़ा उर्फ टारजन, कैरा कोड़ा, कैरी कायम उर्फ गुलांची, सोवित्री गोप उर्फ मुतुरी उर्फ फुटबॉल और प्रदीप सिंह मुंडा शामिल हैं। झारखंड पुलिस ने नक्सली गतिविधियों में शामिल अन्य लोगों से भी झारखंड सरकार की प्रत्यर्पण और पुनर्वास नीति का लाभ उठाकर आत्मसमर्पण करने और मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की है। पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों की कार्रवाई और झारखंड सरकार की प्रत्यर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर पिछले तीन वर्षों में चाईबासा में 26 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

# गिरिडीह में भारी मात्रा में आग्नेयास्त्र बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने भारी मात्रा में आग्नेयास्त्र बरामद किया है। दरअसल पुलिस अधीक्षक को पारसनाथ पहाड़ी क्षेत्र के तराई पर स्थित खुखरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत जोकाई नाला एवं निमियाघाट थाना क्षेत्र अन्तर्गत चिरूआबेड़ा के आस-पास नक्सली गतिविधि की गुप्त सूचना प्राप्त हुई। उसूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक एवं सीआरपीएफ-154 बटालियन के कमाण्डेंट द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक अभियान, गिरिडीह सुरजीत कुमार एवं डिप्टी कमाण्डेट, सीआपीएफ अमीत कुमार झा एवं अस्त. कमांडनत वैभव मलहोत्रा, कोबरा-203 बटालियन के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जोकाई नाला एवं चिरूआबेड़ा में लगातार छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान उक्त दोनों स्थानों पर बीडीडीएस टीम के द्वारा सर्च किये जाने पर वहां छिपा कर रखे गये एसएलआर राईफल 01, .303 राईफल



01 अदद, 7.62 एमएम का जिन्दा राउंड-113, मैगजीन पाउच-02, निमियांघाट थाना अन्तर्गत चिरूआबेड़ा के पहाड़ी क्षेत्र से जब्त समानों की विवरणी कोरडेक्स वायर 700 मीटर, लगभग डेटोनेटर, 23, एमसील बॉक्स, 02, स्टील कन्टेनर 05 शामिल है। छापेमारी दल में अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) सुरजीत कुमार, अमीत कुमार झा, वैभव मलहोत्रा, पिन्टू शर्मा, निरंजन कच्छप, सुमन कुमार आदि शामिल थे।

# 11 अक्टूबर से दिल्ली तक चलेगी धनबाद-जम्मू एसी स्पेशल ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** धनबाद से जम्मू के बीच चलने वाली एसी स्पेशल ट्रेन अब नवंबर तक दिल्ली तक चलेगी। जम्मू में भारी बारिश से रेल ब्रिज में खराबी आने से धनबाद-जम्मू स्पेशल मध्य अक्टूबर तक रद कर दी गई है। यात्रियों की मांग पर रेलवे ने इस ट्रेन को धनबाद से दिल्ली तक चलाने की मंजूरी दे दी है। थर्ड एसी इकोनॉमी कोच के साथ चलने वाली ट्रेन 11 अक्टूबर से सप्ताह में दो दिन चलेगी। धनबाद से गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डिहरी आन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, डीडीयू, वाराणसी, प्रयागराज, गोविंदपुरी व टूंडला होकर दिल्ली जाएगी। धनबाद से दिल्ली के बीच ठहराव व टाइम टेबल में कोई बदलाव नहीं होगा। 03309 धनबाद-दिल्ली स्पेशल प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को 11 अक्टूबर से 29 नवंबर तक चलेगी। धनबाद से सुबह 10:10 पर चलकर अगले दिन सुबह 9:15 पर दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में 03310 दिल्ली-धनबाद स्पेशल बुधवार व रविवार को 12 अक्टूबर से 30 नवंबर तक चलेगी। दिल्ली से दिन में 11:45 पर चलकर अगले दिन दोपहर एक बजे धनबाद आएगी। गुरुवार से इस ट्रेन में टिकटों की बुकिंग शुरू होने की संभावना है।

# कुएं में गिरा हाथी और उसका बच्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** जिले के गोला वन क्षेत्र के परसाडीह जंगल में गुरुवार की सुबह एक हाथी और उसका बच्चा अचानक एक कुएं में गिर गया। घटना की जानकारी जंगल से गांव तक फैलते ही आसपास के गांवों से सैकड़ों लोग मौके पर जमा हो गए। वन विभाग को तुरंत सूचना दी गई। इसके बाद अधिकारी और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने बताया कि मां और बच्चा दोनों जिंदा हैं। उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। जेसीबी मशीन और अन्य की मदद से रेस्क्यू किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह कुआं गांव के दीनाराम मांझी की जमीन पर मनरेगा योजना के तहत खोदा गया है। इसकी गहराई लगभग 25 फीट है। कुएं के चारों ओर घनी झाड़ियों का घेरा होने के कारण हाथियों को इसका अंदाजा नहीं हुआ और वे सीधे कुएं में गिर पड़े। जानकारी के अनुसार कुएं में पानी कम होने की वजह से दोनों की जान बच गई। हालांकि, कुएं की गहराई के कारण हाथी और उसका बच्चा खुद बाहर नहीं निकल पा रहे थे। बता दें कि गोला वन क्षेत्र इन दिनों हाथियों की गतिविधियों को लेकर सुर्खियों में है। हेसापोड़ा जंगल में हाल ही में हाथियों के झुंड में तीन बच्चों का जन्म हुआ था। इस समय से लगभग 42 हाथियों का दल इलाके में मूवमेंट कर रहा है। जंगल और गांवों के आसपास हाथियों की आवाजाही लगातार बनी रहती है जिससे ग्रामीणों में दहशत और उत्सुकता दोनों का माहौल है। वन विभाग ग्रामीणों को सतर्क रहने और हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दे रहा है।

# सभी जिलों में मतदान केंद्रों का किया गया रेशनलाइजेशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूरे देश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जाना है। इस हेतु आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु सभी पदाधिकारी ससमय पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों को पूरा कर लें। श्री कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन से सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के वेबसाईट पर 2003 के मतदाता सूची को सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, मतदाताओं के लिए ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है। मतदाताओं को पहले से 2003 के मतदाता सूची में अपना नाम खोजकर उसे डाउनलोड एवं प्रिंट करने हेतु सभी जानकारियों का वृहत प्रचार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में वर्तमान मतदाता सूची का 2003 के मतदाता सूची से मिलान करते हुए मैपिंग करना सुनिश्चित कर लें।



श्री कुमार ने कहा है कि सभी जिलों द्वारा मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन किया गया है इससे संबंधी सभी रिपोर्ट मुख्यालय को ससमय उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में जुड़े कंप्यूटर ऑपरेटर, बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर का मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित ट्रेनिंग को ससमय पूरा कर लें। समीक्षा के क्रम में सभी जिलों में मतदाता पहचान पत्र से संबंधित आवेदनों का ससमय निष्पादन हेतु भी निर्देश दिए। इस अवसर पर ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डांडिया नाइट में मारपीट

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के टेल्को आम बगान में आयोजित डांडिया नाइट के दौरान बुधवार रात विवाद मारपीट तक जा पहुंचा। मामले ने गंभीर रूप तब ले लिया जब तार कंपनी गोलचक्कर के पास दोबारा भिड़ंत हुई और चापड़ से हमला कर एक युवक को घायल कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जेम्को झगड़ू बगान निवासी श्रवण और उसके रिश्तेदार लक्खी के बीच डांडिया खेलते समय बहस हो गई जो हाथापाई में बदल गई। आयोजकों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया लेकिन लक्खी ने श्रवण को गोलचक्कर ले जाकर बात निपटाने की बात कही। जानकारी के मुताबिक वहां पहले से मौजूद 20-25 युवकों ने श्रवण को घेरकर मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान लक्खी और उसके साथियों ने चापड़ से हमला किया जिससे श्रवण की गर्दन और अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घटना के बाद अफरातफरी मच गई। भीड़ ने लक्खी को पकड़ लिया जबकि उसके साथी भाग निकले। सूचना पर पहुंची टेल्को थाना पुलिस ने लक्खी और घायल श्रवण को अपने साथ ले लिया।

# दुर्गा पूजा से पहले चौपारण में उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, 18 हजार किलो जावा महुआ नष्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** आगामी दुर्गा पूजा को देखते हुए अवैध शराब कारोबार पर लगाम कसने के लिए उत्पाद विभाग हजारीबाग और गया मद्य निषेध विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को चौपारण थाना क्षेत्र के भंडार, परसातरी और आसपास के इलाकों में विशेष छापेमारी अभियान चलाया।

कार्रवाई के दौरान पुलिस-प्रशासन ने अवैध शराब निर्माण की दर्जनों भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। इस अभियान में ड्रोन कैमरे और ड्रम कटिंग मशीन जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया। टीम ने मौके से लगभग 18 हजार किलो जावा महुआ नष्ट कर दिया, जबकि 1200 लीटर तैयार चुलाई शराब और शराब बनाने के उपकरण जब्त किए गए। गया जिले के गुरपा थाना क्षेत्र के चोढ़ी और खैरा गांव में भी संयुक्त अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान कई आरोपी फरार हो गए, जिनमें सुभाष यादव, सहदेव यादव, दशरथ यादव, तौशोर, सुरेश यादव, आलम समेत कई अन्य शामिल हैं। सभी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की





धाराओं के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। अभियान में उत्पाद विभाग हजारीबाग के अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सैयद बशीरुद्दीन, एंथोनी बागे, गया मद्य निषेध विभाग के सहायक अवर निरीक्षक अभय कुमार, उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह सहित सशस्त्र गृहरक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दुर्गा पूजा के मद्देनजर इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# एंबुलेंस से नशे की तस्करी, चौपारण पुलिस ने 43 किलो डोडा बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** ज़िंदगियां बचाने वाली एंबुलेंस का इस्तेमाल नशे की तस्करी के लिए होना समाज और व्यवस्था दोनों पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। गुरुवार को चौपारण पुलिस ने चोरदाहा चेकनाका पर छापेमारी कर मारुति एंबुलेंस (संख्या BR 02PB-6505) से 43.650 किलो डोडा चूरा बरामद कर बड़ी कामयाबी हासिल की।

गुप्त सूचना पर हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के निर्देश में एसडीपीओ बरही अजीत कुमार बिमल के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। जांच के दौरान दनुआ की ओर से आ रही एंबुलेंस को रोके जाने से पहले चालक वाहन छोड़ जंगल की ओर फरार हो गया। पुलिस ने घेराबंदी की, लेकिन वह अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। वाहन की तलाशी में मरीज की सीट के नीचे और पिछले हिस्से से दो बोरे में भरा 43.650 किलो डोडा बरामद हुआ, जिसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। जब्त एंबुलेंस और मादक पदार्थ को चौपारण थाना लाया गया तथा कांड संख्या 265/25 दर्ज कर एंबुलेंस चालक, मालिक और अज्ञात तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। कार्रवाई में एसडीपीओ बरही अजीत कुमार बिमल, इंस्पेक्टर चंद्रशेखर प्रसाद, थाना प्रभारी चौपारण सरोज सिंह चौधरी समेत कई अधिकारी शामिल रहे।

थाना प्रभारी ने कहा कि नशे के कारोबार में किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होगा और दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस की इस सफलता ने जहां प्रशासन की सतर्कता को उजागर किया है, वहीं यह कड़वी हकीकत भी सामने आई है कि जीटी रोड किनारे होटल-ढाबों पर नशे का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। जब तक इस अवैध धंधे की जड़ों पर प्रहार नहीं होगा और बड़े तस्करों पर कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक जनता का भरोसा पूरी तरह बहाल होना मुश्किल है।

# गावां प्रखंड में धड़ल्ले से चल रहा है अवैध सफेद पत्थर का कारोबार

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गावां प्रखंड में अवैध सफेद पत्थर का कारोबार जोरों पर वन विभाग की मिलीभगत ओर लापरवाही एवं उदासीन रवैया से पत्थर माफियाओं के हौसले बुलंद गावां प्रखंड अंतर्गत स्थित विभिन्न वन क्षेत्र में अवैध सफेद पत्थर का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है।

**■ वन विभाग के उदासीन रवैया से पत्थर तस्कर के हौसले बुलंद**

पत्थर माफिया जंगल को उजाड़ कर सफेद पत्थर की पिसाई के लिए कंपनी भेज रहे हैं दिन के उजाले में हो रहा है खुलेआम चल रहा है अवैध उत्खनन का कारोबार पिहरा पिकेट एवं गावां थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों एवं बॉर्डर से होते हुए प्रशासन के नाक के नीचे से गुजर रहे हैं पत्थर माफिया लेकिन वन विभाग और प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है और यह स्पष्ट होता है कि यह विभाग एवं प्रशासन की मिली भगत से अवैध खनन चल रहा है आपको बताते चले कि सैकड़ो ट्रैक्टर अवैध पत्थर प्रत्येक दिन वन विभाग से निकाला जा रहा है ग्रामीणों का आरोप है कि पत्थर माफियाओं को प्रशासन एवं वन विभाग का संरक्षण प्राप्त है जिसके कारण वह बेखोफ होकर दिन के उजाले में पूरे जंगल को उजाड़ने में लगे हुए हैं वन विभाग की उदासीन रवैया से वन परिक्षेत्र को है खतरा आने वाले दिन में जंगल का अस्तित्व हो जाएगा खत्म अवैध रूप से पत्थर का कारोबार पर्यावरण एवं वन भूमि को पहुंचा रहा है नुकसान अब देखना है कि प्रशासन के द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है वही इस संबंध में पुलिस अधीक्षक गिरिडीह एवं डीएफओ से बात करने पर कार्रवाई का आश्वासन प्राप्त हुआ।

## ब्लाइंड स्कूल की 18 लड़कियों को दुर्गा पूजा के उपलक्ष में लहंगा दुपट्टा व ब्लाउज बनाकर किया गिफ्ट



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज मैंने सहाय सेवा संस्थान की तरफ से ब्लाइंड स्कूल की 18 लड़कियों को दुर्गा पूजा के उपलक्ष में लहंगा दुपट्टा और ब्लाउज बनाकर गिफ्ट किया साथ में उनको एक बैग में टिफिन मिठाई और बहुत सारी चीज उनको दी। बच्चियां बहुत खुश हुई उन्होंने बहुत सारे हम लोग को भजन सुनाए। उनका उत्साह और खुशी देखकर मेरे मन को बहुत आत्मिक सुख मिला। वह बच्चे आंख से नहीं देख सकते लेकिन उनकी खुशी को देखकर लग रहा था कि वह बहुत कुछ अनुभव कर पा रहे हैं। मेरे साथ जीवा के दो मेंबर्स स्मृति आनंद एंड तनूजा सहाय भी गयीं थी।

# माटीकला विद्युत चाक वितरण से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगे शिल्पकार : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने गुरुवार को समाहरणालय परिसर में 5 लाभुकों के बीच विद्युत चाक वितरण किया।उन्होंने कहा कि 5 लाभुकों के बीच यह सांकेतिक रूप से वितरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कूल 40 चयनित लाभुकों के बीच 90 प्रतिशत अनुदान पर अत्याधुनिक विद्युत चाक का वितरण किया जाना है।

उन्होंने कहा कि यह चाक उपलब्ध हो जाने से शिल्पकार को आत्मनिर्भर बनने में सहूलियत होगी। माटीकला योजना का मूल उद्देश्य परंपरागत माटी शिल्पकारों को आधुनिक तकनीकी साधन उपलब्ध कराकर उनकी उत्पादन क्षमता को सुदृढ़ करना व आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। वहीं सतबरवा से आयी महिला लाह-चूड़ी शिल्पकार ने लाह निर्मित चूड़ी उपायुक्त को भेंट की। उन्होंने चूड़ी के अनूठा व अलौकिता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए इस चूड़ी को रांची के मोरहाबादी में प्रस्तावित



जेसोवा मेले में बिक्री करने पर बल दिया। जिला उद्यमी समन्वयक चंद्रकांत पांडेय ने कहा कि माटीकला योजना न केवल परंपरागत कारीगरों को तकनीकी रूप से सशक्त बना रही है बल्कि उन्हें सम्मानजनक आजीविका का अवसर भी प्रदान कर रही है।विद्युत चाक के वितरण से हमारे शिल्पकार आधुनिक तकनीक से जुड़ेंगे। इससे उनका परिश्रम कम होगा। उत्पादन क्षमता बढ़ेगी।बाजार की मांग को बेहतर ढंग से पूरा कर सकेंगे। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे सतबरवा, पाटन, नवाबाजार, चैनपुर, रामगढ़, लेस्लीगंज व पंड़वा के प्रखंड समन्वयक उपस्थित थे।

# विजयादशमी उत्सव सह पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गिरिडीह नगर इकाई द्वारा गुरुवार को विजयादशमी उत्सव सह पथ संचलन कार्यक्रम किया गया। पथ संचलन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्याम मंदिर में पहुंचा। घोष वादन के साथ स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में संचलन गीत गाते हुए कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे।

मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वयंसेवकों के ऊपर पुष्प वृष्टि की गई। विजयादशमी उत्सव पर प्रयाग जी सह जिला कार्यवाह,मुकेश रंजन सिंह प्रांत सेवा प्रमुख, विजय जैन नगर संघ चालक, नलिन कुमार,ब्रजनंदन प्रसाद एवं अर्जुन मिष्टकर ने संयुक्त रूप से मां दुर्गा के समक्ष दीप जलाकर शस्त्र पूजन किया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्रयाग जी ने कहा कि भारत प्रारंभ से ही विश्व गुरु रहा है। संघ की नित्य शाखा से



व्यक्ति निर्माण होता है व्यक्ति से समाज और समाज से स्वच्छ राष्ट्र का निर्माण होता है।देश पर जब-जब संकट आया है स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर समाज सेवा की है।संघ वर्ष में 6 उत्सव मनाते आ रहा है जिसमें शारदीय नवरात्र में मां आदिशक्ति का आह्वान और शस्त्र पूजन किया जाता है जो शक्ति की अधिष्ठात्री मानी जाती है ।संघ का उद्देश्य भारतवर्ष को पुनः परम वैभव पर ले जाना है। 27 सितंबर 1925 विजयादशमी को संघ की स्थापना डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में की थी।संघ इस वर्ष विजयादशमी को अपनी स्थापना का 100 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है।कहा कि संघ शताब्दी वर्ष पर पंच परिवर्तन की थीम पर पांच प्रमुख क्षेत्र पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता आत्मनिर्भरता,परिवार सशक्तिकरण और नागरिक उत्तरदायित्व पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।यह आयोजन समाज के हर वर्ग को जोड़ने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का प्रयास होगा।अंत में स्वयंसेवकों ने संघ प्रार्थना की। उत्सव में नगर कार्यवाह सोनू गुप्ता,सतीश्वर प्रसाद सिन्हा, अजय कृष्ण मुरारी,प्रो विनीता कुमारी,पूनम बरनवाल,संतोष खत्री,संजीव शर्मा,राजेश शर्मा सोमनाथ शर्मा,रंजीत राय,संदीप डंगायच,विनोद केसरी एवं काफी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# मुखिया देवकी महतो ने निभाया सामाजिक सरोकार, शोक संतप्त परिवार को दी आर्थिक मदद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चुरचू/चरही हजारीबाग।** बहेरा पंचायत के मुखिया एवं चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह हजारीबाग जिला मुखिया संघ उपाध्यक्ष देवकी महतो ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की।

बहेरा पंचायत अंतर्गत ग्राम बहेरा 45 कांटा निवासी भीम मुंडा के पुत्र दिलीप मुंडा का असामयिक निधन हो गया। मुखिया देवकी महतो ने परिजनों से मिलकर दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया और दाह संस्कार एवं श्राद्ध कर्म के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि नौजवान की



असमय मृत्यु परिवार और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। परिवारजन दूर रहने के कारण दिवंगत का दाह संस्कार एवं श्राद्ध कर्म एक ही दिन में संपन्न कराया जा रहा है।

# विवाह एक संस्कार है : डॉ. मदन मोहन मिश्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के पंड़वा प्रखंड स्थित कोकरसा मे नवरात्री के अवसर पर आयोजित धार्मिक प्रवचन में वाराणसी से पधारे मानस कोविद डॉ मदन मोहन मिश्र ने कहा कि भारतीय संस्कृति में विवाह एक संस्कार है। जब लक्ष्मी रूपी कन्या का जीव रूपी पिता नारायण स्वरूप वर का चरण धोता है तो अहंकार समाप्त होता है। जब ममता रूपी बेटी को समर्पित करता है तो ममता समर्पित कर रहा होता है। इसी कन्यादान के माध्यम से जीव को ब्रम्ह का साक्षात्कार हो जाता है।

डा. मिश्र ने सीताराम विवाह की चर्चा करते हुए कहा कि जब मन की दुराषा ताडका का वध होता है बुद्धि की जड़ता अहिल्या का उद्धार होता है। अहं के धनुष का खंडन होता है। चित्त का धनुष विष्णु की ओर जाता है तो जीवन धन्यता को प्राप्त हो जाता है। सीता जी विवाह के पहले गौरी मईया की पूजा करके अपने अनुकूल वर का वरदान मांगती हैं। धनुष के टूटने के शुभ समय को जानकर विश्वामित्र ने राम को आदेश दिया व राम ने सहज भाव से धनुष का खंडन करके राजा जनक के परिताप को समाप्त किया। जो अपने जीवन का उत्थान व



पतन दोनों परमात्मा की कृपा मानता है, उसे हर्ष व विषाद नहीं होता। परशुराम- लक्ष्मण संवाद की चर्चा करते हुए कहा - समय सबको तोड़ देता है। श्रीराम की विजय में विनम्रता को देख कर परशुराम जय- जयकार करते हुए वन में तपस्या करने चले गए। मौके पर पूजा समिति के लखपति दुबे, राम सरेख तिवारी, धनंजय मिश्रा, मनु पांडे, योगेन्द्र नाथ तिवारी, शशि पांडेय, सत्यनारायण तिवारी, जयवंश पाण्डेय, शिवपूजन पाण्डेय सहित दर्जनों भक्त उपस्थित थे।

# देवरी में अकली देवी बनी महिला मोर्चा की अध्यक्षा जबकि सुनीता बनी सचिव : सुनीता

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज राष्ट्रीय जनता दल महिला मोर्चा प्रखण्ड कमिटी की बैठक जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा के सुनीता यादव की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय देवरी थाना मोड़ के प्रांगण में हुईल्लजबकि संचालन राजद के जिला उपाध्यक्ष रामकिशुन यादव ने किया बैठक में उपस्थित महिला मोर्चा के सदस्यों ने सर्व सम्मति से अकली देवी को महिला मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष के रूप में मनोनित किया जबकि सचिव के रूप में सुनीता कुमारी को चुना गया।

उपाध्यक्ष कंचन देवी और कोषाध्यक्ष सरस्वती देवी को बनाया गया बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुनीता यादव ने कहा कि देवरी क्रांतिकारियों की धरती है



जहां गरीबों के हक अधिकार और इन्साफ से प्रेरित जुल्म और शोषण के खिलाफ क्रांतिकारी योद्धा जन्म लेते हैं। जहां सामाजिक न्याय की विचारधारा और नारी सम्मान की विरासत को मजबूत करने में गरीबों के मसीहा आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी के विचारधारा को आत्मसात करना होगा सभी महिलाएं अपने हक और सम्मान एवं स्वाभिमान की आवाज संघर्ष के रास्ते पर राजद से जुड़ कर बुलंद करना पड़ेगा बैठक में मुख्य अतिथि बतौर राजद प्रदेश सचिव इनामुल हक ने भी कहा कि जमुआ विधान सभा क्षेत्र सामाजिक न्याय एवं राजद की पुरानी परंपरा है आपलोगों के सहयोग से जमुआ विधान सभा में फिर से लालटेन जलाने की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरे दमखम के साथ पूरा किया जाएगा बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा के सुनीता यादव, प्रदेश सचिव इनामुल हक, राजद नेता दिनेश यादव, जिला उपाध्यक्ष रामकिशुन यादव, प्रखण्ड अध्यक्ष रामकिशुन हाजरा, सचिव मुमताज अंसारी, सुनीता कुमारी, अकली देवी, कंचन देवी, कौशल्या देवी, घोली देवी, मुनिया बीबी, सरस्वती देवी, लखिया देवी, आरती कुमारी, संगीता देवी, पाबिया देवी, सेरूणा खातून, बासमती बीबी, बुधनी बीबी, रुकनी देवी, नूर आलम, महबूब अंसारी, माकून हाजरा, चन्दन हाजरा,कुसमी देवी, मुनेश्वरी देवी सहित दर्जनों से अधिक महिलाएं एवं पुरुष मौजूद थे इसके अलावा कमिटी में 25 सदस्यों वाली कार्यकारिणी कमिटी का गठन किया गया।

# इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन द्वारा नवरात्रि उत्सव का आयोजन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने अपनी चार्टर प्रेजिडेंट रंजना बगेरिया के निवास पर नवरात्रि उत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर सभी सदस्याएँ विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर पहुँचीं, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और भी रंगारंग हो गया कार्यक्रम की शुरूआत भजन-कीर्तन से हुई।

इसके बाद गरबा नृत्य का आयोजन हुआ, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही डांडिया डेकोरेशन प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया सेवा कार्य के अंतर्गत, दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर 50 कन्याओं को टिफिन बॉक्स मिठाई, हेयरबैंड और पोटली देकर सम्मानित किया गया। इस पहल से बच्चियाँ बेहद खुश नजर आईं। साथ ही क्लब की सदस्य किरण जी ने बच्चियों को नारी शक्ति पर प्रेरणादायक संदेश भी दिया। यह वर्ष इनरव्हील एसोसिएशन ऑफ इंडिया के लिए भी विशेष है, क्योंकि साल 2025-26 में



इनरव्हील क्लब्स ऑफ इंडिया अपनी 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। वर्ष 1976 में रक्षा मेहता पहली प्रेसिडेंट बनी थीं। इसी क्रम को ध्यान में रखते हुए गिरिडीह सनशाइन क्लब ने इस नवरात्रि उत्सव को 50 बालिकाओं के साथ मनाकर इस ऐतिहासिक अवसर को और भी खास बना दिया इस मौके पर पीडीसी पूनम सहाय, क्लब की आईपीपी सोनाली तारवे, सुमन गौरीसरिया, अध्यक्ष कविता राजगड़िया, सचिव स्मृति आनंद सहित सदस्याएँ झ तनुजा सहाय, तनुजा भूषण, स्वाति गुप्ता, शबाना रब्बानी, संगीता सिंह एवं अन्य सदस्याएँ उपस्थित रहीं। यह आयोजन जहाँ एक ओर सांस्कृतिक उत्सव का प्रतीक बना, वहीं दूसरी ओर सेवा और नारी शक्ति के संदेश के माध्यम से समाज को यह भी सिखाया कि नवरात्रि का असली आनंद तभी है जब खुशियाँ साझा की जाएँ।

# स्टेशन क्लब में 28 सितंबर को होगा डांडिया बाग सीजन-3

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**■ कोलकाता और रांची से आएंगे नामचीन डीजे, रोशनी-संगीत और रंगों से सराबोर होगा शहर**

**हजारीबाग।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर हजारीबाग शहर का माहौल एक बार फिर संगीत और नृत्य के रंग में रंगने जा रहा है। स्टेशन क्लब में 28 सितंबर को भव्य डांडिया बाग सीजन-3 का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर युवाओं और परिवारों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

आयोजकों ने बताया कि इस बार का आयोजन पिछले दोनों सीजनों से भी अधिक आकर्षक और भव्य होगा। खास बात यह है कि कोलकाता और रांची से नामचीन डीजे आर्टिस्ट इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे, जो गरबा और डांडिया की धुनों पर सभी को थिरकने पर मजबूर करेंगे। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे-धजे लोग जब डांडिया की झंकार पर कदमताल



करेंगे तो पूरा क्लब उत्सव के रंग में सराबोर हो उठेगा। डांडिया बाग अब शहर की नवरात्र परंपरा का खास हिस्सा बन चुका है। आयोजक मंडल ने बताया कि सुरक्षा और व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही प्रतिभागियों को ड्रेस कोड और पारंपरिक परिधानों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। डांडिया नाइट के इस तीसरे सीजन से आयोजकों को उम्मीद है कि भीड़ और उत्साह पिछले दोनों आयोजनों का रिकॉर्ड तोड़ेगा। परिवारों, युवाओं और बच्चों के लिए अलग-अलग आकर्षण और मनोरंजन की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

आयोजन टीम- स्वीटी प्रसाद, राहुल कुमार, बादल राज, कौशिक राज, ओम प्रकाश पासवान, ज्योत्सना देवी, शिवेश कुमार, अभियांश, सोनू, आदर्श, गुलशन, रोहित कुमार, कुंदन, सुदीप्तो, रितेश, राहुल रॉक्स।

# 50 लाख के डकैती कांड का खुलासा गिरोह के सभी सदस्य गिरफ्तार



**नवीन सिन्हा, नबिटा ब्यूरो**

**हजारीबाग।** मुफ़स्सिल थाना क्षेत्र में 50 लाख रुपये की डकैती का पुलिस ने खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल ने 25 सितंबर की रात गुप्त सूचना पर हत्यारी जंगल में छापेमारी कर मुख्य आरोपी समेत गिरोह के सात अपराधियों को धर-दबोचा। पुलिस ने उनके पास से लूटे गए गहनों के अलावा हथियार और दो मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

**घटना** : 13 सितंबर 2025 की रात बामनी गांव निवासी सुमन कुमार मलिक के घर लगभग आठ हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोला था। अपराधियों ने जान से मारने की नीयत से हमला करते हुए गहनों समेत 50 लाख रुपये की डकैती को अंजाम दिया था। मामले में मुफ़स्सिल थाना कांड संख्या 158/25 दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी।

**छापामारी दल** : एसआइटी का नेतृत्व सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद ने किया। इसमें चुरचू थाना प्रभारी विद्यावती ओहद्दार, गिद्दी थाना प्रभारी राणा मानु प्रताप सिंह, मुफ़स्सिल थाना प्रभारी रोशन कुमार बर्नवाल, बड़ा बाजार ओपी प्रभारी पंकज कुमार, एएसआई जितेंद्र भगत, एएसआई सत्यम सहित तकनीकी शाखा एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**गिरफ्तार अपराधी**

रणवीर कुमार सिंह उर्फ छोटू उर्फ जोकर (सिमरिया, हजारीबाग)
राजेश कुमार यादव (चरही, हजारीबाग)
सनी कुमार उर्फ राहुल (मेघनगर, हजारीबाग)
विपिन कुमार सिंह (गुमला / वर्तमान पता रांची)
दिनेश कुमार (नारी, हजारीबाग)
विपुल कुमार सिंह उर्फ सुशील कुमार सिंह (बामनी, हजारीबाग)
सुरेंद्र उरांव उर्फ सोनू उरांव (कटकमसांडी, हजारीबाग)

**बरामदगी** : दो मोटरसाइकिल एक देशी पिस्तौल (7.65 एमएम) 25 चांदी के सिक्के, लूटे गए गहने व आभूषण।

**आपराधिक इतिहास**

गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास बेहद गंभीर रहा है। इनके खिलाफ हत्या, लूट, चोरी, ड्रग्स तस्करी और आर्म्स एक्ट समेत कई मामले दर्ज हैं। इनमें बड़कागांव थाना कांड संख्या 138/17, टाटीझरिया थाना कांड संख्या 49/20, कटकमदाग थाना कांड संख्या 170/21 (पोक्सो एक्ट सहित), सदर थाना कांड संख्या 270/22 और चतरा सदर थाना कांड संख्या 206/17 (हत्या) जैसे कई संगीन मामले शामिल हैं।

**पुलिस का बयान** : पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ जारी है। गिरोह के अन्य नेटवर्क और संभावित सहयोगियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से न केवल 50 लाख की डकैती कांड का पर्दाफाश हुआ है बल्कि एक बड़े आपराधिक गिरोह की कमर भी टूट गई है।

# वाहन चेकिंग के दौरान एंबुलेंस से 40 किलो डोडा बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** नशे के सौदागर अब एंबुलेंस का उपयोग तस्करी के लिए कर रहे हैं। इस बात का खुलासा चौपारण थाना अंतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान हुआ है। जब पुलिस ने एंबुलेंस से लगभग 40 किलो डोडा बरामद किया।

दरअसल नशे के सौदागर अब नए हथकंडे अपनाकर नशीले पदार्थों को एक जगह से दूसरी जगह ले जा रहे हैं। आलम यह है अपराधी अब एंबुलेंस को भी नहीं छोड़ रहे हैं। चौपारण थाना अंतर्गत धनुआ की ओर से आ रही एक एंबुलेंस को चेकिंग के दौरान रोका गया। तो उसमें से भारी मात्रा में डोडा मिला।

दरअसल हजारीबाग पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चौपारण थाना अंतर्गत दनुआ से बिहार की ओर से एंबुलेंस से डोडा की तस्करी हो रही है। सूचना पर चौपारण थाना अंतर्गत चोरदाह चेक नाका में वाहनों की जांच शुरू की गई। चोरदाह चेक नाका में वाहन की जांच के दौरान दनुवा की तरफ से एक एंबुलेंस चेक नाका पहुंचने से पहले ही चालक, एंबुलेंस को छोड़कर भाग गया।



जब गाड़ी की तलाशी ली की गई तो उसमें डोडा पाया गया। इसका वजन लगभग 40 किलो है। वही पुलिस एंबुलेंस चालक और इस पूरे घटना में शामिल उन लोगों के खिलाफ पुलिस छापेमारी कर रही है।

एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि नशे के खिलाफ पूरे हजारीबाग जिले में कार्रवाई की जा रही है। जो भी व्यक्ति नशे का कारोबार करेगा तो उसके सख्त खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उसी क्रम में यह सफलता पुलिस को मिली है।

## 25 से 29 सितंबर तक झारखंड में गरज के साथ वर्षा-वज्रपात की चेतावनी

**रांची/नबिटा ब्यूरो।** झारखंड में 25 से 29 सितंबर तक वर्षा और वज्रपात होने की संभावना है। कहीं-कहीं गरज के साथ आंधी भी चलेगी। मौसम विभाग ने इस संबंध में येलो अलर्ट जारी कर दिया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के रांची स्थित मौसम केंद्र ने कहा है कि 25 सितंबर से 29 सितंबर तक कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवाओं के झोंके के साथ वज्रपात होने की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर रह सकती है। मौसम विभाग ने बताया है कि 25 सितंबर को कुछ जगहों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। वहीं, 26 और 27 सितंबर को अनेक स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की प्रबल संभावना है।

# अखाड़ा ने गांव के युवाओं को दिखाई दिशा, बच्चे सुबह उठते ही पहुंच जाते अखाड़ा

**डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार में कई ऐसे गांव हैं, जिसकी चर्चा अनोखी वजह से होती आ रही है। कहीं इंजीनियरिंग का प्रभाव है, तो कहीं फौजियों की बहुसंख्या, लेकिन इन सबसे भिन्न एक ऐसे गांव की चर्चा भी है जिसकी पहचान पहलवानी और अखाड़े के नकारण हो रही है। इस गांव के लोगों में कुश्ती खेल और पहलवानी बच्चे बच्चे के रग-रग में बसा हुआ है। सूर्योदय होते ही यहां के लोग अखाड़े में उतर जाते हैं और फिर शुरू होती है पहलवानी के नित्य नए प्रयोग और कुश्ती के दांव- पेंच का रोमांच यहां लोगों को अखाड़े में बर्बस खींच लाता है। जहानाबाद जिले के घोसी प्रखंड अंतर्गत त्रिलोकी बिगहा गांव की। इस छोटे से गांव में पहलवानी और कुश्ती के कारण 10 लोग सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुके हैं। त्रिलोकी बिगहा गांव, जो जिला मुख्यालय से 20 किमी की दूरी पर बसा हुआ है। बगल से भुतही नदी गुजरती है, जिसकी मिट्टी में पहलवानी की भावना बहती है।बताया जाता है कि यहां संकड़ों वर्षों से बहुत पहलवानी होते आ रही है लेकिन अब जाकर यहां के युवाओं को इस विद्या से जीवकोपार्जन की प्राप्ति भी सरकारी नौकरी के रूप में होने लगी है। इस गांव के ही पहलवानी से सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुके विजय कुमार ने बताया कि हम भी पहलवानी कर चुके हैं। इसी पहलवानी के चलते हमें सचिवालय में नौकरी भी मिली हुई है। यहां हमारे पुरखों से ही पहलवानी होते आ रही है। उन्होंने बताया कि अब तो थोड़ी दीवानगी कम हुई है, लेकिन पहले हर घर के लोग अखाड़े में उतरते थे। इस गांव के पहलवान अलग अलग राज्यों में जाकर बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

**अखाड़ा बनाने की मांग**

पहलवानी की तैयारी करते एक युवा ने कहा कि "हमारा गांव सात्विक तो है ही, साथ ही पहलवानों से भरा हुआ है। उसने बताया कि यहां से कई लोग राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। यही कारण है कि हम भी इस खेल विद्या में लालसा रखते हैं। उसने जिला प्रशासन और सरकार से अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार से यहां के युवा मेहनत करते हैं उस हिसाब से सरकार से भी उम्मीद है कि हमारे लिए एक बेहतर अखाड़ा बना दिया जाए ताकि हमलोग को तैयारी करने में दिक्कत न हो। अभी हमलोग खुद ही अखाड़ा तैयार कर कुश्ती और पहलवानी का अभ्यास करते हैं।"

**अब तक इन 10 लोगों ने प्राप्त की नौकरी**

राज्य स्तर पर पहलवानी कर चुके युवाओं के प्रशिक्षक स्थानीय ग्रामीण लालू कुमार ने बताया कि जिस प्रकार से हमारे गांव के लोगों ने पहलवानी में दम खम दिखाया है, उस हिसाब से उनको नौकरी भी प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि यहां से 10 लोग इस अखाड़े के कारण सरकारी नौकरी में हैं। उन्होंने बताया कि 1985 से यहां अखाड़ा का आयोजन भी होता आ रहा है।

# 301 कुंवारी कन्याओं ने सामूहिक रूप से अखंड रामायण का किया पाठ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के चुटिया स्थित राम मंदिर में इस समय शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर भव्य आयोजन जारी है। हिदू परंपरा के तहत लगातार नौ दिनों तक 301 कुंवारी कन्याएं सामूहिक रूप से अखंड रामायण पाठ कर रही हैं। इस विशेष आयोजन ने श्रद्धालुओं को गहरी धार्मिक अनुभूति दी है और मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।



**1686 में हुई थी मंदिर की स्थापना**

राम मंदिर की स्थापना 1686 में नागवंशी राजा राघुनाथ शाहदेव ने की थी। लगभग 300 साल पुराने इस मंदिर को रांची के सबसे प्रमुख धार्मिक स्थलों में गिना जाता है। ऐसी मान्यता है कि चैतन्य महाप्रभु भी यहां ठहरे थे। मंदिर परिसर में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ-साथ राधा-कृष्ण की प्राचीन मूर्तियां भी विराजमान हैं।

महंत गोकुल दास ने बताया कि नवरात्र में यहां हर साल विशेष धार्मिक अनुष्ठान होते हैं, जिनमें सबसे खास परंपरा है, कन्याओं द्वारा अखंड रामायण पाठ। 1970 से यह परंपरा निरंतर निभाई जा रही है। इस बार भी 301 कन्याओं ने दिन-रात रामायण पाठ का संकल्प लिया है। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि समाज को जोड़ने वाला पर्व है। कन्याओं द्वारा रामायण पाठ मंदिर की गरिमा और आध्यात्मिकता को और गहरा करता है। श्रद्धालुओं की संख्या हर साल बढ़ रही है और इस बार भी हजारों लोग प्रतिदिन दर्शन और पाठ सुनने पहुंच रहे हैं। दशहरे के अवसर पर मंदिर परिसर में सांकेतिक रूप से रावण वध की परंपरा निभाई जाएगी।

अभी नवरात्र पूजन विधि से मां दुर्गा की आराधना चल रही है और महानवमी के दिन कन्या पूजन के साथ आयोजन का समापन होगा। इस मौके पर कन्याओं को विशेष भोग अर्पित करने और प्रसाद वितरण की तैयारी की जा रही है। रामायण पाठ कर रही एक कन्या ने बताया कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हमें यहां रामायण पाठ करने का अवसर मिला है। इस पाठ से न केवल धार्मिक ज्ञान मिलता है बल्कि आत्मिक शांति भी प्राप्त होती है। पाठ करते हुए ऐसा लगता है मानो हम खुद भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को जी रहे हों। मंदिर परिसर में इन दिनों मेले जैसा माहौल बना हुआ है। दूर-दराज से श्रद्धालु लगातार पहुंच रहे हैं और कन्याओं के रामायण पाठ में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में चित्रकला कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जहानाबाद में एकदिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य रविंद्र राम ने दीप प्रज्वलित करके किया। इसमें पहली कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता किया। बताया गया कि यह एकदिवसीय चित्रकला कार्यशाला "विकसित भारत" की थीम पर आधारित था और इसे सेवा पर्व के रूप में भी मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के तरफ से बच्चों को चित्रकला से सम्बंधित सभी सामग्री उपलब्ध कराई गयी जिसके माध्यम से छात्रों ने विकसित भारत के संबंध में अपनी रचनात्मकता को चित्रकला के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस अवसर पर सीसीए समन्वयक सह स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के शिक्षक अखिलेश कुमार गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में आपके चित्रकला की रचनात्मकता यह दर्शाता है युवा अपने सामनों के विकसित भारत को किस रूप में देखते हैं। कार्यशाला के दौरान प्राचार्य ने छात्रों के द्वारा बनाये गये पेंटिंग्स को देखा एवं उन्हें ऐसे अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला का संचालन कला शिक्षक श्री कुमार राघवेन्द्र ने किया। कार्यशाला के दौरान विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका डॉ प्रज्ञा कुमारी एवं अन्य शिक्षक भी उपस्तिथ रहे। कार्यशाला में प्रतिभागिता करने के दौरान विद्यार्थी काफी उत्साहित नजर आए।




## नशे में हंगामा कर रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान शराब के नशे में हंगामा कर रहे युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान जाखिम पड़रिया निवासी पवन प्रजापति के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि पुलिस गश्ती दल को सूचना मिली कि जाखिम क्षेत्र में एक युवक नशे की हालत में उपद्रव मचा रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे युवक को हिरासत में लेकर थाने लाई। उन्होंने बताया कि चिकित्सीय जांच के दौरान युवक के अल्कोहल सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद आरोपी को विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# ओबरा का कालीन उद्योग वर्षों से है बंद, आर्थिक तंगी से जूझ रहा कालीन उद्योग

**रंजन कुमार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा प्रखंड के महफिल-ए-कालिन उद्योग इन दिनों आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। उद्योग वर्षो से बंद पड़ा है। बता दें कि एक समय ऐसा था कि ओबरा की कालीन यूपी के भदोही तक जाती थी। भदोही की तरह ओबरा का कालीन भी विख्यात थी। जहां पर कालीन उद्योग के साथ-साथ गांवों में भी कारीगर कालीन तैयार कर अपना जीविकोपार्जन करते थे। कल तक जहां इन उद्योगों को दूर-दूर तक ख्याति प्राप्त थी। इसके साथ ही इसमें जुड़े लोग आर्थिक रूप से खुशहाल थे पर आज उद्योग अंतिम सांसें गिन रही है। ओबरा का कालीन उद्योग पूर्णतः बंद हो गई है। बता दें कि यह कालीन उद्योग भारत नहीं बल्कि विदेशों में ही विख्यात रहा है। यहां के कुछ बुनकरों को ऊंच कोटि के कालीन बुनाई देती है। बता दें कि मो. मोखतार के द्वारा स्व. अहमद अली को 1972 में राष्ट्रपति के द्वारा पुरुस्कार से नमाजे गए थे। आज कालीन के दौरा पं. जवाहर लाल नेहरू की खूबसूरती देख ओबरा की कालीन चार चांद लगा गए थे। बुनकरों को विकसित करने हेतू 1974 में ओबरा महफील कालीन सेंटर में कार्य प्रारंभ कार्य गई थी। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 29 नवंबर 2012 को ओबरा महफील कालीन कालीन केंद्र में पहुंचे थे। उन्होंने महफील कालीन केंद्र के प्रबंधक राज नंदन प्रसाद से जानकारी प्राप्त की। जानकारी के बाद मुख्यमंत्री के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि इस संस्था को फाउंडेरेशन बनाकर जो गरीब बुनकर है उन्हें बैंक द्वारा जीविकोपार्जन हेतु उनसे कार्य करवाया जाए एवं उनका उत्पादक को ले क्रय करने ताकि बुनकरों को रोजी रोटी मिल सके। वहीं 10 जुलाई 2020 को गोपनीय प्रभारी अमित कुमार एवं कुशल कार्यक्रम जिला पदाधिकारी पहुंचे थे। उनके द्वारा भी प्रबंधक को आश्वासन दिया गया परंतु अबतक उद्योग को चालू नहीं कराया गया। गरीब बुनकर रोजी रोटी हेतू अन्य प्रदेश में काम करने जाने को मजबूर हैं। फिलहाल यह उद्योग उदासीनता के कारण दम तोड़ने की स्थिति में पहुंच गई है।



# मगध की धरती पर मां सतबहिनी मंदिर बना आस्था का केंद्र

**रंजन सिंह/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मगध की धरती वेदकालीन आध्यात्म का केंद्र रहा है। पालनकर्ता विष्णु के चरण जहां पड़े वहीं राजगृह में कृष्ण आए। देखा जाए तो अथर्ववेद काल से लेकर मौर्य साम्राज्य की स्थापना तक मगध भारतीय इतिहास का आध्यात्म वाणज्यि, का प्रमुख केंद्र रहा है। वहीं औरंगाबाद जिला भी मगध का अंग रहा है। जिले में देव सूर्य मंदिर अपनी प्राचीनता के लिए विश्व में जाना जाता है। इसके अलावा देवकुंड, उमगा सूर्य मंदिर का प्राचीन इतिहास रहा है। आधुनकि युग में भी जिले में कई मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का कें द्र है। अंबा स्थित औरंगाबाद-हरिहरगंज पथ के किनारे मां सतबहिनी मंदिर है। मंदिर राज्य के श्रद्धालुओं का आस्था का केंद्र है। नवीनगर का गजनाधाम, कुटुंबा का महुआधाम में आधुनियक युग का चर्चित है। मंदिर में प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं पर अंबा स्थित मां सतबहिनी मंदिर पर आद्रा नक्षत्र में 15 दिवसीय भव्य मेला लगा हुआ है। मेले में दूर से श्रद्धालु आकर मां सतबहिनी की पूजा करते हैं। पूजा करने को लेकर यहां भीड़ लगी रहती है। वहीं सर्वप्रथम मंदिर के स्वरूप को जानें तो सात बहन एवं भैरो बाबा के छपड की स्थापना वेदी पर है। ठीक उसके ऊपर मां की चांदी धातु से प्रतीकात्मक स्वरूप बना है। पूर्व में यहां जिस बरगद के नीचे मां की वेदी थी उसे भी दक्षिण भारतीय वास्तुकारों ने प्रकृति के रूप में उकेरा है। दूसरे तल पर देवी देवताओं की मूर्तियां जयपुर से मंगाकर लगाई गई है जो अत्यंत सुंदर है। मंदिर का निर्माण में वास्तुकारों ने नागर एवं द्रवड़ि शैली के मश्रिण के साथ किया है। गुंबद में नागर शैली का प्रतीकात्मक स्वरूप को स्थान दिया गया है। वास्तुकारों ने आधार भाग को वर्गाकार बनाया है। मंदिर नवीनतम स्थापत्य कला का अनूठा उदाहरण है। बता दें कि औरंगाबाद कृषि पर आधारित जिला है। यहां के किसान आद्रा नक्षत्र में मुख्य फसल धान का बिचड़ा डालते हैं। धान का फसल यहां के किसानों की आर्थिक शक्ति है। किसानों के लिए आद्रा शुभकारी माना जाता है। इस नक्षत्र में किसान का परिवार मां सतबहिनी से जहां फसल की अच्छी उपज की कामना करते हैं वहीं धन धन्य से सुखी बनाने हेतु मां की वेदी पर चुनरी चढ़ाते हैं। नारियल की बलि देकर देवी की बलि प्रथा का पालन किया जाता है। प्रारंभिक काल में यहां मेला का छोटा रूप दिखता था। ८० के दशक के बाद यहां चिड़ियाघर, सर्कस, जादूघर, मीना बाजार व खेल तमाशे वालों ने आना प्रारंभ किया गया।



## दानापुर छावनी परिषद ने मनाया स्वच्छोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर।** "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम के तहत गुरुवार को दानापुर छावनी परिषद ने स्वच्छोत्सव का आयोजन किया। इस दौरान परिषद कर्मियों और नारी गुंजन की छात्राओं ने नगर के विभिन्न इलाकों में सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। परिषद के मुख्य अधिशासी पदाधिकारी सपन कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार "एक घंटा, एक दिन, एक साथ" अभियान के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। पद्मश्री सुधा वर्गीज की अध्यक्षता में उनकी छात्राओं ने पेठिया बाजार, सोनारी मंदिर और चुड़ी बाजार में व्यापक सफाई अभियान चलाया।

# गोह चौक पर जाम और आगजनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के पुनदौल मंदिर के समीप बुधवार की शाम पिकअप वाहन की टक्कर से बुलेट सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने गोह चौक पर गुरुवार की आधी रात तक जमकर बवाल किया। इस दौरान मुख्य सड़क पर आगजनी कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई, जिससे गोह-गयाजी मुख्य पथ करीब 12:30 बजे रात तक जाम रहा।

सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुँची और काफी मशक्कत के बाद हालात पर काबू पाया गया। हालांकि, भीड़ में शामिल असामाजिक तत्वों ने उपद्रव करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और उत्पात मचाया। इसी दौरान बेला मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार का वाहन भी उपद्रवियों ने रोक लिया। उनका मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया और वाहन के शीशे क्षतिग्रस्त कर दिए गए। इस संबंध में प्रधानाध्यापक ने स्थानीय थाने में मोबाइल गुम होने की सनहा दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार मृतकों में दुलारचक गांव निवासी नकलेश कुमार का 25 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार और दुमरथु गांव निवासी स्व. महेंद्र साव का 28 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार शामिल हैं। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। गुरुवार को जैसे ही दोनों का शव उनके गांव पहुँचा, पूरे इलाके में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल मृतकों के परिजनों द्वारा कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थिति पर पूरी नजर रखी जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# हसपुरा में बिजली बिल सुधार को लेकर कैम्प का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** प्रखंड परिसर में बुधवार को बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बिजली बिल सुधार एवं अन्य तकनीकी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। कैम्प में उपस्थित विद्युत एसडीओ अजीत कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट बिजली निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। यह लाभ स्वतः सभी पात्र उपभोक्ताओं को मिलेगा। कैम्प के दौरान पुरहारा निवासी श्याम बाबू, खुटहन की फुलवंती देवी, बघोई की लालपड़ी देवी, सलेमपुर के रामबचन पासवान सहित कई लोगों ने बिजली बिल सुधार से संबंधित आवेदन दिया। वहीं किसुनपुर के जयराम सिंह ने डबल कनेक्शन की समस्या, जबकि मिलत कॉलोनी, हसपुरा की अंजुम आरा ने पोल शिफ्टिंग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। एसडीओ ने आश्वस्त किया कि सभी आवेदनों की जांच कर शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए समय-समय पर ऐसे कैम्प आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि बिजली बिल की गड़बड़ियों सहित अन्य समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।



# मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी हसपुरा दक्षिणी मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बिनोद कुमार शर्मा ने की। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को हुआ था। वे एकात्मक मानववाद के प्रणेता, अंत्योदय के प्रेरणा स्रोत और जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे। उनके विचार आज भी भारतीय राजनीति में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। इसी प्रेरणा से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ता-आधारित पार्टी के रूप में स्थापित हुई है।

जयंती समारोह के अवसर पर विभिन्न पंचायतों के कार्यकर्ता और बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। धुसरी पंचायत के ग्राम तिलोती के बूथ संख्या 129 और 130 से बूथ अध्यक्ष धीरज शर्मा, ललित नारायण, रणधीर शर्मा, दीपक कुमार, देवनारायण साव और जय नंद मिस्त्री शामिल हुए। जैतपुर पंचायत के ग्राम जैतपुर से बूथ अध्यक्ष अमित कुमार, कमलेश शर्मा और संतोष कुमार मौजूद रहे। ग्राम महुआड के बूथ संख्या 74 और 75 से बूथ अध्यक्ष सूर्यकांत मिश्रा और धनंजय शर्मा ने भाग लिया। कोईलवा पंचायत के बूथ संख्या 114, 115 और 116 से बूथ अध्यक्ष दिलीप शर्मा, मनोज शर्मा, नवीन शर्मा, रंजन चंद्रवंशी, सतीश पटेल और सत्येंद्र शर्मा उपस्थित हुए। वहीं सोनहथु पंचायत से धीरज शर्मा, सतीश सिंह, मुकेश शर्मा, संतोष कुमार, हरेंद्र पटेल, शतीश पटेल, सुशीला देवी और संजू देवी ने भागीदारी की। इस अवसर पर वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।



# स्वच्छोत्सव पर सतबहिनी मंदिर परिसर की सफाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** सेवा पखवाड़ा एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत गुरुवार को अंबा में स्वच्छोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान माता सतबहिनी मंदिर परिसर एवं पंचायत भवन अंबा के आस-पास स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें स्वच्छता कर्मी, भाजपा कार्यकर्ता और आमजन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार की दृष्टिकोण के अनुरूप देश को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 2 अक्टूबर 2025 को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में संपन्न होगा। मौके पर उपस्थित स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, जिसमें लोगों ने स्वच्छता और साफ सफाई के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता दोहराई। इस अभियान में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार स्वच्छता पर्यवेक्षक सलोनी कुमारी, विजय मेहता दिलीप कुमार शिव कुमार अर्जुन भुईयां, अशोक भुईयां, सुनील कुमार करण कुमार आदि लोग शामिल हुए।

# तीन करोड़ की हेरोइन के साथ चार धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा** । भोजपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार हेरोइन तस्करों को तीन किलो हेरोइन समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा जब्त हेरोइन का सरकारी मूल्य लगभग तीन करोड़ रुपये है।

सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि भोजपुर पुलिस कप्तान को जिले में भारी मात्रा में नशीले पदार्थों के आने की गुप्त सूचना मिली थी।

जिसके बाद कई थाना क्षेत्र में एसएच, एनएच एवं अन्य रास्तों पर निगरानी बढ़ा दी गई एवं वाहनों की जांच पड़ताल शुरू की गई।

इसी क्रम में गुरुवार की सुबह सुबह गीधा थाना क्षेत्र के गीधा ओवरब्रिज के पास एक कार कायमनगर की ओर से आकर तेजी से अंडरपास की ओर बढ़ी ही थी कि गश्त और निगरानी कर रही गीधा पुलिस ने उस कार की संदिग्ध देख उसे रुकने का इशारा किया, तो वे भागने लगे। जिसे पुलिस ने चारो तरफ से घेर लिया।

कार की तलाशी ली गयी तो उसमें चार युवक सवार मिले, जिन्होंने पुलिस के सवालों का उचित जवाब नहीं दिया। गीधा पुलिस ने जब थानाध्यक्ष टिंकू कुमार के नेतृत्व में कार की जांच पड़ताल में तीन किलोग्राम हेरोइन समेत अन्य कई चीजें पाई गई। कार में सवार चारों युवकों को धर दबोचा गया। पकड़े गए चारों युवक भोजपुर जिले के ही हैं ।पकड़े गए चारों तस्कर में चालक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैया बलुआ निवासी लक्ष्मण लाल का पुत्र विशाल कुमार, उदवंतनगर के छोटकी सासाराम निवासी राजकुमार राम के पुत्र अरुण कुमार, शाहपुर थाना क्षेत्र के रानीसागर निवासी और वर्तमान में आरा के मौलाबाग में रह रहे अजय कुमार पंडित के पुत्र अभिषेक पंडित और बबुरा थाना क्षेत्र के देवरिया निवासी मिथिलेश्वर सिंह का पुत्र राहुल सिंह शामिल हैं।

# श्रद्धा व उत्साह के साथ मनी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती

**नबिटा टीम**

**एकमा (सारण)/शिवाजीनगर।** गुरुवार को एकमा विधानसभा क्षेत्र के सभी पांच मंडलों में भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक व संगठनकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाई। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

एकमा नगर पंचायत में ब्लॉक रोड स्थित त्रिदेव मंदिर परिसर में नमो वन अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए दर्जनों पौधे लगाए और संकल्प लिया कि वे उन्हें संरक्षित भी करेंगे। वहीं भरहोपुर गांव में नगर मंडल भाजपा की ओर से जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसी कड़ी में मांझी पश्चिमी मंडल के अंतर्गत रिद्धि सिद्धि सेंट्रल स्कूल,



नचाप के सभाकक्ष में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल संयोजक विजय देशबंधु पांडेउ उर्फ दही बाबा ने की। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन और उनके एकात्म मानववाद के विचारों पर प्रकाश डाला।

समारोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्र नाथ सिंह, भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मुकेश कुमार सिंह, एकमा विधानसभा क्षेत्र के संयोजक बलवंत कुमार सिंह, विस्तारक टीकाराम गोंड, जितेंद्र मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विभूति नारायण तिवारी, विक्की सावन, वीरेश सिंह, अभय मिश्रा, वीरेश कुमार मिश्रा, संजय सिंह, मनीष सिंह, संजय तिवारी, रविन्द्र तिवारी सहित अनेक भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया और कहा कि उनके विचार आज भी समाज व राष्ट्र निर्माण में प्रेरणास्रोत हैं।

उधर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की



जयंती पर लहलादपुर मंडल के वनपुरा पंचायत के ताजपुर बिहारी मोड़ पर भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

**शिवाजीनगर** से संवाददाता के अनुसार भाजपा शिवाजीनगर पश्चिम मंडल की ओर से पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार बबली की अध्यक्षता में उनके आवास पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। कार्यकताओं ने उनके एकात्म मानववाद के विचारों को स्मरण करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर रोसड़ा विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक नवीन कुमार सिंह, मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष रमाकांत सिंह, तथा युवा मोर्चा महामंत्री दिनेश कुमार उर्फ गोलू विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय का जीवन सादगी, राष्ट्र सेवा और वैचारिक दृढ़ता का अनुपम उदाहरण है मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार बबली ने कहा कि पंडित उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को एकात्म मानववाद की नई दिशा दी। उनके विचार भाजपा के लिए हमेशा मार्गदर्शक सिद्धांत बने रहेंगे। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि पंडित जी की सोच और आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए संगठित होकर कार्य करें वक्ताओं ने कहा कि पंडित उपाध्याय का सपना था कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचे। उनका आदर्श अंत्योदय ही भाजपा की मूल विचारधारा का आधार है अंत में कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि वे पंडित दीन दयाल उपाध्याय के विचारों को प्रचारित-प्रसारित करने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# कार्यकर्ता सम्मेलन में चली कुर्सियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** विधानसभा क्षेत्र के जारंग हाईस्कूल परिसर में गुरुवार को आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में जमकर हंगामा हुआ। जेडीयू और लोजपा (रामविलास) समर्थक आमने-सामने आ गए। धक्का-मुक्की हाथापाई के अलावा जमकर कुर्सियां भी चलीं।

मंच पर नेता तो नीचे दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में भिड़ंत हो गई। जेडीयू से पूर्व विधायक महेश्वर प्रसाद यादव के पुत्र प्रभात किरण और लोजपा की पूर्व प्रत्याशी तथा एमएलसी दिनेश सिंह व सांसद वीणा देवी की पुत्री कोमल सिंह के समर्थकों के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही है।

सम्मेलन के दौरान दोनों गुटों में नारेबाजी शुरू हुई। जो देखते ही

## धक्का मुक्की और हाथापाई भी

देखते मारपीट में बदल गई। इसी बीच मंच पर प्रभात किरण और कोमल सिंह के बीच भी तीखी बहस हो गई। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने मंच पर रखी टेबल पलट दी और कुर्सियां तोड़ दीं।

घटना के समय मंच पर जदयू विधान पार्षद दिनेश सिंह, लोजपा सांसद वीणा देवी, जदयू के पूर्व मंत्री श्याम रजक, पूर्व विधायक महेश्वर प्रसाद यादव और भाजपा नेता अशोक सिंह मौजूद थे। हालांकि वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी के बावजूद कार्यकताओं का आक्रोश शांत नहीं हुआ।

तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल सक्रिय हो गया और नेताओं की सुरक्षा में तैनात हो गया। बावजूद इसके सम्मेलन स्थल के बाहर भी दोनों गुटों में टकराव चलता रहा। समर्थक लगातार टिकट की घोषणा की मांग करते रहे।

गौरतलब है कि गायघाट सीट लंबे समय से एनडीए का गढ़ रही है। महेश्वर प्रसाद यादव निर्दलीय और राजद से कई बार विधायक रह चुके हैं। अब उनके पुत्र प्रभात किरण मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं, जबकि कोमल सिंह भी अपनी दावेदारी दोहराने में जुटी हैं। इस विवाद ने स्पष्ट कर दिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए के लिए सीट बंटवारे को लेकर बड़ी चुनौती खड़ी होने वाली है।

# ड्रोन से ग्रामीणों में दहशत का आलम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** थाना क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण ड्रोन कैमरे से खासे परेशान चल रहे हैं। रात में ग्रामीणों को जागना पड़ रहा है। यह स्थिति विशेषकर थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर स्थित गांवों में देखने को मिल रही है।

रात के नौ बजे के बाद बॉर्डर की ओर से ड्रोन का प्रवेश होता है। लोग उसके पीछे दौड़ पड़ते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि चोर पहले ड्रोन के जरिये घर की गतिविधि को देखते हैं और उसके बाद चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।

यह स्थिति विगत 15 दिनों से बनी हुई है। करमा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पंकज यादव ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल को पत्र देकर जांच कराने की मांग की है।

बुधवार की रात अचानक योगियाटील्हा और बुढ़ीखाड़ गांव के ऊपर ड्रोन दिखाई दिया। गांव के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। एएसआई मुकेश कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और ड्रोन को उड़ते देखा, लेकिन ड्रोन उड़ाने वाले का कोई पता नहीं चल पाया।

इससे पूरे गांव के लोगों में भय व्याप्त है। मुखिया प्रतिनिधि पंकज यादव, इंद्रदेव यादव, संजय यादव, नारायण मांझी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि पिछले 15 दिनों से इस इलाके में ड्रोन आ रहा है।

बगल के थाने में ऐसे ही मामलों में कई चोर पकड़े गए थे। उक्त घटना के बाद गांव के लोगों का भय और बढ़ गया है। योगियाटील्हा, बुढ़ीखाड़, चिरैयाटांड, लालबेरो सहित बार्डर पर स्थित अन्य गांवों के लोग रात में जागकर गांव की सुरक्षा कर रहे हैं।

बुधवार की रात पुलिस और ग्रामीणों ने ड्रोन उड़ाने वाले की खोज के लिए घंटों मशक्कत की, परंतु कोई सफलता नहीं मिली। एएसआइ ने इस मामले की जानकारी वरीय पदाधिकारी को देने की बात कही।

# दक्षिण बिहार केंद्रीय विवि को आरएसएस का अखाड़ा बनाने से बचाने की गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** बिहार सहित देश के अन्य राज्यों में पूर्व की डॉ मनमोहन सिंह की सरकार ने सन 2009 में केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत देशभर में 16 केंद्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना की थी, जिसमें बिहार को दो केंद्रीय विश्वविद्यालय एक गया जिला में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा दूसरा मोतिहारी में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय वर्षों से संचालित हैं।

बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता सह बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय संघर्ष समिति के संयोजक विजय कुमार मिट्ठू, सह संयोजक पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, बाल्मीकि प्रसाद, प्रो मुद्रिका सिंह नायक, बृज मोहन शर्मा, श्रीकांत शर्मा, रेखा देवी, जागरुप यादव, रामचंद पासवान, मोहन सिंह, राम प्रमोद सिंह, चंद्रदेव पासवान, प्रमोद शर्मा, नाथून पासवान आदि ने कहा कि ए ++ मान्यता प्राप्त, देश के नव निर्मित केंद्रीय विश्वविद्यालय में सबसे आगे दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्थानीय पदाधिकारी केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच अपना टी आर पी बढ़ाने हेतु लगातार गैर संवैधानिक संस्था आर एस एस का अखाड़ा बनाने को आतुर हैं।

नेताओ ने कहा कि दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शिव शाखा द्वारा विजयादशमी पर्व के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का केंद्रीय विश्वविद्यालय में कराना गैर संवैधानिक है, जिसे बंद कराने की आवश्यकता है, इस अवसर पर राष्ट्रीय झंडा के बजाय आरएसएस का भगवा फहरा कर आखिर इस उच्च शिक्षण संस्थान से क्या संदेश देना चाहते हैं।

नेताओ ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार नई शिक्षा नीति लाकर शिक्षा का व्यवसायीकरण तथा भगवाकरण करने को उतारू है, जिसके खिलाफ कॉंग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। पहले दस साल उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई के अनुभव वाले को ही केंद्रीय विश्वविद्यालय का कुलपति बनाया जाता था, जिसे संशोधित कर इसकी अनिवार्यता समाप्त कर बड़े- बड़े व्यवसायियों तरह आरएसएस के लोगों को कुलपति बना कर पूरी शिक्षा पद्धति के साथ खिलवाड़ करने को उतारू है।

नेताओं ने दक्षिण बिहार केंद्रीय विवि के कुलाधिपति, कुलपति, कुल सचिव सहित सभी पदाधिकारियों से वर्षों से उत्तर बिहार के मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी केंद्रीय विवि के तर्ज पर दक्षिण बिहार केंद्रीय विवि का नामकरण विष्णु- बुद्ध केंद्रित विवि करने तथा इसके वृहद परिसर में केंद्रीय विद्यालय तथा राष्ट्रीय स्तर का मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की मांग की है। इस बेहतर प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय को भाजपा आरएसएस का अड्डा बनाने की बजाय इसे गैर राजनीतिक, गैर साम्प्रदायिक संस्था के उच्च स्तरीय शिक्षा, सेमिनार, रिसर्च, सभी देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों, महान शिक्षावीदो, वैज्ञानिको आदि के नाम पर विभिन्न भवनों का नामाकरण आदि कराने की मांग दोहराई है।

# ओवैसी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

## राजद-भाजपा पर साधा निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी गुरुवार को सीमांचल न्याय यात्रा के तहत जिले के जोकीहाट पहुंचे। यहां उन्होंने रानी चौक, भेभरा चौक और तारन पुल के समीप भव्य रोड शो व नुक्कड़ सभाएं कीं। जगह-जगह कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

किशनगंज से शुरू हुई चार दिवसीय न्याय यात्रा में बड़ी संख्या में वाहनों का काफिला ओवैसी के साथ चल रहे थे। सड़क पर युवाओं और बुजुर्गों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए ओवैसी ने कहा कि सीमांचल के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार हुआ है। अब समय आ गया है कि इतिहास को दोहराकर न्याय और विकास का नया अध्याय लिखा जाए।

अपने संबोधन में ओवैसी ने महागठबंधन खासकर राजद पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल इमान ने लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव को दो बार पत्र लिखकर एआईएमआईएम को महागठबंधन में शामिल करने की अपील की, ताकि भाजपा को सत्ता से बाहर किया जा सके।

लेकिन, राजद ने न सिर्फ खत का जवाब देने से इंकार किया बल्कि एआईएमआईएम के चार विधायकों को तोड़कर हमें कमजोर करने की साजिश रची। ओवैसी ने कहा हम महागठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ने को तैयार हैं, लेकिन लालू-तेजस्वी नहीं चाहते कि सीमांचल के लोगों को उनका हक मिले।

जोकीहाट एनएच-327ई पर ओवैसी का काफिला पहुंचते ही करीब एक घंटे तक लंबा जाम लग गया। भारी वाहनों की कतारें दोनों तरफ खड़ी रहीं, लेकिन भीड़ के उत्साह ने जाम को भी चुनावी रंग दे दिया। पहला नुक्कड़ सभा रानी



चौक पर, दूसरा भेभरा चौक पर और तीसरा तारन पुल के पास आयोजित हुआ। पूरे कार्यक्रम में कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

2020 के चुनाव में एआईएमआईएम ने सीमांचल की 5 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार पार्टी पूरे सीमांचल को टारगेट कर रही है। खासतौर पर युवाओं और महिलाओं के बीच पकड़ मजबूत करने के लिए लगातार रोड शो और नुक्कड़ सभाएं आयोजित की जा रही हैं।

ओवैसी के साथ मंच पर प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल इमान,वारिस पठान ,राणा रंजीत,अब्दुल्ला सालिम चतुवेर्दी, जिला अध्यक्ष सह भावी प्रत्याशी मुर्शिद आलम, माजिद हुसैन समेत कई नेता मौजूद रहे ।ओवैसी के आगमन से जोकीहाट ही नहीं, पूरे सीमांचल की राजनीति में हलचल मच गई है।

# फल्गु में रील बनाने के दौरान सात बच्चे डूबे

## गोताखोरों ने बचायी जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गयाजी जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत फल्गु नदी के केनी घाट पर गुरुवार को नहाने के दौरान मोबाइल से रील बनाते समय सात किशोर गहरे पानी में डूब गए। सभी बच्चे बेलागंज थाना क्षेत्र के वाजिदपुर स्थित छोटी मस्जिद मोहल्ले के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो 12 की संख्या में बाजार जाने के बहाने घर से निकले थे।

नदी में स्नान करते समय ये सभी रील बनाने में व्यस्त थे कि अचानक एक गहरे गड्ढे में फिसलकर सात बच्चे पानी में डूबने लगे। उनमें से पांच बच्चे किसी तरह तैरकर बाहर निकल आए, जबकि दो बच्चों को पास ही मौजूद स्थानीय रंजय माझी ने बहादुरी दिखाते हुए बचा लिया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए।

थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, अंचलाधिकारी चंदन कुमार, एसडीपीओ सुरेन्द्र प्रसाद सिंह व एसडीएम केशव आनंद मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए श्रीपुर से गोताखोरों को बुलाया गया। गोताखोर अजय कुमार, साजन कुमार, अखिलेश कुमार, मोछू मल्लाह, आदित्य कुमार, गोलू कुमार एवं जितेंद्र मल्लाह की मदद



से 10 मिनट के भीतर सभी डूबे बच्चों को बाहर निकाल लिया गया।

सभी को खिजरसराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया है। डूबने वाले बच्चों की उम्र 12 से 17 वर्ष के बीच बताई जा रही है। इनमें मो. तैसिक, मो. जासिफ, मो. साहिल, मो. जैन, मो. सूफियान, मो. साजिद व मो. अनस शामिल हैं। फिलहाल सभी की स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

## बैंक में चोरी से हड़कम्प

**अरवल।** करपी थाना मुख्यालय स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक से शनिवार को तीन युवक 17 लाख 66 हजार 840 रुपये कैश लेकर भाग निकले। घटना की जानकारी बैंक कर्मियों को 15 मिनट बाद लगी, जब बैंक में रुपये गिनने की खराब मशीन को ठीक करने मैकेनिक पहुंचा। वह कैश रूम में घुसा तो वहां रुपयों से भरा बैग गायब था। दोपहर डेढ़ बजे की घटना है। बैंक प्रबंधक आरबी प्रसाद ने बताया कि मै बैंक कार्य से अरवल गया हुआ था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बैंक प्रबंधक ने बताया कि तीन युवकों को चोरी की घटना से आधे घंटे पूर्व से बैंक में घूमते हुए देखा गया।

कैशियर शशांक शिवम ने बताया कि बैंक का लिंक फैल होने के कारण कैसे केबिन से बाहर से निकलकर औरंगाबाद आइटी सेल से लिंक के संबंध में बात कर रहा था। इसी बीच कैश गिनने वाली मशीन बनाने के लिए मैकेनिक केबिन में गया तो रुपए से भरा बैग गायब था। पुलिस संदेह के आधार पर दो लोगों को हिरासत में ले पूछताछ कर रही है।

पुलिस के द्वारा सीसीटीवी फुटेज को खंगालने पर देखा गया कि तीन युवक में से एक युवक कैश काउंटर पर जबकि दूसरा इधर उधर विचरण करता रहा। तीसरा युवक बैंक के ग्राउंड फ्लोर पर खड़ा था। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार तीनों की उम्र 22 से कम होगी। उजला शर्ट पहना एक युवक दो तीन बार कैश काउंटर के पीछे जाता है और फिर काउंटर के अंदर प्रवेश कर एक बैग हाथ में लेकर बैंक से बाहर निकल जाता है।

# दुर्घटना में पैक्स अध्यक्ष की मौत से गुस्साये लोगों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवहर।** जिले के डुमरी कटसरी प्रखंड अंतर्गत श्यामपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष अशोक सिंह की सड़क हादसे में मौत के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने श्यामपुर के पास शिवहर-मोतीहारी एनएच 104 को जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

ग्रामीणों का आरोप है कि हादसे में हुई मौत की जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। उनका कहना है कि मृतक के परिजनों को मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए। प्रदर्शनकारी बड़े अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक प्रशासन की ओर से ठोस आश्वासन नहीं मिलेगा, तब तक वे सड़क खाली नहीं करेंगे।

बता दें कि बुधवार की देर शाम फतहपुर थाना क्षेत्र के फतहपुर मठ



के पास एनएच 104 पर पैक्स अध्यक्ष अशोक सिंह की बाइक आमने-सामने टकरा गई थी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। सड़क जाम की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और आक्रोशित ग्रामीणों से बातचीत शुरू की। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने कहा कि केवल स्थानीय स्तर का आश्वासन पर्याप्त नहीं है, उन्हें जिले के वरीय अधिकारियों की उपस्थिति चाहिए। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# इंजीनियरिंग की छात्रा की मौत से भड़कीं छात्र-छात्राएं

## चार कारें और स्कूटी को किया आग के हवाले

- छात्रों ने कालेज प्रबंधर पर लगाया आरोप
- कई थानों की पुलिस टीमें मौके पर पहुंची
- छात्राओं ने पुलिस पर लगायी गंभीर आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** चंडी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रावास के तीन मंजिला भवन की छत से एक छात्रा ने बुधवार की रात आत्महत्या कर ली। मृतका मुंगेर जिले की रहने वाली थी। घटना के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना के बाद छात्र-छात्राओं में आक्रोश भड़क गया। आरोप है कि प्रिंसिपल द्वारा समय पर गाड़ी उपलब्ध नहीं कराने के कारण एंबुलेंस को देर से पहुंचना पड़ा, जिससे छात्रा की जान बचाई नहीं जा सकी। गुस्साए छात्रों ने कॉलेज परिसर में जमकर हंगामा किया और 4 कार और स्कूटी में आग लगा दी। कॉलेज से लेकर चंडी रेफरल अस्पताल तक हंगामा चलता रहा।

हंगामा की सूचना पर चंडी थाना की पुलिस और आसपास के थानों की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित छात्रों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान हिलसा डीएसपी-एसडीओ भी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए।

जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात मृत छात्रा हॉस्टल की छत पर टहल रही थी। अचानक तेज आवाज आई और छात्राएं बाहर आईं तो देखा कि सोनम खून से लथपथ हॉस्टल के नीचे पड़ी हुई थी।

वहीं, छात्राओं का आरोप है कि रात में पुलिस ने हॉस्टल में छात्रों पर अत्याचार किया और धमकी दी कि हॉस्टल में रहने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, छात्र हॉस्टल खाली कर रहे हैं और प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

# थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**हाजीपुर।** राघोपुर थाना क्षेत्र में बीते 15 सितंबर को मत्स्य विभाग की टीम ने प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली जब्त की थी, जिसे बाद में थानेदार ने बेच दिया। खबर प्रकाशित होने के बाद एसपी शरथ आरएस ने वीरपुर एसडीपीओ को जांच का जिम्मा सौंपा। अब रिपोर्ट सामने आने के बाद एसपी ने एक्शन लिया है। सुपौल के राघोपुर थाना परिसर से जब्त थाई मांगुर मछली की स्थानीय मंडी में बिक्री मामले में राघोपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। एसपी शरथ आरएस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को उन्हें लाइन हाजिर कर दिया। वहीं उनके स्थान पर अमित कुमार को राघोपुर का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। दरअसल, बीते 15 सितंबर को एनएच 27 पर सिमराही बाजार स्थित गांधीनगर के समीप मत्स्य विभाग की टीम ने एक ट्रक थाई मांगुर मछली को जब्त किया था। मामले में चालक सहित तीन लोग गिरफ्तार किए गए। तब मत्स्य विभाग के अधिकारियों का कहना था कि इस मछली के सेवन से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का खतरा है। लेकिन इसके महज 24 घंटों में ही मछली थाना परिसर से ही बेच दी गई।

# भ्रामक प्रतिवेदन को ले कमिश्नर ने डीएम को लिखा पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधेपुरा।** कोसी प्रमंडल के कमिश्नर राजेश कुमार ने मधेपुरा जिला पदाधिकारी को भ्रामक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के मामले में चेतावनी दी है और तीन दिनों के भीतर विस्तृत विवरणी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। आयुक्त ने अपने पत्रांक-1922 दिनांक 12 अप्रैल 2025 के संदर्भ में कहा कि पहले भी निर्देश दिया गया था कि विगत तीन वर्षों में जून माह से अलग किसी भी समय किए गए स्थानांतरण, पदस्थापन अथवा प्रतिनियुक्ति से संबंधित आदेशों की प्रति तालिका सहित उपलब्ध कराई जाए।

लेकिन लंबे समय बीत जाने के बावजूद जिला पदाधिकारी की ओर से प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराया गया। आयुक्त ने कहा कि जिला स्थापना उप समाहर्ता द्वारा भेजा गया प्रतिवेदन वर्ष 2022-24 से संबंधित है, जो वर्तमान पदस्थापन अवधि से पूर्व का है। इसे प्रथमदृष्ट्या भ्रामक बताते हुए उन्होंने इसे अनुशासनहीनता और संदेहास्पद कार्यशैली का संकेत बताया। आयुक्त ने यह भी उल्लेख किया कि इस संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी कि जिला पदाधिकारी स्तर से मनमाने ढंग से जून माह से अलग कर्मियों का स्थानांतरण, पदस्थापन और प्रतिनियुक्ति की जा रही है, जो सरकारी प्रावधानों का उल्लंघन है। आयुक्त ने अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि डीएम अपने पदस्थापन काल में जून माह से भिन्न किए गए सभी स्थानांतरण, पदस्थापन और प्रतिनियुक्ति की पूरी विवरणी तीन दिनों के भीतर आदेशों की प्रति सहित उपलब्ध कराएं। साथ ही स्पष्ट करें कि यदि ऐसे आदेश दिए गए हैं तो अधोहस्ताक्षरी से अनुमोदन क्यों नहीं लिया गया। इस मामले की समीक्षा 27 सितंबर 2025 को प्रमंडलीय आयुक्त स्वयं करेंगे। समीक्षा बैठक में जिला स्थापना उप समाहर्ता एवं जिला स्थापना शाखा के प्रधान लिपिक सभी संगत अभिलेखों के साथ उपस्थित रहेंगे।

## संपादकीय

### एच1बी वीजा - भारतीय लोगों के साथ ही अमेरिकी हितों पर पड़ सकता है विपरीत प्रभाव

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पिछले कुछ समय से जिस तरह के फैसले ले रहे हैं, उसमें एक विचित्र अस्थिरता दिख रही है। इससे यह भी पता चलता है कि वे शायद हड़बड़ी में ऐसे नीतिगत फैसले भी ले रहे हैं, जिनमें थोड़े ही वक्त बाद उन्हें बदलाव करना पड़ता है। बीते हफ्ते शुक्रवार को उन्होंने एच1बी वीजा के लिए लागत में पचास गुना बढ़ोतरी करके उसे एक लाख डालर यानी करीब अठासी लाख रुपए करने की घोषणा कर दी। इस शुल्क का भुगतान एकमुश्त करना होगा। जाहिर है, इसके बाद व्यापक पैमाने पर चिंता जताई जाने लगी कि अगर यह घोषणा अमल में आई तो खासतौर पर वहां भारतीयों के सामने कैसी स्थितियां पैदा होंगी, वे कैसे और कितने दिन टिक सकेंगे। मगर जैसे ही इसके असर की व्यापकता बहस का मुद्दा बनी, उसमें यह पक्ष भी सामने आया कि अगर यह अमल में आता है तो इससे खुद अमेरिकी हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इसके बाद मची उथल-पुथल के बीच इस मसले पर उठे विवाद को शांत करने की कोशिश की गई और पहले के फैसले को बदलते हुए कहा गया कि यह शुल्क सिर्फ नए आवेदकों पर लागू होगा और एक बार ही देना पड़ेगा। निश्चित रूप से वहां एच1बी वीजा पर रह रहे भारतीयों के लिए फिलहाल यह राहत की बात होगी कि ताजा फैसले की जद में वे नहीं आएंगे। मगर पिछले कुछ समय में ऐसे कई उदाहरण सामने आए, जिनमें ट्रंप ने बार-बार अपने फैसले में बदलाव किया। यह स्थिति तब है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता किसी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है और आए दिन ऐसे संकेत सामने आ रहे हैं, जिससे पता चलता है कि परिस्थितियों में बदलाव भी आ सकता है। इस क्रम में भारत पर दबाव बनाने के मकसद से अमेरिका ने आयातित वस्तुओं पर शुल्क लगा दिया और यहां तक कि रूस से तेल खरीदने के मामले में भी गैरजरूरी दखल देने की कोशिश की। सवाल है कि इसका असर आखिर क्या पड़ रहा है। अब तेजी से बदलती भू-राजनीतिक कूटनीति के दौर में वैश्विक समीकरण भी बदल रहे हैं। ऐसे में अमेरिका को शायद यह समझने की जरूरत है कि द्विपक्षीय संबंधों में बराबरी के स्तर पर एक दूसरे के हितों का ध्यान रखना जरूरी होता है।

# अमेरिकी आत्मघाती वीजा बंदिशें, भारत के नये अवसर

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर के पेशेवरों, खासकर भारतीयों के सपनों पर एक नई काली छाया डाल दी है, उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया है एवं एक बड़ा संकट खड़ा दिया है। 21 सितंबर की रात 12 बजे के बाद अमेरिका में प्रवेश करने वालों को एच1बी वीज़ा प्राप्त करने के लिए लगभग एक लाख डॉलर यानी करीब 88 लाख रुपये सालाना शुल्क देना होगा। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा, प्रतिभा-प्रवास और अमेरिका-भारत संबंधों पर गहरा प्रभाव डालने वाला कदम है। अमेरिका के इस कदम के बाद भारत को अपनी आत्म-निर्भरता, स्वदेशी भावना एवं देश की प्रतिभाओं का देश में ही उपयोग को बल देना होगा। भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने के साथ अवसरों की भूमि बन रहा है। इसलिये अमेरिका के निर्णय से ज्यादा परेशान होने की बजाय इसको सकारात्मक दृष्टि से लेने की जरूरत है।**

(ललित गर्ग)




अमेरिका और भारत के संबंध बीते दो दशकों में आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी सहयोग की नई ऊँचाइयों पर पहुंचे हैं। अमेरिका ने भारत को रणनीतिक साझेदार माना है। रक्षा, व्यापार और तकनीक में गहरे संबंध बने हैं और भारतीय प्रवासी अमेरिकी राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर के पेशेवरों, खासकर भारतीयों के सपनों पर एक नई काली छाया डाल दी है, उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया है एवं एक बड़ा संकट खड़ा दिया है। 21 सितंबर की रात 12 बजे के बाद अमेरिका में प्रवेश करने वालों को एच1बी वीज़ा प्राप्त करने के लिए लगभग एक लाख डॉलर यानी करीब 88 लाख रुपये सालाना शुल्क देना होगा। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा, प्रतिभा-प्रवास और अमेरिका-भारत संबंधों पर गहरा प्रभाव डालने वाला कदम है। अमेरिका के इस कदम के बाद भारत को अपनी आत्म-निर्भरता, स्वदेशी भावना एवं देश की प्रतिभाओं का देश में ही उपयोग को बल देना होगा। भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने के साथ अवसरों की भूमि बन रहा है। इसलिये अमेरिका के निर्णय से ज्यादा परेशान होने की बजाय इसको सकारात्मक दृष्टि से लेने की जरूरत है।

निश्चित ही अमेरिका दशकों से अवसरों की भूमि माना जाता रहा है। यहां आने का सपना रखने वालों के लिए एच1बी वीज़ा एक सुनहरा टिकट एवं उन्नत जीवन का आधार रहा है। हर साल हजारों भारतीय इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ इस वीज़ा के माध्यम से अमेरिका जाकर अपने सपनों को साकार करते रहे हैं। सिलिकॉन वैली की चमक और वहां भारतीय प्रतिभाओं का वर्चस्व इसका जीता-जागता प्रमाण है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम और फेसबुक जैसी दिग्गज कंपनियों में उच्च तकनीकी पदों पर भारतीय मूल के लोगों की उपस्थिति सर्वाधिक है। भारतीय आईटी पेशेवरों के बिना अमेरिकी तकनीकी जगत की कल्पना करना कठिन है। एच-1 बी वीजा की फीस में अप्रत्याशित वृद्धि का फैसला भारतीय आईटी कंपनियों के साथ अमेरिकी हितों को भी चोट पहुंचाने वाला है। इनमें आइटी सेक्टर से इतर क्षेत्र की कंपनियां भी हैं। इसका प्रमाण यह है कि उनके फैसले की आलोचना अनेक अमेरिकी ही कर रहे हैं। यदि ट्रंप यह सोच रहे हैं कि एच-1बी वीजा धारकों की फीस एक हजार डालर से एक लाख डालर सालाना करने से भारतीय और अमेरिकी कंपनियां अमेरिका के युवाओं को नौकरी देने के लिए बाध्य हो जाएंगी तो यह उनकी भूल है, क्योंकि इन कंपनियों को जैसे और जितने सक्षम युवा पेशेवर चाहिए, वे अमेरिका में हैं ही नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति यह भी भूल रहे हैं कि अमेरिका के आर्थिक विकास में अप्रवासियों विशेषतः भारतीय प्रतिभाओं का सर्वाधिक योगदान है और यह केवल पेशेवर लोगों का ही नहीं, बल्कि कामगारों का भी है।

भले ही ट्रंप प्रशासन का यह आदेश उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति की अगली कड़ी है। उनका तर्क है कि विदेशी पेशेवर सस्ते श्रम के रूप में अमेरिकी नागरिकों की नौकरियां छीन रहे हैं। शुल्क इतना अधिक करके वे चाहते हैं कि केवल वही विदेशी पेशेवर अमेरिका आएं, जो न केवल उच्च योग्यता रखते हों बल्कि भारी शुल्क अदा करने की क्षमता भी रखते हों। लेकिन यह कदम अमेरिका के लिये ही आर्थिक दृष्टि से आत्मघाती साबित हो सकता है, क्योंकि अमेरिकी कंपनियों को उच्च कौशल वाले पेशेवरों की भारी ज़रूरत है और भारतीय आईटी पेशेवरों की कमी वहां सीधे तौर पर नवाचार और प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करेगी। ट्रंप के फैसले को आपदा नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखना चाहिए।

पहले भारतीय प्रतिभा अमेरिका की ओर बहती थी, अब यह प्रवाह कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर की ओर मुड़ सकता है। छात्र और युवा पेशेवर पहले से ही अमेरिकी वीज़ा नीतियों को लेकर असमंजस में रहते थे। अब यह आदेश उनके आत्मविश्वास और योजनाओं को और झकझोर देगा। हालांकि एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि कई युवा भारत में ही स्टार्टअप्स, शोध और नई तकनीक के क्षेत्रों में काम करने की ओर आकर्षित होंगे। भारत पर इस नीति का असर केवल युवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापक सामाजिक-आर्थिक असर डाल सकता है। भारतीय आईटी कंपनियां जैसे इन्फोसिस, टीसीएस, विप्रो आदि अमेरिका में बड़े पैमाने पर कार्यरत हैं। एच1बी वीज़ा पर निर्भरता ज्यादा होने के कारण उनका खर्च बढ़ेगा और प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी। भारतीय पेशेवर हर साल अरबों डॉलर भारत भेजते हैं, वीज़ा बाधाओं से यह प्रवाह घटेगा। हजारों भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा लेकर वहीं काम करने का सपना देखते हैं। अब शुल्क की बाधा उनके लिए अमेरिका को कम आकर्षक बनाएगी। साथ ही भारत में ही वैश्विक स्तर के शोध और नवाचार केंद्र विकसित करने की संभावना भी बढ़ेगी।

अमेरिका और भारत के संबंध बीते दो दशकों में आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी सहयोग की नई ऊँचाइयों पर पहुंचे हैं। अमेरिका ने भारत को रणनीतिक साझेदार माना है। रक्षा, व्यापार और तकनीक में गहरे संबंध बने हैं और भारतीय प्रवासी अमेरिकी राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन ट्रंप के निर्णय से यह संदेश गया है कि अमेरिका भारत को साझेदार तो मानता है, लेकिन जब घरेलू राजनीति का दबाव आता है तो साझेदारी पीछे छूट जाती है। भारत-अमेरिका संबंधों का आधार लोगों से लोगों का संपर्क रहा है। यदि भारतीय पेशेवर अमेरिका में कम होते हैं तो यह आधार कमजोर होगा। इन जटिल से जटिलतर होती स्थितियों में भारतीय कंपनियों को देश में ही अपना कारोबार बढ़ाने के जतन करने चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में ट्रंप कुछ और ऐसे कदम भारतीय हितों को आहत करने वाले उठा सकते हैं। उन्होंने भले ही टैरिफ के मामले में लचीला रवैया अपनाते हुए भारत से शीघ्र व्यापार समझौता होने की संभावना जताई हो, लेकिन वे अब भी भारतीय हितों के विपरीत काम करते दिख रहे हैं। वे केवल यही दबाव नहीं बना रहे कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे, बल्कि उन्होंने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारत के लिए मुसीबत खड़ी करने का काम किया है। ट्रंप अपने फैसलों को इस रूप में रेखांकित कर रहे हैं कि उनसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पंख लग जाएंगे, लेकिन आठ माह का उनका कार्यकाल उनकी नाकामी ही बयान कर रहा है।

चौंकाने वाले फैसले लेना भले ही ट्रंप की आदत हो, लेकिन सेवा क्षेत्र में पहली बार अपनी संरक्षणवादी नीति के दर्शन करा, वह भूल रहे हैं कि अमेरिका को बनाने में अप्रवासियों की बड़ी भूमिका रही है। सिलिकॉन वैली के करीब एक-तिहाई टेक-कर्मचारी भारतीय मूल के हैं। फॉर्च्यून 500 की लगभग डेढ़ दर्जन कंपनियों में शीर्ष पर भारतीय बैठे हैं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इंजन भी हैं। 2024 में 72 यूनिकॉर्न स्टार्टअप भारतीय मूल के लोगों के थे, जिनका कुल मूल्य करीब 195 अरब डॉलर आंका गया था। इन कंपनियों में अमेरिकी भी काम करते हैं। अमेरिकी आबादी में बमुश्किल डेढ़ फीसदी होने के बावजूद भारतीय पांच से छह फीसदी कर अदा करते हैं। नैसकॉम का यह कहना उचित ही है कि एच-1बी वीजा जैसे फैसलों का नकारात्मक असर अमेरिका में नवाचार के माहौल और रोजगार आधारित अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

दुनिया के अन्य देशों की नीतियों से तुलना की जाए तो कनाडा प्रवासी पेशेवरों और छात्रों को आकर्षित करने के लिए वीज़ा और स्थायी निवास की नीतियों को सरल बना रहा है। जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया तकनीकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए रेड कार्पेट बिछा रहे हैं, जबकि अमेरिका उल्टा रास्ता चुन रहा है जो दीर्घकाल में उसे वैश्विक प्रतिभा की कमी की ओर धकेल सकता है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह प्रतिभाओं के पलायन को रोकने के लिए अपनी नीतियों और बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाए। शिक्षा, शोध और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर भारत अमेरिका के विकल्प के रूप में उभर सकता है। अमेरिका के लिए यह कदम उसके उस आदर्श को धूमिल करेगा जिसके अनुसार वह इमिग्रेशन की भूमि कहलाता है और उसकी वैश्विक नेतृत्व क्षमता को कमजोर करेगा। रवींद्रनाथ टैगोर की ये पंक्तियाँ यहां सार्थक लगती हैं-'स्वतंत्रता वह है, जहां ज्ञान निर्भय होता है और दुनिया सीमाओं से विभाजित नहीं होती।' अमेरिका की यह दीवार प्रतिभा की उड़ान को थाम नहीं पाएगी। भारतीय युवाओं को अब अपने ही देश को अवसरों की भूमि में बदलना होगा। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# सच्ची क्रांति तभी होगी

(जे कृष्णमूर्ति)

अभी हम जो कुछ भी कर रहे हैं, ऐसा लगता है कि उससे हम अशांति की ओर, क्लेश और दुख की ओर ही बढ़ रहे हैं। अपने जीवन को देखिए, आप पाएंगे कि हमारा जीवन सदा दुख के कगार पर है। युद्ध को रोकने के हमारे सभी प्रयत्न, हमारी सामाजिक गतिविधियां, हमारी राजनीति, राष्ट्रों के सम्मेलन, मूलतः संघर्ष ही अधिक पैदा करते हैं। जीवन के पीछे-पीछे विनाश चल रहा है। क्या इस क्लेश को हम तुरंत समाप्त कर सकते हैं? क्या उलझन और दुख की जकड़न से मुक्ति पा सकते हैं? बुद्ध या ईसा जैसे महान व्यक्ति आए, उन्होंने किसी आस्था को स्वीकार किया और संभवतः अपने को दुख से मुक्त कर लिया। परंतु वे कभी दुख का निवारण नहीं कर पाए, कभी भ्रांति को समाप्त न कर सके। अतः हमारी समस्या, आपकी समस्या यह है कि क्या इस क्लेश से हम तत्क्षण बाहर निकल सकते हैं?

यदि इस विश्व में रहकर भी आप उसका अंग बनना अस्वीकार कर दें, तो आप इस अशांति से निकलने में औरों की सहायता करेंगे- भविष्य में नहीं, कल नहीं, बल्कि अभी,

**यदि इस विश्व में रहकर भी आप उसका अंग बनना अस्वीकार कर दें, तो आप इस अशांति से निकलने में औरों की सहायता करेंगे- भविष्य में नहीं, कल नहीं, बल्कि अभी, इसी क्षण। निस्संदेह, यही हमारी समस्या है। युद्ध आता दिखता है, जिसका रूप कहीं अधिक विनाशकारी, अधिक भयावह होगा। निस्संदेह, हम उसे रोक नहीं सकते, क्योंकि झगड़े कहीं अधिक शक्तिशाली हैं। परंतु हम तुरंत उस भ्रांति और क्लेश को देख-समझ सकते हैं।**

इसी क्षण। निस्संदेह, यही हमारी समस्या है। युद्ध आता दिखता है, जिसका रूप कहीं अधिक विनाशकारी, अधिक भयावह होगा। निस्संदेह, हम उसे रोक नहीं सकते, क्योंकि झगड़े कहीं अधिक शक्तिशाली हैं। परंतु हम तुरंत उस भ्रांति और क्लेश को देख-समझ सकते हैं। हमें उनको महसूस करना होगा, और तब हम उस स्थिति में होंगे कि दूसरों में भी सत्य के उस बोध को जगा सकें। इस क्लेश से निकलने का यही एक मार्ग है। प्रत्यक्ष बोध केवल वर्तमान में हो सकता है; परंतु यदि आप कहें कि मैं इसे कल करूंगा, तो भ्रांति की लहरें आप पर अधिकार जमा लेंगी और आपको सदा के लिए भ्रांति की गिरफ्त में रहना होगा।

क्या उस अवस्था का घटित होना संभव है, जब आप सत्य का स्वयं, प्रत्यक्ष बोध कर लें और भ्रांति का पूरी तरह से अंत कर दें? मेरा मानना है कि यह किया जा सकता है, पर किसी विश्वास या मान्यता के आधार पर नहीं। इस असाधारण क्रांति को लाना, जिसका अर्थ पूंजीपतियों से पीछा छुड़ाकर दूसरे वर्ग को स्थापित करना नहीं है, इस अद्भुत आमूल परिवर्तन को लाना है, जो एक सच्ची क्रांति है, यही एक चुनौती है।

जिसे प्रायः क्रांति कहा जाता है, यह दक्षिणपंथी विचारों का ही वामपंथी विचारों के अनुसार संशोधन या सातत्य है। वामपंथी विचार का तात्पर्य दक्षिणपंथी विचारों को ही संशोधित रूप में बनाए रखना है। यदि दक्षिणपंथी विचार ऐंद्रिक मूल्यों पर आधारित है, तो वामपंथी विचार भी ऐंद्रिक मूल्य ही है, अंतर मात्रा या अभिव्यक्ति का है। अतः सच्ची क्रांति तभी हो सकती है, जब आप दूसरों के साथ अपने संबंधों को लेकर सचेत हों।

# त्वरित, कठोर और समयानुकूल निर्णय क्षमता ही है नरेन्द्र मोदी की पहचान

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

आज मोदी के भारत को दुनिया का कोई देश या दुनिया का कोई नेता हल्के में नहीं ले सकता। इसका कारण भी है भारत आज आंख में आंख डाल कर बात करने की हैसियत रखता है। ट्रंप की बौखलाहट से इसे आसानी से समझा जा सकता है।

मार्निंग कंसल्ट की वैश्विक मंच पर लोकप्रियता के ताजातरीन सर्वे में एक बार फिर 75 वर्षीय नरेन्द्र दामोदर दास मोदी की लोकप्रियता या यों कहें कि एप्रूवल रेट 75 प्रतिशत रही है। यह विश्व के अन्य नेताओं की तुलना में कहीं अधिक है तो दूसरी और पिछले दिनों प्यू रिसर्च की रिपोर्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भरोसा जताने वाले केवल 40 प्रतिशत लोग ही रह गए और इनमें भी केवल मात्र 15 फीसदी ही ऐसे लोग है जो पूरी तरह से ट्रंप पर भरोसा कर रहे हैं। चुनाव के समय 81 प्रतिषत भरोसे लायक नेता पर 40 प्रतिशत अमेरिकीयों का भरोसा और इनमें से भी 25 प्रतिशत का थोड़ा भरोसा तो केवल 15 प्रतिशत अमेरिकी ही ट्रंप पर पूरी तरह से भरोसा जता रहे हैं। 59 प्रतिशत अमेरिकीयों को तो ट्रंप पर अब बिलकुल भी भरोसा नहीं रहा है। एक बात और साफ हो जानी चाहिए कि मार्निंग कंसल्ट के इस सर्वे में दूसरे पायदान पर रहने वाले दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति लीजे म्युंग को 59 प्रतिशत और अर्जेंटिना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई को 57 प्रतिशत का एप्रूवल मिला है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एप्रूवल देश में ही नहीं विदेशों में भी एक दंबग नेता और साफ सुथरी छवि के कारण है। इसके साथ ही कूटनीति, तकनीक, रक्षा, अर्थव्यवस्था और किसी के सामने नई झुकने की जीद ने और अधिक लोकप्रियता बढ़ा दी है। सबसे खासबात यह है कि विरोधी चाहे कितना भी शोर मचाये इसमें कोई दो राय नहीं और इससे भी बढ़कर कि आपरेशन सिन्दुर को लेकर देशवासियों और विदेशियों किसी को भी नरेन्द्र मोदी और सेना के कथन पर किसी तरह का कोई संदेह नहीं है। देर सबेर और गाहे बेगाहे पाकिस्तान तक ऑपरेशन सिन्दुर की टीस को व्यक्त कर ही देता है। ऐसे में विरोधियों द्वारा ऑपरेशन सिन्दुर पर जिस तरह से नकारात्मकता व्यक्त की जाती हैं वह कहीं ना कहीं मोदी और मोदी सरकार की विश्वसनीयता को और अधिक बढ़ाने में ही सहायक है। यह बात इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि नरेन्द्र मोदी अपनी जीवन की अमृतवेला मना रहे है। 75 साल के नरेन्द्र मोदी जिस अदम्य साहस और दृढ़ता का परिचय दे रहे हैं और खासतौर से जिस तरह से अमेरिका और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ के आगे झुकने से पूरी तरह नकार कर लगता है अब तो ट्रंप को ही झुकने को मजबूर होने जैसे हालात कर दिए हैं। ट्रंप शायद भूल गए कि यह आज का और मोदी का हिन्दुस्तान है।

आज मोदी के भारत को दुनिया का कोई देश या दुनिया का कोई नेता हल्के में नहीं ले सकता। इसका कारण भी है भारत आज आंख में आंख डाल कर बात करने की हैसियत रखता है। ट्रंप की बौखलाहट से इसे आसानी से समझा जा सकता है। दरअसल आज के दौर में वैश्विक नेता के रुप में बोल्ड होने, एग्रेसिव होने, कठोर व त्वरित निर्णय लेने वाले नेता लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं। अच्छे बुरे परिणाम की चिंता कर निर्णय की उहापोह में फंसे नेता आज के लोगों की पसंद हो ही नहीं सकते। इसका बड़ा कारण दुनिया में वैश्विक संकटों का दौर चलना है। पर यह भी समझ लेना होगा कि दुनिया के लोग ट्रंप जैसे अंहकारी, तुगलकी निर्णय करने वाले, गली मौहल्ले के दादाओं जैसे व्यवहार करने वाले और अपने नासमझी भरे निर्णयों और फिर उन निर्णयों पर मुहं की खाने वाले नेताओ को भी पसंद नहीं करते। संकटों के दौर में लोगों का यह मानना रहता है कि हमें आलोचना प्रत्यालोचना या आगा पीछा सोच कर निर्णय लेने वाला नहीं अपितु त्वरित और कठोर निर्णय लेने वाला नेता चाहिए। और इसमें कोई दो राय नहीं कि नरेन्द्र मोदी इस पर खरे उतरे हैं।



जहां तक देश और देश में मोदी विरोधियों की बात है तो यह भी अब तक साफ हो गया है कि मोदी के विरोध में जो जो नारे गढ़े गए या अभियानों में जो मोदी विरोध की आवाज बने वह सब विरोधियों पर ही भारी पड़े है। इसकी शुरुआत 2007 में गोदरा कांड के बाद चुनाव के बाद का नारा मौत का सौदागर हो या आज चौकीदार चोर है सभी नारे उल्टे पड़े हैं और देशवासियों ने इन्हें सिरे से नकारा है। चौकीदार चोर है का उत्तर देते हुए स्वयं मोदी ने इसका उपयोग मैं भी चौकीदार का जबावी नारा देकर उत्तर दिया। नारों की यह एक लंबी फेहरिस्त है जिससे देशवासी अवगत है। अब आज वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा लगाकर या संविधान बचाओं का नारा देकर मोदी विरोध में हवा बनाने व बिहार आदि के चुनाव जीतने का सपना पाल रहे हैं पर कहीं पहले की तरह सेल्फ गोल ही साबित ना हो जाये इससे नकारा नहीं जा सकता। राममंदिर, कश्मीर में धारा 370 हटाने, कश्मीर युवाओं को मुख्यधारा में लाने, ऑपरेशन सिन्दुर, एयर स्ट्राइक, जनधन खाते, डिजिटल भुगतान, जन औषधी केन्द्र, आयुष्मान योजना, गिग इकोनोमी, रक्षा आयुधों का देश में ही उत्पादन व निर्यात, एमएसएमई सेक्टर, स्टार्टअप, यूनिकोर्न, विदेशी निवेश, सडक परिवहन विकास, आदि आदि सभी क्षेत्रों में विकास का जो दौर दिखाई दे रहा है यह ठोस और त्वरित योजनावद्ध निर्णयों का ही परिणाम है। यह तो केवल बानगी मात्र है। आज आतंकवादी गतिविधियां लगभग समाप्त हो गई, नक्सलवादी गतिविधियां दिखाई नहीं दे रही हैं, सांप्रदायिकता पर रोक लगी है, पत्थरबाजी नहीं दिखती, सपाट यातायात दिखाई दे रहा है यह और इसके अलावा भी बहुत कुछ सामने हैं।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि विश्वसनीयता एक दिन में या एक काम से नहीं बनती। इसके साथ ही केवल व्यक्ति विशेष को निशाना बनाने से भी कोई खास हासिल नहीं हो सकता। अच्छे को अच्छा और बुरे को बुरा कहने की आदत डाले तो शायद आमजनता में अधिक प्रभावी तरीके से अपनी बात रख कर लोगों को अपने पक्ष में किया जा सकता है। जब राष्ट्रीय अस्मिता पर और सेना के पराक्रम को प्रश्नों में उभारा जाता है तो लाख कमियों के बावजूद सच्चा राष्ट्रप्रेमी नागरिक इसे स्वीकार नहीं पाता। यही कारण है कि मोदी जी को जितना निशाना बनाया जाता है मोदी उस निशाने से और अधिक निखार के साथ उभरते आ रहे हैं। आज जब ट्रंप भारत की अर्थ व्यवस्था को नकारते हैं तो यह देशवासियों के गले उतरने वाली बात नहीं होती। इसी तरह से जब ऑपरेशन सिन्दुर पर प्रश्न चिन्ह उठाया जाता है तो आमजन इसे देश के खिलाफ आवाज और सेना के असम्मान के रुप में देखता है। जब संविधान की प्रति उठाकर संविधान बचाओ की बात करते हैं तो उनकी सरकार के समय ही संसद से पास अधिसूचना को सार्वजनिक रुप से फाड़ने को याद करते हैं। जीएसटी को लेकर प्रश्न उठाते हैं तो आज इससे मिल रही राहत को जनता कैसे नकार सकती है। इसलिए सकारात्मक विरोध के साथ आगे आकर ही मोदी और मोदी की नीतियों का पार पा सकते हैं।

संसद और विधानसभाओं में गतिरोध का दौर चलता है, खुली चर्चाएं हो नहीं पाती, सत्र सालों साल छोटे होते जा रहे हैं। आधी आधी रात तक होने वाली चर्चाएं अब बीते दिनों की बात हो गई है तो ऐसे में केवल आरोप प्रत्यारोप के भरोसे मोदी पर जीत की बात करना बेमानी होगा। दूसरी बात यह कि हम बड़ी लकीर खींच कर ही दूसरी लकीर को छोटी बता सकते हैं हो इसका उल्टा रहा है और प्रयास लकीर से ही छेड़ छोड़ कर छोटी दिखाने के प्रयास किये जाते हैं तो यह गले नहीं उतरती। यह सब समझने वाली बात हो गई है। मोदी जी की अमृत वेला में शतायु होने की कामना के साथ आज देश उनकी और देख रहा है। ऐसे में मोदी जी के नेतृत्व और निवृति की बात करना पूरी तरह से बेमानी होगी। देश को अभी मोदी जी और उनके जैसे नेतृत्व की आवश्यकता है जिससे आजादी के शताब्दी वर्ष तक देश विश्व की सबसे बड़ी ताकत बन कर उभर सके। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### स्टेशन से चार अवैध हॉकर समेत रेलवे एक्ट में 19 गिरफ्तार

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टाटानगर स्टेशन पर एक तरफ स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर सफाई और जागरूकता अभियान शुरू है। दूसरी ओर आरपीएफ के जवान रेलवे प्रावधान के खिलाफ स्टेशन और ट्रेनों में खाद्य सामग्री बेचने वाले अवैध हॉकर को पकड़ने में जुटी है। सूचना के अनुसार बुधवार और गुरुवार सुबह आरपीएफ ने लोकल ट्रेनों से चार अवैध हॉकर को पकड़ा जबकि लोकल ट्रेनों के महिला और दिव्यांग बोगी में चढ़ने वाले 13 पुरुष और सामान यात्रियों को पकड़ा है। इसके अलावा स्टेशन पर लाइन पार करने के आरोप में दो युवक आरपीएफ के हत्थे चढ़ गए। आरपीएफ ने सभी को रेलवे अदालत में पेश किया है।

### स्टेशन के बाहर लगे तीन अवैध ठेलों को किया जब्त

**चक्रधरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन के बाहर अवैध ठेले, अड्डेबाजी पर खफा होकर गुरुवार को चक्रधरपुर रेलवे मंडल के सहायक सुरक्षा आयुक्त ए सी सिन्हा ने स्टेशन के बाहर अवैध तरीके से लगाए गए ठेलों को हटाया गया। आरपीएफ ने सख्ती बरतते हुए ठेलों को सीज कर आरपीएफ थाना ले आई साथ तीन ठेला संचालकों एवं सड़क जाम करने के आरोप में तीन आटो चालकों को थाना ले आई। एएससी सिन्हा ने आज सफाई अभियान के दौरान स्टेशन के बाहर अवैध रुप से लगाए गए ठेलों के कारण वहां व्याप्त गंदगी पर खफा हुए। गंदगी के कारण डीआरएम ने आरपीएफ को कार्यवाई ठेले वालोंके खिलाफ कार्यवाई के निर्देश दिए जिसके कारण आरपीएफ ने कार्यवाई करते हुए अड्डा जमाने वाले कई युवकों के साथ साथ तीन ठेला एवं उसके संचालकों को थाना ले आई।

### दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए उमड़ी भीड़

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए गुरुवार को खासमहल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय में दर्जनों लॉगिन की भीड़ उमड़ी। इससे सिविल सर्जन कार्यालय परिसर और ग्राउंड फ्लोर पर दिनभर अफरातफरी का माहौल कायम था। बताया जाता है कि जिला में हर महीने पांच और 25 तारीख को दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए जांच शिविर का आयोजन होता है। इससे दोनों दिन जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों के दिव्यांग की भीड़ सिविल सर्जन कार्यालय में उमड़ती है।

### ड्यूटी रोस्टर के दौरान सरकारी चिकित्सक निजी प्रैक्टिस न करें : एसडीएम

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम में बुधवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में चिकित्सकों ने न केवल अपनी समस्याएं रखीं, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कई सार्थक सुझाव भी दिए। संवाद के दौरान चिकित्सकों ने विधि-व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हाल के समय में कई अराजक तत्व यूट्यूबर और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग कर चिकित्सकों व अस्पतालों को अनावश्यक रूप से परेशान कर रहे हैं। उस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि ऐसी गतिविधियों पर विधिसम्मत प्रतिबंध लगाने के लिए उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसडीएम ने सरकारी चिकित्सकों से अनुरोध किया कि वह अपनी ड्यूटी रोस्टर के दौरान निजी प्रैक्टिस करने से यथासंभव बचें क्योंकि ऐसा करना वैधानिक के साथ-साथ नैतिक रूप से भी सही नहीं है।

### दुगार्पूजा पर बढ़ी कपड़ा दुकानों में रौनक

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुर्गा पूजा को लेकर शहर के बाजारों में रौनक लौट आई है। शाम होते ही ग्राहकों की भीड़ दुकानों में उमड़ रही है। हर कोई अपने पसंदीदा परिधान खरीदने में जुटे है। दुकानदार ग्राहकों की पसंद के अनुरूप स्टॉक भी तैयार रखे हैं। दुकानदारों की मानें तो अबकी बार दुगार्पूजा का बाजार 10 करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। जिला मुख्यालय में मेनरोड सहित पुरानी बाजार के दुकानदान अच्छा कारोबार को लेकर आशान्वित हैं। कपड़ा, फूट वियर, पूजन सामग्री से लेकर फल दुकानदारों ने भी अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है। रेडीमेड कपड़ों के कारोबारी खालिद अंसारी ने बताया कि दुगार्पूजा के अवसर पर लोग बाजार में आकर नए कपड़ों की खरीदारी करते हैं। अबकी बार स्पोर्ट्स पायजामा, हाफ पैंट, टीशर्ट, जिंस शर्ट और ग्राहकों की पसंद के अनुरूप स्टॉक मंगाया गया है। ग्राहकों की पसंद के अनुरूप कपड़ा कोलकाता, दिल्ली, लुधियाना, त्रिपुरा, मुंबई सहित अन्य जगहों से आया है। कपड़ा कारोबारियों ने बताया कि दुगार्पूजा को लेकर बाजार में चहल-पहल शुरू हो चुकी है। युवाओं के लिए कार्गो पैंट विशेष रूप से मंगवाया जा रहा है। उसके अलावा फैंसी शर्ट, प्रिंटेड शर्ट, शॉर्ट कुर्ता का डिमांड अधिक हो रहा है। उन्होंने बताया कि दुगार्पूजा में अधिक कपड़ा बिकता है।

### महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करें : एसडीओ

**कैरो/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोहरदगा जिले के कैरो प्रखंड परिसर में बुधवार को जेएसएलपीएस के द्वारा आजीविका महिला संकुल स्तरीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सिविल एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा करकेट्टा उपस्थित थे। अतिथियों को अंग वस्त्र देकर समानित किया गया। उपस्थित लोगों को सम्बोधन करते हुए एसडीओ ने कहा कि जेएसलपीएस महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर स्वावलम्बी बनाने के लिए वरदान साबित हो रही है। इससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है। एसडीपीओ श्रद्धा करकेट्टा ने कहा कि महिलाएं अपने टैलेंट के अनुसार सिलाई, कढ़ाई बगवानी, अचार सहित बिभिन्न कार्यों का प्रशिक्षण प्राप्त करें। संस्था और बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आपको पूंजी उपलब्ध कराकर स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक स्थिति मजबूत की जाएगी। कार्यक्रम में संस्था के कर्मियों के द्वारा वार्षिक कार्यों की रूप रेखा, आय-व्यय का व्योरा सर्वजनिक किया गया। मौके पर मुखिया वीरेंद्र महली, डीपीएम, बीपीएम अल्पना खलखो, शरत कुमार, नजीर आलम खान, ज्याउल हक, विकास तिवारी, धीरज कुमार, चंदन कुमार, आदित्य यादव, मुन्ना राम, विनोद राम, एतवा उरांव, विनोद राम आदि मौजूद रहे।

### मिठाई दुकानों में उपभोक्ताओं की सेहत से खिलवाड़

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा मोईन अख्तर के नेतृत्व में लोहरदगा शहरी क्षेत्र के मिष्ठान भण्डारों-रेस्टुरेन्ट का बुधवार को जांच टीम ने औचक निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया गया। बीआईडी, गुमला रोड स्थित मेसर्स अमृत मिष्ठान भण्डार में निर्माण स्थल पर साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाया गया। दूध एवं मिठाई की गुणवत एवं शुद्धता की जांच हेतु पेड़ा एवं लड्डू का नमूना संग्रह किया गया। बरवाटोली चौक स्थित मे साहु स्वीटस में जांच के क्रम में दूध एवं खोवा सही पाया गया परन्तु कारखाना में साफ-सफाई की व्यवस्था में काफी खराब थी। जिसे सुधार करने हेतु नोटिस दिया गया। हल्दी निर्माण करने वाली इकाई राणा चौक के मे मुकेश मिल का औचक निरीक्षण कर हल्दी का नमूना जब्त किया गया। बरवाटोली चौक स्थित मे स्वीटस एण्ड स्नैक्स से मिल्क केक का नमूना संग्रह किया गया। सारे नमूनों को रसायनिक जांच हेतु राज्य खाद्य जांच प्रयोगषाला, रांची भेजा जा रहा है। सभी खाद्य प्रतिष्ठान संचालको को फूड लाईसेंस लेकर ही प्रतिष्ठान संचालित करने, त्योहार के मजद्देनजर साफ-सफाई पर विषेष ध्यान देने एवं कर्मचारियों को हेयर नेट, ग्लबस, एप्रेन इत्यादि पहनने, प्रमाणित सामग्रियों एवं रंगो का प्रयोग करने एवं खाद्य पदार्थ में मिलावट नही करने की सख्त चेतावनी दी गयी।

### लोहरदगा में पूजा पंडालों का निर्माण अंतिम चरण में

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शारदीय नवरात्र पर लोहरदगा नगर क्षेत्र में 24 और ग्रामीण क्षेत्रों में 58 स्थानों पर प्रतिमा स्थापित कर दुर्गा पूजा की जाती है। नगर क्षेत्र के साथ-साथ कई प्रखंडों में भी पूजा को भव्य बनाने के लिए पूजा पंडाल, विद्युत सज्जा और आकर्षक प्रतिमा का निर्माण कराया जा रहहा है। जिले भर में पूजा की तैयारी जोरों पर है। नवरात्र प्रारम्भ हो चुका है। वहीं नवरात्र की षष्ठी से पूजा पंडालों के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे इसको ले सभी पूजा पंडालों में दिन-रात निर्माण कार्य जारी है। जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण इस वर्ष पूजा समितियां को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही कारण है कि अब तक जिले में पूजा पंडाल निर्माण की जो गति होनी चाहिए वह म है। इसके बावजूद भी पूजा समितियां और पंडाल निर्माण करने वालों का कहना है कि उनका प्रयास होगा कि बेलवर्ण के दिन से ही पूजा पंडाल श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएं। फिलहाल जिले के अधिकांश पूजा पंडालों में बांस बंधाई का काम पूर्ण कर लिया गया है। अब बस फ्रेम पर कपड़े चढ़ाकर पूजा पंडालों को भव्यता प्रदान करना बाकी है। इसके अलावे नगर क्षेत्र के सभी मार्गो को विद्युत तोरण द्वारों से सजाया जा रहा है। विद्युत लड़ियां लगाई जा रही हैं। इसके साथ ही प्रतिमाओं का निर्माण भी अंतिम चरण पर है।

# आदिवासी युवा व्यवसायी बनकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करें : रामेश्वर बिरुवा



**पश्चिमी सिंहभूम टिक्की ने आदिवासी आर्थिक विकास और चुनौतियां पर संगोष्ठी की**

**चाईबासा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ट्राइबल इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (टिक्की) की पश्चिमी सिंहभूम इकाई ने मंगलवार को स्थानीय प्राकृतिक व्याख्या केंद्र, वन प्रभाग में संगोष्ठी आयोजित की. इसका विषय ह्यआदिवासियों का आर्थिक विकास और चुनौतियांह्व रहा. उक्त आयोजन सागोन ट्रस्ट और जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के सहयोग से हुआ. अध्यक्ष रामेश्वर बिरुवा के नेतृत्व में सरकारी अधिकारियों, आदिवासी नेताओं, शैक्षणिक विशेषज्ञों, सामाजिक संगठनों और युवाओं के बीच संवाद के लिए रचनात्मक मंच दिया गया. अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी आदिवासी गरीबी और बाहरी दबाव से जूझ रहे हैं. हालांकि 2011-12 से आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है. अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है. उन्होंने आदिवासी युवाओं से व्यवसाय और उद्योग में प्रवेश करने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने व जल, जंगल और जमीन जैसे स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग करने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि चुनौतियां हैं. मजबूत ग्रामसभा और संसाधनों के प्रभावी उपयोग से काबू पाया जा सकता है. पारंपरिक ज्ञान को आधुनिकता से जोड़ें : तुबिद संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व आइएएस, पूर्व गृह सचिव सह कैबिनेट सचिव ज्योति भ्रमर तुबिद ने आदिवासी क्षेत्रों में समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक व आर्थिक प्रथाओं के साथ एकीकृत करने के महत्व पर बल दिया. तोरंग ट्रस्ट की अध्यक्ष व झारखंड राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य डॉ वासवी किडो, जमशेदपुर में जेएसएलपीएसके ब्लॉक परियोजना प्रबंधक राउतु बोदरा, चाईबासा के बीआरएलएफ के क्षेत्रीय समन्वयक निशांत कुमार ने अपने विचार रखे. स्थानीय औषधीय पौधों के दस्तावेजीकरण पर जोर सागोन ट्रस्ट के अध्यक्ष बहलेन चांपिया सिंकू ने स्थानीय उद्यमिता, सहकारी मॉडल, ब्रांडिंग, जीआइ टैगिंग, नीति वकालत और विश्वविद्यालयों के साथ इनक्यूबेशन केंद्र स्थापित करने पर दृष्टिकोण साझा किया. जोहार ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश जेराई ने पारंपरिक आदिवासी औषधीय प्रथा और स्थानीय औषधीय पौधों के दस्तावेजीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला. जोर दिया कि यह ज्ञान स्वदेशी ज्ञान को संरक्षित करते हुए उद्यमशीलता के अवसर पैदा कर सकता है. सांस्कृतिक विरासत को आर्थिक विकास से जोड़ना जरूरी डॉ मीनाक्षी मुंडा ने आदिवासी युवाओं को व्यावहारिक कौशल से लैस करने, रोजगार क्षमता बढ़ाने और शैक्षणिक ज्ञान व वास्तविक अवसरों के बीच की खाई को पाटने के लिए कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर कौशल-आधारित मॉड्यूल विकसित करने के महत्व पर प्रकाश डाला. वहीं अमिताभ घोष ने आदिवासी सांस्कृतिक विरासत को आर्थिक विकास से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया. बताया कि पारंपरिक कला, शिल्प, इको-टूरिज्म और सांस्कृतिक प्रथाओं का न केवल अपार विरासत मूल्य है, बल्कि आधुनिक बाजारों से जुड़ने पर स्थायी आजीविका की संभावनाएं हैं. उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करना आदिवासी आर्थिक सशक्तीकरण का शक्तिशाली प्रेरक बन सकता है. झारखंड व ओडिशा के कई जिलों की संस्थाएं शामिल हुईं संगोष्ठी में पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, खूंटी, रांची व ओडिशा के मयूरभंज के हो, मुंडा, संताली व उरांव समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाली आदिवासी सामाजिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी रही. आदिवासी छात्र, पीएचडी शोधार्थी, स्वयं सहायता समूह और सामाजिक कार्यकताओं ने विचारों के समृद्ध आदान-प्रदान में योगदान दिया. इन मुद्दों पर केंद्रित रही चर्चा- वर्तमान आर्थिक गतिविधियां जैसे कृषि, वनोपज, हस्तशिल्प और लघु उद्योग. सीमित बाजार पहुंच, अपर्याप्त बुनियादी ढांचा और बेरोजगारी की चुनौतियां. कौशल विकास, उद्यमिता और प्रौद्योगिकी अपनाने के अवसर. ह्र सरकारी एजेंसियों, गैर-सरकारी संगठन, ट्रस्टों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच साझेदारी का महत्व.

# स्कूल के समय भारी वाहनों के परिचालन पर लगे रोक

**मारवाड़ी उवि में प्रबंधन समिति व अभिभावकों की हुई बैठक**



**चक्रधरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के मारवाड़ी प्लस टू उच्च विद्यालय में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक प्राचार्य सोशन प्रभावती खेस की अध्यक्षता में हुई. बैठक में काफी संख्या में अभिभावक शामिल हुए. बैठक में अभिभावकों ने कहा कि चक्रधरपुर प्रखंड की मुख्य सड़कों पर सरकारी एवं प्राइवेट स्कूल संचालित हैं. जहां हजारों की संख्या में छोटे-बड़े बच्चे अध्यनरत हैं. बच्चे स्कूल आने-जाने में शहरी क्षेत्र की एकमात्र मुख्य सड़क का उपयोग करते हैं. पर स्कूल आने-जाने के समय सड़कों पर भारी वाहनों का परिचालन होता है. स्कूल के समय भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगायी जाये. विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के लिए प्रतियोगिता आयोजीत की जाती है. पर पोड़ाहाट स्टेडियम की स्थिति दयनीय है. बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम का जीर्णोद्धार किया जाये. स्टेडियम में बैठने के लिए गैलरी का निर्माण कराया जाये.

स्कूल परिसर में साइकिल स्टैंड बनाया जाए. स्कूल परिसर में ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने के कारण बारिश का पानी स्कूल परिसर में जमा हो रहा है. इससे शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. जल निकासी के लिए स्कूल परिसर में ड्रेनेज की व्यवस्था की जाये. स्कूल के चारों तरफ पेवर्स ब्लॉक लगाया जाए. स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए नये भवन का निर्माण कराया जाये. इस मौके पर समाजसेवी राम होनहागा ने कहा कि शहर के मुख्य सड़क में सुबह के समय काफी भीड़ रहने के कारण विद्यार्थियों को स्कूल आने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है. कई दुर्घटना भी हो चुकी है. बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए सुबह 7 बजे से लेकर 10 बजे तक एवं दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगायी जाये. इस समस्या के समाधान को लेकर उपायुक्त को भी पत्र सौंपा गया है. बैठक में काफी संख्या में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका एवं अभिभावक मौजूद थे.

# डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में उत्साहपूर्वक मनाया गया सेवा योजना दिवस

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन जमशेदपुर में 22 से 24 सितम्बर तक राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम थी - बी दि चेंज जिसके तहत कॉलेज में विभिन्न सामाजिक व शैक्षिक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नागरिक बोध और सेवा भावना का विकास करना रहा। साक्षरता जागरूकता अभियान के पहले दिन साक्षरता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें बीएड के एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने अपने इंटर्नशिप स्कूलों के आसपास के क्षेत्रों में घर-घर जाकर साक्षरता सर्वेक्षण किया और लोगों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। साथ ही महाविद्यालय में साक्षरता जागरूकता पर डॉक्यूमेरी भी दिखाई गई। इस दौरान शिक्षार्थियों ने यह जाना कि समाज में अब भी अनेक लोग शिक्षा से वंचित हैं तथा उन्हें जागरूक कर प्रेरित करना कितना आवश्यक है।23 सितम्बर को स्वच्छता अभियान एवं कचरा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें कॉलेज परिसर की साफ-सफाई में सभी विद्यार्थियों ने भागीदारी निभाई। इस अवसर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और कचरा पृथक्करण पर विशेष बल दिया दिया गया। कॉलेज प्रांगण प्रांगण में गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करने पर बल दिया गया

# कांडी में महिला डिग्री कॉलेज की शुरूआत करे सरकार

**कांडी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड में महिलाओं के लिए कोई उच्च शिक्षण संस्थान का नहीं होना महिला शिक्षा के प्रति उदासीनता है। प्रखण्ड के लोग वर्षो से एक महिला डिग्री कॉलेज खोलने की मांग करते रहे हैं लेकिन इस गंभीर मुद्दे पर किसी ने भी अभी तक कोई सार्थक पहल नहीं किया। नतीजा प्रखंड में महिलाओं के लिए डिग्री कॉलेज नहीं खुल सका। प्रखंड में एक डिग्री कॉलेज व चार इंटर कॉलेज संचालित हैं लेकिन सभी संस्थान छात्र-छात्राओं दोनों के लिए है। उसी कॉलेज में एक साथ छात्र व छात्राएं अध्ययन करती हैं। प्रखंड की छात्राएं नही चाहते हुए भी उसी एक मात्र डिग्री कॉलेज में उच्च शिक्षा ग्रहण करती हैं। छात्राओं और अभिभावकों का मानना है कि एक साथ पठन पाठन में कई तरह की समस्याएं आती हैं। उक्त कारण छात्राएं भी असहज महसूस करती हैं। उसके बाद भी पढ़ाई करने के लिए उन्हें वहां आना पड़ता है। छात्राएं प्रतिदिन क्लास के लिए कॉलेज नहीं जातीं हैं। उसका मुख्य कारण सुरक्षा भी है। परीक्षा वगैरह होने पर ही छात्राएं आमतौर पर कॉलेज जाती हैं। प्रखंड की युवतियां मैट्रिक पास करने के बाद उनके समने आगे की पढ़ाई की समस्या होती है कि कहां जाकर पढ़ाई करें।

# धरती पर अवतार भी समय देखकर ही होता है : विनोद

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रकृति में सबसे बड़ा महत्व समय का होता है। समय पर ही सुबह-शाम होता है। समय पर ऋतु परिवर्तन होता है और समय पर ही युग परिवर्तन भी होता है। धरती पर अवतार भी समय देखकर ही होता है। यह बात गायत्री परिवार के विनोद पाठक ने कही। वह गायत्री शक्तिपीठ कल्याणपुर मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बस समय को पहचानने की जरूरत होती है। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में एक स्वर्णिम अवसर आता है। एक क्षण व्यक्ति की दिशा को बदल सकता है बशर्ते व्यक्ति उस बदलाव के क्षण(टर्निंग प्वाइंट) को पहचान ले और उसका उपयोग कर पाए। रत्नाकर डाकू के जीवन में बदलाव का जब समय आया, तो उसको नारदजी से सामना हुआ। उसने नारदजी की बात को मानकर अपने को बदला और डाकू से महर्षि वाल्मिकी बन गये। अंगूलीमाल डाकू ने गौतम बुद्ध की बात मानी और वह भी बड़े महर्षि हो गये। आधुनिक युग में मोहनदास करमचंद गांधी ने हरिश्चंद्र नाटक देखी तो उनका हृदय परिवर्तित हो गया और उन्होंने संकल्प लिया कि वह सत्य का अनुसरण करेंगे और वह महात्मा गांधी बन गये। पूर्व राष्ट्रपति अबुल कलाम आजाद युवावस्था में निराश होकर ऋषिकेश में गंगा में डूबकर आत्महत्या करनेवाले थे लेकिन उन्हें वहां परमार्थ निकेतन के एक संन्यासी का सानिध्य मिला तो वे एक बड़े वैज्ञानिक और बाद में चलकर भारत के राष्ट्रपति तक बने। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में कई बार ऐसे अवसर आते हैं कि प्रकृति उसे उज्जवल भविष्य की ओर ले जाने के लिये इशारा करती है लेकिन अधिसंख्य मनुष्य का दुर्भाग्य होता है कि वह प्रकृति के सूक्ष्म इशारे को समझ नहीं पाता है। बहुत से लोगों को आलस, प्रमाद घिरे रहता है। उक्त कारण वह प्रकृति के अनुकूल अपने को ढाल नहीं पाते हैं। परिणामस्वरूप वह सामान्य जीवन तक सीमित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि अवतार भी हमेशा नहीं होता। धरती पर अवतार भी समय देखकर ही होता है। तबतक मनुष्य को अपनी प्रतिकूल परिस्थितियों का खुद से सामना करना होता है। यह समय मनुष्य को अपना पुरूषार्थ दिखाने का होता है। जब परिस्थितियां इतनी विकट हो जाती हैं कि वह मनुष्य के सामर्थ्य से बाहर हो जाता है तो फिर अवतारी चेतना धरती पर आती है। वह अधर्मियों को दंडित कर फिर से धर्म की स्थापना करती है। श्रीराम कथा में व्यास शिवपूजन मेहता, सह व्यास उपेंद्र शर्मा ने विभिन्न भजनों के माध्यम से श्रीराम कथा को प्रभावी बनाने का काम किया। रंजीत विश्वकर्मा ने बेंजो पर, श्याम सुंदरजी ने ढोलक पर और नंदू ठाकुर ने झाल पर संगत किया।

# जिला कांग्रेस ने वाहन जांच और एकमुश्त 5 साल के परमिट शुल्क में की सुधार की मांग

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जनहित के मुद्दों को लेकर डीटीओ धनंयज से मिलकर आम लोगों की समस्याओं के समाधान की मांग की। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के द्वारा उन्हें सौंपे गये ज्ञापन के मुद्दों को डीटीओ ने गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।कांग्रेस की मांगों में वाहन परमिट शुल्क मद में एकमुश्त पांच साल की राशि जमा करने की अनिवार्यता खत्म हो। एकमुश्त भुगतान न करने पर 10 हजार जुमार्ना संबंधित लोगों के लिए अत्यधिक बोझिल है, जिससे कई वाहन मालिक एवं चालक संकट में हैं। सड़क पर जगह-जगह वाहन जांच के के कारण चालकों में भय एवं दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। जांच के नाम पर बेतहासा जुमार्ना वसूला जा रहा है। वाहन जांच के स्थान पर ही ऑनलाइन लैपटॉप से सभी प्रकार के टैक्स, वीमा भरने की व्यवस्था की जाए, जिससे सरकार को राजस्व भी मिले और जनता में दहशत का माहौल नहीं रहे।बसों में जनप्रतिनिधियों, महिलाओं एवं दिव्यांग के लिए सीट अनिवार्य रूप से आरक्षित की जाए, सरकारी पदाधिकारी बसों का भौतिक सत्यापन करें।पूर्वी सिंहभूम जिला के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक के छोटे एवं बड़े व्यवसायिक वाहनों का रजिस्ट्रेशन समाप्ति के बाद भी परिवहन टैक्स वसूली का नोटिस विभाग से दी जा रही है। जिससे वैसे सभी गरीब और मध्यम व्यवसायिक वाहन मालिक जेल जाने के भय से दहशत में है। इस विषय में बकाया टैक्स 25% जमा लेकर सेटलमेंट की जाए। जिससे व्याप्त दहशत समाप्त हो।परमिट शुल्क की अदायगी के लिए तिमाही या मासिक स्लैब की व्यवस्था हो, रोजगारी या आर्थिक संकट को देखते हुए जुमार्ने की राशि माफ या कम करना, चेकिंग प्रक्रिया को मानवीय और यातायात-अनुकूल बनाना और सभी लंबित कार्यों को शीघ्र निपटाया जाए व ऑनलाइन प्रक्रिया को सरल बनाना शामिल है।

# पारंपम्परिक अस्त्र-शस्त्र पूजन के साथ मनता है नवरात्र का त्योहार

**पाकरटांड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में मां की आराधना का इतिहास सदियों पुराना है। सदियों से ग्रामीण इलाकों में विभिन्न रुपों में मां की पूजा की जा रही है। प्रसिद्ध तीर्थस्थल रामरेखाधाम की पहाड़ी के नीचे स्थित कैरबेड़ा गांव में लगभग सौ वर्षो से शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि को अस्त्र- शस्त्र के पूजन की परम्परा निभायी जा रही है। नवमी तिथि को अस्त्र शस्त्र के पूजन के साथ साथ मां को बलि भी चढ़ाई जाती है। इसके बाद दशहरे के दिनी दसवीं तिथि को गांव के सभी लोग अपने अस्त्र शस्त्र के साथा शोभा यात्रा निकालते है और मां से गांव की रक्षा के लिए प्रार्थना करते है। शोभा यात्रा के बाद पूजन कर प्रसाद वितरण करते हुए कार्यक्रम समाप्त किया जाता है।

# सात पिंडी के रूप में विराजमान हैं माता

**कोलेबिरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोलेबिरा बानो मुख्य पथ में बरवाडीह मोड के समीप स्थित देवीगुड़ी मंदिर काफी प्राचीन है। जहां माता सात पिंडी के रूप में बिराजमान है। जानकारी के अनुसार यहां में लगभग 75 वर्ष पूर्व से ही पूजा होती आ रही है। देवीगुड़ी में पुजारी स्वर्गीय कुलेश्वर पंडा और उनकी धर्मपत्नी बिनोमणी देवी के द्वारा पूजन प्रारंभ किया गया। बिनोमणि देवी ने बताया कि लगभग लगभग 75 वर्ष पूर्व यह स्थल जंगल से घिरा हुआ था और जहां माता का पिंडी अवस्थित था। जिसे साफ सफाई किया गया और पूजा अर्चना की शरुआत की गई। उन्होंने बताया कि कोलेबिरा के गणमान्य व्यक्ति उस जगह को मंदिर के लिए दान में दिया और उसे मंदिर का रूप दिया गया। अभी स्वर्गीय कुलेश्वर पंडा के पुत्र संतोष पंडा देवीगुड़ी में माता की सेवा कर रहे है। वर्ष 2021 ई में दुर्गा मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। जिसके बाद कोलेबिरा बाजारटांड़ में 1988 से दुर्गा पूजा की शुरूआत की गई। जो अब दुर्गा मंदिर प्रांगण में ही किया जाता है। जहां नवरात्रि के मौके पर पूजा अर्चना की जाती है। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर अपनी मन्नते मांगते है।दुर्गा मंदिर में स्थायी रूप से शिवपति मिश्र पूजा अर्चना करते है।

# श्री अग्रसेन के आदर्श समाज के लिए प्रेरणास्रोत

**चक्रधरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मारवाड़ी युवा मंच चक्रधरपुर की ओर से श्री अग्रसेन जयंती धार्मिक उत्साह के साथ मनायी गयी. इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. जयंती समारोह की शुरूआत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता से हुई. इसमें बच्चों ने रंग-बिरंगी वेशभूषा पहनकर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं. इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ. मंच पर प्रस्तुत नृत्य, गीत और नाटिकाओं ने दर्शकों का मन मोह लिया. सांस्कृतिक कार्यक्रम का मूल्यांकन करने के लिए जज के रूप में अशोक लोहार और अमीषा साव उपस्थित रहे. इन्होंने प्रतिभागियों की प्रतिभा की सराहना की. सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद विजेताओं को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की गयी. कार्यक्रम के दौरान मंच के अध्यक्ष मयंक केडिया, सचिव आकाश काबरा, कोषाध्यक्ष बिपुल अग्रवाल सहित मोहित, ऋषभ मोहता भगेरिया, जतिन साह, प्रतीक साह, निशांत अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, सिद्धार्थ केजरीवाल, मनीष अग्रवाल, आयुष भगेरिया, अवध खिरवाल, संतोष अग्रवाल, नरेश केडिया, कमल खेतान, दीपु अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे. इस अवसर पर वक्ताओं ने श्री अग्रसेन के आदर्शों और सिद्धांतों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया. युवाओं को उनके पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया.

# मनरेगा योजना से निमार्णाधीन कूप के अस्तित्व को मिटाया

**भवनाथपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आवास निर्माण के संवेदक के द्वारा प्रखंड परिसर में मनरेगा योजना से निमार्णाधीन कूप का अस्तित्व को मिटा दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रखंड परिसर में मनरेगा योजना अंतर्गत वृक्षारोपण योजना के लिए कूप निर्माण कार्य की वित्तीय वर्ष 2021- 22 में स्वीकृति मिली थी। कूप निर्माण के लिए योजना के लाभुक के द्वारा 64 हजार 890 रुपये तीन किस्तों में निकासी की जा चुकी है। प्रखंड पदाधिकारी और कर्मियों के लिए बनाये गए आवास के संवेदक ने कूप को भरकर उसका अस्तित्व ही समाप्त कर दिया। कूप निर्माण के लाभुक ने बताया कि आवास निर्माण के दौरान संवेदक ने ही कूप को भरवा दिया था। उसकी सूचना उन्होंने रोजगार सेवक और बीडीओ को जानकारी भी दी थी। तत्कालीन रोजगार सेवक धर्मराज सिंह ने भी इसकी पुष्टि की।

# शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव : उत्तम मुदी



**बंदगांव/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कराइकेला पंचायत के ग्राम बाउरीसाई ऊपर टोला में आदिवासी कोड़ा एवं मुदी समाज कल्याण संगठन समिति की बैठक जिला स्तरीय सलाहकार सदस्य दीनबंधु मुदी की अध्यक्षता में हुई. मौके पर दीनबंधु मुदी ने समाज के उत्थान के लिए बहुमूल्य विचार रखे. आगामी राज्य स्तरीय सामाजिक बैठक की जानकारी दी. बंदगांव प्रखंड अध्यक्ष उत्तम मुदी ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकजुटता, विकास और ग्रामीण स्तर पर संगठन का विस्तार करना है. हमलोगों को अपनी व्यवस्था को जानने और सीखने की जरूरत है. भाषा और संस्कृति ही हमारी समाज की पहचान है. समाज के युवाओं को शिक्षित होने की जरूरत है. शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव है. अंत में सर्वसम्मति से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और सदस्य का चुनाव किया गया. इसमें मंटू मुदी अध्यक्ष, घासी मुदी उपाध्यक्ष, मुरारी कोड़ा सचिव, अग्नू मुदी कोषाध्यक्ष बनाये गये. सदस्यों में सुषमा कोड़ा, शिवानी मुदी, प्रेमशिला मुदी, सुनीता मुदी, लक्ष्मी मुदी, राजेंद्र मुदी, बहादुर मुदी, पंकज मुदी और छुटू कोड़ा को शामिल किया गया. इस मौके पर गणेश मुदी, चुंगी मुदी, ठाकुर मुदी, चामरु मुदी, लखन कोड़ा, लीलमोहन मुदी, धर्मेंद्र मुदी, दीपक मुदी, मंगल मुदी मौजूद थे.

# केसीसी के लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र निपटायें बैंक : उपायुक्त

## एमएसएमई में स्थानीय लोगों को ऋण प्रदान कर अधिकाधिक करें लाभान्वित : वित्त मंत्री

- पीएम कुसुम योजना से अधिकाधिक लोगों को करें लाभान्वित : सांसद
- जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति जून 2025 तिमाही की हुई बैठक

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति जून 2025 तिमाही की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से छत्तरपुर विधायक सह वित्त मंत्री राधा कृष्णा किशोर, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, एलडीएम सहित अन्य उपस्थित थे। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, सुरक्षा बीमा योजना जीवन ज्योति योजना, डेयरी लोन, पोल्ट्री फार्मिंग सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की।इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रबंधकों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिले इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ बैंकों को भी सक्रिय होकर कार्य करने की आवश्यकता है।

बैठक में छत्तरपुर विधायक सह वित्त मंत्री ने जून तिमाही की बैठक इतनी विलंब से होने के कारणों की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने अगली बार से बैठक को तय समय में रखने पर बल देने की बात कही।




इसके अलावे कृषि की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि का लक्ष्य है वह 8.34 प्रतिशत है। यह संतोषजनक नहीं है। इसमें सुधार लाने को लेकर सभी बैंकों के प्रतिनिधियों को कार्य करने की आवश्यकता है। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने पिछले वित्तीय वर्ष की उपलब्धि की जानकारी मांगी। इससे तुलनात्मक समीक्षा की जा सकेगी। मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम (एमएसएमई) की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने एमएसएमई के तहत किस बैंक के द्वारा किस फर्म को सबसे अधिक ऋण प्रदान किया गया है। क्या वह स्थानीय है कि नहीं से संबंधित पूरी जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि सबसे अधिक ऋण एक्सिस बैंक ने कूल 6 करोड़ रुपये प्रदान की है। साथ ही बताया गया कि एमएसएमई वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त लक्ष्य 65739 लाख रुपये के विरुद्ध 35504.85 लाख रुपये की उपलब्धि प्राप्त की गयी है। मंत्री ने दिए गये ऋण के आउटकम की भी समय- समय पर समीक्षा किये जाने पर बल दिया। इसी क्रम में उन्होंने सीडी रेसियो की भी समीक्षा की।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना में एनरोलमेंट बढ़ाने की दिशा में करें कार्य : सांसद

पलामू सांसद ने पीएम जेजेबीवाई, पीएम एसबीवाई व एपीवाई के तहत विभिन्न बैंकों द्वारा किये जा रहे एनरोलमेंट की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पाया कि बंधन बैंक द्वारा पीएम जेजेबीवाई, पीएम एसबीवाई में शून्य एनरोलमेंट किया गया है। इसी तरह इंडसइंड बैंक द्वारा भी अपेक्षित प्रगति नहीं की गयी है।उन्होंने एलडीएम को उपरोक्त तीनों योजनाओं का प्रचार-प्रसार आमजनों के बीच कराने की बात कही। इसी तरह सांसद ने पीएम कुसुम योजना के तहत भी अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने पर बल दिया।

उपायुक्त ने विभिन्न बैंकों द्वारा केसीसी से संबंधित आवेदन पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने सभी बैंकों को केसीसी से संबंधित लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उपलब्ध कराए जाने वाले बैंक लिंकेज के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी बैंक प्रतिनिधियों को इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही साथ ही प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत बैंकवार दिये गये लक्ष्य के तहत लाभुकों को उपलब्ध कराए गए ऋण की समीक्षा करते हुए बैंक प्रतिनिधियों को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत कार्य संपन्न कराने का निर्देश दिया।इसी तरह वार्षिक साख योजना की उपलब्धि, साख जमा अनुपात की उपलब्धि, पीएम मुद्रा ऋण योजना की उपलब्धि,झारखंड राज्य कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा की गयी।बैठक में उपरोक्त के अलावे चतरा सांसद प्रतिनिधि, एलडीएम अशोक कुमार श्रीवास्तव, डीडीएम नाबार्ड शालीन लकड़ा, आरबीआई के प्रतिनिधि समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक, रैपिड रिस्पांस रीडर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त, रामनिवास यादव और पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार ने गिरिडीह जिला के शहरी क्षेत्रों में विधि व्यवस्था के संधारण एवं किसी भी घटना पर त्वरित प्रतिक्रिया के लिए कुल-30 मोटरसाईकिल के साथ रैपिड रिस्पांस रीडर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गिरिडीह जिला के शहरी क्षेत्रों में विधि व्यवस्था के संधारण एवं किसी भी घटना पर त्वरित प्रतिक्रिया के लिए कुल-30 मोटरसाईकिल के साथ रैपिड रिस्पांस रीडर्स को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया गया।

इस मौके पर बताया गया कि ये रैपिड रिस्पांस रीडर्स जिले के सभी अनुमण्डल क्षेत्र अंतर्गत तैनात रहकर विधि-व्यवस्था का त्वरित संधारण करेंगे। बहरहाल जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई इस मुहिम से लोगों को काफी लाभ होगा।

# ब्लड की जरूरत व उपयोग को लेकर सीएमई का आयोजन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** ब्लड की जरूरत व उपयोग को लेकर नेशनल एड्स कंट्रोल सोसाइटी झारखंड की ओर से होटल अशोका के सभागार में एक सीएमई का आयोजन किया गया। इस सीएमई का उद्घाटन नेको के सहायक निदेशक सुधीर कुमार, गिरिडीह सिविल सर्जन डॉ शेख मोहम्मद जफरुल्ला, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ शोहेल अख्तर व आईएमए के अध्यक्ष डॉ रियाज अहमद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान ट्रेनर डॉ विभु विबोध ने ब्लड की जरूरत और उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अनावश्यक ब्लड चढ़ाने पर रोक लगाने की बात करते हुए कहा कि जिनका हीमोग्लोबिन 10




ग्राम तक हो उन्हें बेवजह ब्लड चढ़ाने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। ऐसे मरीजों का ऑपरेशन किया जा सकता है। इसके अलावे पीआरबीसी ब्लड के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि बहुत जरूरी होने पर ही व्हॉल ब्लड का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने संक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए कम से कम चार दिन पुराने डोनेट ब्लड को ही चढ़ाने की सलाह दी। मौके पर डीएस डॉ प्रदीप बैठा, डॉ रेखा झा, डॉ किरण कौशल, डॉ आरआर बर्णवाल, डॉ आरआर केड़िया, डॉ मो आजाद, डॉ ज्ञान प्रकाश, डॉ अरविंद, डॉ उत्तम जालान, डॉ मनीषा जालान, डॉ विकास लाल, डॉ राजीव कुमार, डॉ श्यामल, डॉ नीरज डोकानिया व डॉ विकास केड़िया समेत कई चिकित्सक मौजूद थे।

# सीमा सुरक्षा बल द्वारा मेरू बाजार में स्वच्छता अभियान आयोजित

## 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' कार्यक्रम के तहत नागरिकों और जवानों ने किया सामूहिक श्रमदान

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, मेरू ने आज प्रातः 8 से 9 बजे तक मेरू बाजार में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। यह अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' राष्ट्रव्यापी स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया।

इस अभियान में प्रशिक्षण केंद्र के 5 अधिकारी, 47 अधीनस्थ अधिकारी, 65 जवान, 50 प्रशिक्षु और करीब 30 नागरिक




शामिल हुए। सभी ने मिलकर बाजार क्षेत्र की सफाई की। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ नागरिकों में सामूहिक जिम्मेदारी और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। सीमा सुरक्षा बल के इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता सिर्फ सरकार या सफाईकर्मियों का कार्य नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। छोटे प्रयास भी जब सभी मिलकर किए जाएँ तो बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। इस अभियान ने नागरिकों और सुरक्षा बलों के बीच सहयोग और साझेदारी को भी सुदृढ़ किया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित, दिए गए जरूरी दिशा-निर्देश

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन व सड़क हादसे में कमी लाने के उद्देश्य से करें कार्य उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में शहरी परिवहन, यातायात एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओ की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, पश्चिमी, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,




सभी अंचलाधिकारी, व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थेइस दौरान उपायुक्त सड़क सुरक्षा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने पेंडिंग हिट एंड रन केस के मामलों में जल्द उचित कारवाई कर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में सड़क हादसों को कम करने के उदेश्य से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के अलावा आईआरएडी एप पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत व घायलों से जुड़ी जानकारी को अपडेट रखने का निदेश दिया। आगे जिले में दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सभी घटनाओं के डेटा को संग्रहित कर एनालेसिस करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए उन स्थानों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का निदेश दिया गया, ताकि ब्लैक स्पॉट की जगह हादसों में कमी लाई गई।

# सीटीओ पुनूम प्रभा मुंडू की देखरेख में स्वच्छता पखवारा का आयोजन




नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आर. के. महिला महाविद्याल,गिरिडीह में सीटीओ पुनूम प्रभा मुंडू की देखरेख मेंस्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के 22 बटालियन एनसीसी हजारीबाग के कैडेट्स ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कैडेट्स ने स्वच्छोत्सव के आधार पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें स्वच्छता अभियान, पेंटिंग प्रदर्शनी,कविता पाठ किया गया। प्राचार्या डॉ मधुश्री सेन सान्याल ने कहा कि स्वच्छता के द्वारा ही हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। सीटीओ पुनूम प्रभा मुंडू ने कहा कि स्वच्छता की शुरूआत अपने परिवार से करें तभी देश स्वच्छ रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कशिश, माही, निशा, बहमनी, सरिता, साल्वी,शिवांगी का योगदान रहा।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त ने अवैध खनन उत्खनन, क्रशर, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया अवैध खनन रोकने की दिशा में उठाएं सख्त कदम समाहरणालय सभाकक्ष में आज उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक किया गया।

इस दौरान उपायुक्त ने अवैध पत्थर उत्खनन, अवैध बालू/ कोयला/ अभ्रक उत्खनन के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा समीक्षा की गई। इस दौरान सीसीएल के पट्टा क्षेत्र, वन क्षेत्रों हो रहे मायका अभ्रक के अवैध उत्खनन व अन्य क्षेत्रों में कोयलें के अवैध उत्खनन व प्रेषण की रोकथाम व अन्य पर विचार विमर्श किया गया। बालू घाटों के संचालन एवं बालू के अवैध भंडारण उठाव एवं परिवहन के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन करने वाले पर प्राथमिकी दर्ज करें तथा वन क्षेत्र में भी खनन करने वाले लोगों पर भी प्राथमिकी दर्ज कर उचित करवाई करें। साथ ही अवैध रूप से खनिज लदे वाहनों की भी जांच करने का निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि अवैध उत्खनन रोकने की दिशा में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी से समन्वय बनाकर संबंधित विभाग कड़ा रूख अख्तियार करें। उन्होंने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए सख्त कदम उठाएं। जांच-पड़ताल के साथ छापेमारी अभियान चलाएं बैठक में पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, आरओ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सभी अंचलाधिकारी, फैक्टरी इंस्पेक्टर समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का किया गया कार्य : ओम प्रकाश गोयल



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज डी ए वी पब्लिक स्कूल, सीसीएल, गिरिडीह के भव्य प्रांगण में ' स्वच्छता ही सेवा ' के विषय पर विद्यालय के प्राचार्य ओम प्रकाश गोयल के नेतृत्व में रैली, सफाई कार्य और अभिनय के माध्यम से स्किट और नुक्कड़ नाटक के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया।स्वच्छता जब तक हमारे व्यवहार में नहीं होगा तब तक स्वच्छता एक चुनौती रहेगी।इसलिए सभी शिक्षक न केवल अपने घर बल्कि मोहल्ले और विद्यालय परिसर को अधिक से अधिक स्वच्छ रखने का संकल्प किया। ' स्वच्छता ही सेवा' के तहत हम सभी का यह कर्तव्य बनता है कि हम धरती और भारत को प्रदूषण रहित,स्वच्छ रखें। ताकि आने वाला भविष्य भी स्वस्थ रहे। आज के ' स्वच्छता ही सेवा' का मुख्य आकर्षण शिक्षकों के द्वारा अभिनीत स्किट और नुक्कड़ नाटक रहा।विद्यालय के अर्धवार्षिक परीक्षा होने के कारण बच्चे अपने-अपने परीक्षा में व्यस्त थे इसलिए अभिनय का कार्य शिक्षकों के द्वारा पूर्ण हुआ।जिसमें शिक्षकों ने शानदार और दमदार अभिनय किया ।स्किट और नुक्कड़ नाटक में शानदार अभिनय करने वाले मुख्य शिक्षक शबाना रब्बानी, नियाज खान, पिंकी तिवारी, मोयना गोस्वामी, निधि सिन्हा,श्वेता सिन्हा, अंकिता सिन्हा,काजल कुमारी, अनिता ओझा, पूजा सिन्हा,भारती श्रीवास्तव,स्मिता डे, नेहा कुमारी,शालिनी कुमारी, संगीता कुमारी नेहा जैन, दीपक कुमार और सुष्मिता कुमारी थे। आज के मुख्य अतिथि सीसीएल के महाप्रबंधक गिरीश कुमार राठौर पर्यावरण पदाधिकारी शम्मी कपूर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य श्री ओमप्रकाश गोयल ने अपने वक्तव्य में सभी अतिथियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि महाप्रबंधक के द्वारा विद्यालय के शिक्षकों का हौसला बढ़ाना शिक्षकों को अत्यंत उत्साहित करता है। प्राचार्य ने कहा कि स्वच्छता एक आदत है और हम सबको यह आदत रखनी ही चाहिए।उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम के शब्दों को रखा कि सभी बच्चे विशेष होते हैं हम सबको उनके गुणों को सहारा देना चाहिए। आज के कार्यक्रम में मंच का संचालन काकोली शाहा और नबकिशोर हलदर ने किया।

# गौरी शंकर के सपनों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हिमालय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, पटना के संस्थापक स्वर्गीय गौरी शंकर प्रसाद का श्राद्धकर्म एवं ब्रह्मभोज आज श्रद्धा एवं भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती फूलकुमारी देवी, पुत्र उमाशंकर, गणेश कुमार, राज कुमार एवं परिवार के सभी सदस्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं मित्र-संबंधियों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किया। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

श्रद्धांजलि सभा में स्व. प्रसाद को शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके अविस्मरणीय योगदान के लिए याद किया। हिमालय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. उमाशंकर ने कहा कि स्वर्गीय गौरी शंकर प्रसाद के आदर्श और उनके सपनों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि उनके



आदर्शों और विचारों से प्रेरणा लेकर संस्थान निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। श्राद्धकर्म एवं ब्रह्मभोज में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और सभी ने उनके परिवार को संबल प्रदान करने तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की।

# उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर में साफ-सफाई की तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधारोपण

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव ने महात्मा गाँधी के मूल्य स्वच्छता ही ईश्वरीयता हैं, के मूल्यों पर चलने का दिया सन्देश स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 को लेकर उपायुक्त समाहरणालय परिसर में साफ-सफाई की और "एक पेड़ मां" अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह, उप नगर आयुक्त, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1/2 समेत अन्य संबंधित अधिकारियों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मौके पर जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने महात्मा गाँधी के मूल्य स्वच्छता ही ईश्वरीयता को आत्मसात करने का सन्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जब आंतरिक और बाहरी दोनों तरह की स्वच्छता होती है, तो यह व्यक्ति ईश्वरीयता के करीब पहुँचता है। आगे उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान दिनांक 17 सितम्बर से 02



अक्टूबर महात्मा गाँधी जयंती तक चलेगा। इस दौरान उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा में हम सब को श्रमदान करना हैं। वहीं उपायुक्त ने समस्त जिलेवासियों से अपील किया कि "स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा" में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें, जिसकी शुरूआत आप अपने कार्यालय से अपने घरों से एवं अपने आसपास, पड़ोस को साफ करें। सभी लोग श्रमदान करें और अपने आसपास की जगहों को साफ-सुथरा बनाये। उपायुक्त ने इस अभियान को लेकर जिले के सभी जनप्रतिनिधियों , पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए निदेशित किया कार्यक्रम में अवीक अंबाला, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 2 द्वारा अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया, कार्यपालक अभियंता ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अपनी जल सहिया कार्यकत्रीयों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से इस अभियान को जन - जन तक पंहुचा रहा हैं एवं लोगों की सार्वजनिक भागीदारी और जागरूकता सुनिश्चित कर रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि घर, कार्यालय और प्रतिष्ठानों में गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण अनिवार्य रूप से करें। कचरे को सड़कों पर न फेंकें, बल्कि नगर निगम के निर्धारित वाहनों में ही डालें। यह प्रयास न केवल शहर को स्वच्छ बनाएगा बल्कि सभी को स्वस्थ वातावरण भी देगा। वहीं राहुल श्रीवास्तव, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1ने पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने सभी से अपील किया कि जिले को कूड़ा मुक्त और स्वच्छ शहर बनाने में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। स्वच्छता सिर्फ अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। यह अभियान 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा और इस दौरान हर दिन स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1/2, सहायक अभियंता, कनिय अभियंता, डिस्ट्रिक्ट लीड, यूनिसेफ, जिला समन्वयक एसबीएम, सभी कर्मचारीगण टीम उपस्थित थे।

# श्रमदान कर जिला प्रशासन ने दिया स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश

◆ स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए उपायुक्त ने आमजनों को जागरूक करने का किया आह्वान ◆ सामूहिक प्रयासों के साथ-साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी स्वच्छता के प्रति योगदान देना आवश्यक : उपायुक्त





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी** । 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज जिला प्रशासन की ओर से विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। माननीय विधायक खूँटी राम सूर्या मुण्डा, उपायुक्त आर. रॉनिटा समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी, नगर पंचायत, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल तथा सीआरपीएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से राजा तालाब परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया।अभियान में पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो, उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, डीपीआरओ पंचायतीराज, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, डीपीएम-जेएसएलपीएस, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी, सफाई मित्र, जल सहिया तथा बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के जवान उपस्थित थे। सभी ने मिलकर क्षेत्र से कचरा, प्लास्टिक, झाड़ियां एवं अन्य अवशेष हटाकर राजा तालाब परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया। इस दौरान उपायुक्त आर. रॉनिटा ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और कहा कि हमें निरंतर श्रमदान कर अपने जिले को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना है। सामूहिक प्रयासों के साथ-साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी स्वच्छता के प्रति योगदान देना आवश्यक है। प्लास्टिक का उपयोग कम करें और लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें। उन्होंने श्रमदान में सक्रिय भागीदारी के लिए सभी अधिकारियों, कर्मियों, सीआरपीएफ जवानों, सफाई मित्रों एवं जल सहिया के प्रति आभार प्रकट किया। और जिले को स्वच्छ

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

खूँटी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा नव स्थापित मतदान केंद्रों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई तथा निर्वाचन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश साझा किए गए।

उल्लेखनीय है कि 1200 से अधिक संख्या वाले मतदाताओं एवं 2 किलोमीटर से अधिक दूरी वाले मतदान केंद्रों के लिए अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित किए गए है, इनमें खूंटी विधानसभा में 8 नए मतदान केंद्र एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 10 नए मतदान केंद्र स्थापित करने की जानकारी बैठक में दी गई। बैठक में मुख्य रूप से निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी खूंटी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी दीपेश कुमारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तोरपा अपर समाहर्ता परमेश्वर मुण्डा, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर उपस्थित थी।

## कुख्यात गैंग के तीन शूटर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़**। जिले में भुरकुंडा क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अजय कुमार के निर्देश पर गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने छापेमारी कर कुख्यात राहुल दुबे गैंग के तीन सक्रिय सदस्यों को हथियारों समेत गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी गुरुवार को एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी गई।

एसपी ने बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने न केवल भुरकुंडा की दोनों फायरिंग घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकारी, बल्कि कुज्जू क्षेत्र में फिर से वारदात की योजना बनाने की बात भी कबूल की।

गौरतलब है कि 18 अगस्त 2025 को सयाल भुरकुंडा स्थित आरए माइनिंग साइट और 29 अगस्त 2025 को सेंट्रल सौंदा भुरकुंडा स्थित पप्पू जैन के साइट पर फायरिंग की घटनाएं हुई थीं। दोनों मामलों में पतरातु (भुरकुंडा) थाना में कांड संख्या 209/25 और 220/25 दर्ज की गई थी।

इन घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ पतरातु गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। 24 सितंबर को गुप्त सूचना मिली कि गिरोह के सदस्य रामगढ़ के



कोठार स्थित एक होटल में बड़ी घटना की साजिश रच रहे हैं। इसके आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तुषार मिश्रा उर्फ शौम्या मिश्रा निवासी मरार, रांची रोड, रामगढ़, मंगलेश कुमार निवासी बरवाअड्डा, धनबाद और मुकेश कुमार उर्फ मुक्कु निवासी महुगाई कला, हजारीबाग के रूप में हुई। अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने दो पिस्टल (एक 7.65 एमएम, एक देशी), सात जिंदा कारतूस, एक मैगजीन और तीन मोबाइल फोन बरामद किए। पूछताछ में तीनों ने स्वीकार किया कि भुरकुंडा फायरिंग राहुल दुबे के निर्देश पर की गई थी। साथ ही वे कुज्जू (महुआटुंगरी) में फायरिंग की योजना भी बना रहे थे। तुषार मिश्रा के खिलाफ पहले से रांची और रामगढ़ में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। छापेमारी अभियान में एसडीपीओ पतरातु गौरव गोस्वामी के साथ कई थाना और ओपी प्रभारी शामिल थे। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## आठ दिनों से पेयजलापूर्ति ठप, लोगों में हाहाकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजरप्पा** । चितरपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में पीएचईडी विभाग द्वारा पेयजलापूर्ति की जाती है, लेकिन पिछले आठ दिनों से यहां पेयजलापूर्ति पूरी तरह से ठप है। इससे शारदीय नवरात्र जैसे पावन पर्व में भी चितरपुर क्षेत्र के लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं।

चितरपुर, मारंगमरचा, सोंढ़, तेबरदाग, कपरकट्टा टांड़ सहित कई गांवों के लगभग 25 हजार लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। सुबह से शाम तक लोगों को पानी की चिंता सता रही है। ग्रामीणों ने बताया कि चितरपुर बाजार टांड़ स्थित जलमीनार का गेट बल्ब खराब हो जाने से पानी की आपूर्ति बाधित है।यह कोई पहली बार नहीं हुआ है। पिछले दो महीनों में 5-6 बार गेट बल्ब खराब हो चुका है, लेकिन विभाग की ओर से अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है। इससे लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नवरात्र के दिनों में जब घर-घर पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं, तब पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। ऐसे में इस तरह की समस्या दुर्भाग्यपूर्ण है। कई गांवों की महिलाएं और बच्चे रोजाना दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर हैं।

हालात ऐसे हैं कि लोगों को पीने और खाने तक के लिए पानी जुटाने में मशक्कत करनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की लापरवाही और उदासीनता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। इस संबंध में पानी टंकी कर्मी ने कहा कि गेट बल्ब खराब हो जाने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित है।इसे दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। ठीक हो जाने के बाद पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू कर दिया जाएगा। इस बाबत कांग्रेस नेता अनवारुल हसन ने मांग की है कि जल्द से जल्द स्थायी समाधान निकाला जाये।

## शिक्षा परियोजना एवं मध्याह्न भोजन योजना की जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक

### विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित का दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी**। समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार की अध्यक्षता में झारखंड शिक्षा परियोजना एवं मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमिटी, खूंटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में योजना के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य रूप से स्कूली बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, मध्याह्न भोजन एवं इससे संबंधित एसएमएस भेजने की स्थिति, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, रसोइयों और सहायिकाओं को मानदेय भुगतान समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई।

समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि मध्याह्न भोजन में पौष्टिकता का विशेष ध्यान रखते हुए अनिवार्य रूप से हरी सब्जी तथा अन्य पोषक आहार का समावेश किया जाए। साथ ही झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत कक्षा 1 से 8वीं एवं कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्र छात्राओं को समय पर पोशाक हेतु शत प्रतिशत डीबीटी सुनिश्चित की जाएं। शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति, बच्चों की उपस्थिति, पठन-पाठन की गुणवत्ता तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की भी समीक्षा की गई।

बैठक में उप विकास आयुक्त ने सभी बीईओ, बीपीओ, बीआरपी एवं सीआरपी को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक माह अपने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर ऑनलाइन रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि विद्यालयों का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन, मिड-डे मील की ससमय आपूर्ति, मेनू के अनुसार भोजन वितरण एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर दिया जाए। विद्यालयों की नियमित मोनिटरिंग एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित की जाए। शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, पूरी तत्परतापूर्वक बच्चों के पठन-पाठन के अलावा बच्चों को स्वच्छता, शिष्टाचार समेत अन्य जरूरी विषयों के प्रति उन्हें जागरूक करें, जिससे बच्चों का सवार्गीण विकास हो सके। इस बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सभी बीईओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### वज्रपात से महिलाएं झुलसीं

**जामताड़ा**। नारायणपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक ही परिवार की चार महिलाएं जख्मी हो गईं। सभी को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी नारायणपुर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी महिलाओं की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना गुरुवार दोपहर 2:30 बजे की है। सभी महिलाएं घर में खाना खा रही थी।

इसी क्रम में बारिश के बीच तेज आवाज के साथ घर के आंगन में स्थित एक पेड़ पर वज्रपात हो गया, जिसकी चपेट में खाना खा रही है चारों महिलाएं आ गईं और वहीं मूर्छित हो गई। घटना के बाद मौके पर कोहराम मच गया।

### दुष्कर्म मामले में पुलिस अधिकारी को सजा

**रांची**। पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश बीके श्रीवास्तव की अदालत ने गुरुवार को पड़ोस की 13 वर्षीय नाबालिग का एक साल तक दुष्कर्म करने के मामले में अभियुक्त एएसआइ नीरज कुमार खोसला को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 55 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। नहीं देने पर एक साल की अतिरिक्त जेल काटनी होगी। अदालत ने निलंबित एएसआइ को उक्त आरोप में मंगलवार को दोषी ठहराया था।

अभियुक्त बिहार के मधुबनी जिले का रहने वाला है। अभियुक्त को मामले में पुलिस ने 17 नवंबर 2023 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में ही है।

गिरफ्तारी के समय वह पीसीआर 28 में तैनात था। झारखंड हाई कोर्ट ने भी अभियुक्त को जमानत देने से इन्कार किया था। घटना को लेकर महिला थाना में 14 नवंबर 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। आरोप है कि 15 अगस्त 2022 की रात नाबालिग घर पर अकेली थी, तभी पड़ोस में रहने वाला नीरज खोसला उसे अपने घर ले गया और दुष्कर्म किया।

## मुरहू प्रखंड के गोड़ा टोली में "आदि सेवा केंद्र" का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी**। मुरहू प्रखंड के गोड़ा टोली में आज आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अन्य वरीय पदाधिकारीगण, पंचायत की मुखिया तथा स्थानीय ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से इसे जनकल्याणकारी प्रयास बताते हुए सरकार की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण जनता तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं की सहज पहुँच सुनिश्चित होगी।

उल्लेखनीय है कि जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के दिशाङ्गनिर्देशों के आलोक में खूंटी जिले के अंतर्गत चल रहे आदि कर्मयोगी अभियान के तहत कुल 403 आदिवासी एवं आदिम जनजाति बहुल गांवों में आदि सेवा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इन केन्द्रों को ग्राम प्रभारी, आदि सहयोगी, आदि साथी तथा विभिन्न सदस्यों से जोड़ा गया है, ताकि स्थानीय स्तर पर इनकी कार्यप्रणाली सशक्त और प्रभावी हो सके।

स्थापित ₹आदि सेवा केंद्र₹ में समयबद्ध रोस्टर तैयार कर विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएंगी। ये केंद्र न केवल ग्रामीणों और विभागीय कर्मियों के बीच सेतु का कार्य करेंगे, बल्कि सेवा वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने में भी अहम भूमिका निभाएँगे। साथ ही केंद्र पर शिकायत रजिस्टर संधारित किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों द्वारा दर्ज की गई समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित समाधान संबंधित विभागों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा सके।

इसके अतिरिक्त ₹विलेज विजन एक्शन प्लान₹ की रूपरेखा तैयार करने हेतु ग्रामीणों के साथ विचार-विमर्श भी किया गया। इस संवाद प्रक्रिया के दौरान गांव की मूलभूत आवश्यकताओं की पहचान, विभिन्न समस्याओं के संभावित समाधान तथा आगामी पाँच वर्षों में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए ठोस एवं व्यवहारिक योजनाओं का निर्माण करने पर विशेष बल दिया गया।

ग्रामीणों ने इस पहल को लेकर उत्साह व्यक्त किया और कहा कि अब उन्हें अपनी समस्याओं और योजनाओं से संबंधित जानकारी एवं समाधान के लिए बार-बार प्रखंड या जिला मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। ₹आदि सेवा केंद्र₹ उनके लिए एक स्थानीय मंच के रूप में कार्य करेगा, जहाँ वे सीधे तौर पर प्रशासन से संवाद स्थापित कर पाएंगे। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन केंद्रों से जुड़ें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहयोग करें।

## 36वीं ईस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में झारखंड विजयी

### 166 अंकों के साथ बिहार ने हासिल किया दूसरा स्थान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। रांची में आयोजित 36वीं ईस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 में बिहार की टीम उप विजेता रही, जबकि झारखंड ने ओवरऑल खिताब अपने नाम किया। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि बिहार ने 166 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि झारखंड 172 अंकों के साथ विजेता रहा। बिहार के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में कुल 59 पदक जीते, जिसमें 20 स्वर्ण, 18 रजत और 21 कांस्य पदक शामिल हैं।

बालक अंडर 16 वर्ष वर्ग में कीशू सिंह और बालिका अंडर 18 वर्ग में अलका सिंह को



सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

शंकरण ने कहा कि इस सफलता में राज्य सरकार की खेल नीतियों, सहयोग और प्रयास का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। टूर्नामेंट से पहले योग्य खिलाड़ियों के चयन और विशेष प्रशिक्षण शिविरों ने इस शानदार प्रदर्शन को संभव बनाया। उन्होंने यह भी कहा कि इस सफलता से बिहार के अन्य खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और भविष्य में खेल में और उपलब्धियां हासिल करने की प्रेरणा मिलेगी।

## गजराजों के आतंक से किसानों की उड़ी नींद

- 40 हाथियों का है झुण्ड
- फसलों को किया बर्बाद
- दहशत के साये में ग्रामीण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। राज्य में मानसून की बारिश लगातार जारी है, लेकिन इसी बीच हाथियों का झुंड गांवों में घुसकर उत्पात मचा रहा है। बोकारो और हजारीबाग जिलों में गजराजों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि किसानों की नींद उड़ गई है। हाथियों के झुंड ने फसलों को बर्बाद करने से लेकर ग्रामीण इलाकों में दहशत फैलाने तक लोगों को परेशान कर रखा है। स्टील सिटी बोकारो के जंगल क्षेत्र में इन दिनों 42 हाथियों का विशाल झुंड डेरा डाले हुए है, जिसमें तीन छोटे हाथी भी शामिल हैं। यह दल आए दिन गांवों में घुसकर धान और मक्का की फसल रौंद रहा है। कई जगह खेत पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं। किसान बार-बार वन विभाग से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। वहीं हजारीबाग जिले के टाटीझरिया इलाके में भी 30 हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए है। हाथियों ने यहां के कई गांवों में तबाही मचाई है। टाटीझरिया निवासी किसान महेंद्र राम ने बताया कि सैकड़ों एकड़ में लगी फसल बर्बाद हो चुकी है। किसानों को अब भारी आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है। वे सरकार से तात्कालिक मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में हाथियों की दहशत इतनी बढ़ गई है कि लोग खेतों की रखवाली के लिए रातभर जाग रहे हैं। गांवों में महिलाएं और बच्चे भी भय के माहौल में जी रहे हैं। किसान कह रहे हैं कि मेहनत और लागत से तैयार फसल पलभर में बर्बाद हो जा रही है। वन विभाग की नजर लगातार हाथियों की गतिविधियों पर है। बोकारो और हजारीबाग के अधिकारियों ने बताया कि हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वन विभाग के अधिकारी संदीप शिंदे ने कहा हाथियों की गतिविधियों पर हमारी टीम नजर रख रही है। ग्रामीण सतर्क और सजग रहें। हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं ताकि हाथियों को आबादी से दूर रखा जा सके।

गौरतलब है कि दो-तीन दिन पहले रामगढ़ जिले में भी हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए था। वहां से खदेड़े जाने के बाद यह झुंड बोकारो और हजारीबाग की ओर निकल आया। बोकारो में जंगलों और गांवों में फैले 42 हाथियों में से कुछ हाथी अब हजारीबाग के टाटीझरिया क्षेत्र में जम गए हैं। लगातार हाथियों के आने-जाने से ग्रामीण दहशत में हैं। लोग घर से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे हैं। गांव के चौक-चौराहों पर हाथियों के झुंड को लेकर चर्चा का माहौल है। बच्चे घरों से बाहर खेलने नहीं निकल पा रहे हैं।

वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार बारिश और जंगलों में भोजन की कमी के कारण हाथी अब गांवों की ओर रुख कर रहे हैं। फसलें उनके लिए आसान भोजन का साधन बन गई हैं। विशेषज्ञों ने सरकार को सुझाव दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में फसलों के नुकसान का आकलन कर किसानों को त्वरित मुआवजा दिया जाए।

# ईरानी कप में रजत पाटीदार करेंगे शेष भारत की अगुआई

**ऋतुराज होंगे उपकप्तान; विदर्भ से होना है मैच**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेष भारत और रणजी ट्रॉफी चैंपियन विदर्भ के बीच नागपुर में एक अक्तूबर से ईरानी कप का मुकाबला होना है। इसके लिए रजत पाटीदार को शेष भारत की कमान सौंपी गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ईरानी कप के लिए शेष भारत की टीम घोषित कर दी है। शेष भारत और रणजी ट्रॉफी चैंपियन विदर्भ के बीच नागपुर में एक अक्तूबर से ईरानी कप का मुकाबला होना है। इसके लिए रजत पाटीदार को शेष भारत की कमान सौंपी गई है, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ उपकप्तानी का जिम्मा संभालेंगे।

**अक्षय संभालेंगे विदर्भ की कमान** – विदर्भ की नजरें 2017–18 और 2018–19 सत्र के बाद तीसरी बार ईरानी कप जीतने पर टिकी होंगी। शेष भारत ने 29 बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीता है। शेष भारत से पहले विदर्भ ने भी इस मुकाबले के लिए अपनी टीम घोषित की थी और विकेटकीपर बल्लेबाज अक्षय वाडकर को टीम की कमान सौंपी थी। विदर्भ क्रिकट संघ की सीनियर चयन समिति की बैठक में यश राठौड़ को उपकप्तान नियुक्त किया गया था। वाडकर ने 62 प्रथम श्रेणी मैचों में 48.82 की औसत से 11 शतक सहित 3906 रन बनाए हैं। पिछले सत्र में विदर्भ को रणजी खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले उस्मान गनी टीम के कोच होंगे।

**ईरानी कप के लिए शेष भारत की टीम–** रजत पाटीदार (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), ऋतुराज गायकवाड़ (उपकप्तान), यश ढुल, शेख रशीद, ईशान किशन (विकेटकीपर), तनुष कोटियान, मनव सुथार, गुरनुर बरार, खलील अहमद, आकाश दीप, अंशुल कंबोज, सारांश जैन। ईरानी कप के लिए विदर्भ की टीम- अक्षय वाडकर (कप्तान और विकेटकीपर), यश राठौड़, अथर्व तायडे, अमन मोखड़े, दानिश मालेवार, हर्ष दुबे, पार्थ रेखाडे, यश ठाकुर, नचिकेत भुटे, दर्शन नालकंडेय, आदित्य ठाकरे, अक्षय कर्णेवार, यश कदम, शिवम देशमुख, प्रफुल्ल हिंगे और ध्रुव शौरी।

# वेस्टइंडीज सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान

## करुण को नहीं मिली जगह; जडेजा बने उपकप्तान

**मुंबई, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए गुरुवार को भारतीय टीम का एलान हो गया है। भारतीय टीम इस सीरीज में शुभमन गिल की अगुआई में उतरेगी, जबकि रवींद्र जडेजा उपकप्तान होंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए गुरुवार को भारतीय टीम का एलान हो गया है। भारतीय टीम इस सीरीज में शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने उतरेगी, जबकि रवींद्र जडेजा को उपकप्तान बनाया गया है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो अक्तूबर को दो मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के बाद पहली बार भारतीय टीम टेस्ट मैच खेलने उतरेगी।

**पंत की अनुपस्थिति में जुरेल संभालेंगे विकेटकीपिंग का जिम्मा** – वेस्टइंडीज के खिलाफ ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग का जिम्मा संभालेंगे। टीम के अनुभवी विकेटकीपर ऋषभ पंत चोट से पूरी तरह उबर नहीं सके हैं जिस कारण इस सीरीज के लिए उनका चयन नहीं किया गया है। पंत इंग्लैंड दौरे पर उपकप्तानी का जिम्मा भी संभाल रहे थे और उनकी अनुपस्थिति में अब यह जिम्मेदारी रवींद्र जडेजा को सौंपी गई है। यह पहले से ही तय माना जा रहा था कि पंत वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। ऐसे में जुरेल पर जिम्मेदारी होगी जिन्होंने इंग्लैंड दौरे पर भी पंत की अनुपस्थिति में विकेट के पीछे जिम्मेदारी निभाई थी। विकेटकीपर के तौर पर जुरेल पहली पसंद हैं, जबकि बैकअप के तौर पर एन जगीदशन को भी टीम में जगह दी गई है।

**बुमराह को नहीं दिया गया आराम** – एशिया कप में भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रामण की अगुआई कर रहे जसप्रीत बुमराह को वेस्टइंडीज के खिलाफ आराम नहीं दिया गया है। इंग्लैंड दौरे पर बुमराह के कार्यभार प्रबंध का ध्यान रखा गया था और उन्होंने पांच में से सिर्फ तीन मैच ही खेले थे। इसे देखते हुए माना जा रहा था कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के मद्देनजर बुमराह को इस सीरीज से आराम मिल सकता है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस बात की भी पूरी संभावना है कि बुमराह प्लेइंग-11 का हिस्सा होंगे। वहीं, उनके साथ मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे।




**करुण बाहर, सरफराज को नहीं मिली जगह** –इंग्लैंड दौरे से आठ साल बाद भारतीय टीम में जगह बनाने वाले करुण नायर को वेस्टइंडीज के खिलाफ टीम में जगह नहीं दी गई है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके थे। इंग्लैंड के खिलाफ ओवल पर आखिरी टेस्ट में अर्धशतक जमाने वाले करुण ने सभी पारियों में अच्छी शुरुआत की। वह खराब फॉर्म में नहीं थे लेकिन ज्यादा रन नहीं बना सके। इसके बाद उनकी अंगुली में चोट लग गई और वह दलीप ट्रॉफी नहीं खेल सके। दूसरी ओर, सरफराज खान को एक बार फिर टेस्ट टीम में जगह नहीं दी गई है। सरफराज पिछले कुछ समय से अपनी फिटनेस पर भी काम कर रहे थे और उन्होंने घरेलू क्रिकेट में रन बनाए थे, लेकिन चयनकर्ताओं ने इस सीरीज के लिए उन्हें नहीं चुना है।

**श्रेयस अय्यर ने लाल गेंद के प्रारूप से लिया ब्रेक** – वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए टीम के एलान से पहले बीसीसीआई ने इस बात की पुष्टि कर दी थी कि श्रेयस अय्यर ने लाल गेंद के प्रारूप से छह महीने का ब्रेक लिया है। संभवतः इसी कारण चयनकर्ताओं ने श्रेयस के नाम पर विचार नहीं किया होगा। बीसीसीआई ने बताया था कि श्रेयस की ब्रिटेन में सर्जरी हुई थी और वह इससे उबर रहे हैं। हाल ही में लाल गेंद के मैच में खेलने के दौरान उन्हें दिक्कतें हो रही थी। श्रेयस चाहते हैं कि इस पीरियड को वह अपनी फिटनेस को ठीक करने के लिए लगाएं। श्रेयस के फैसले को देखते हुए बीसीसीआई ने ईरानी कप के लिए उनका चयन नहीं किया है।

# सफलता के बावजूद सूर्यकुमार यादव की फॉर्म ने भारत के लिए बढ़ाई चिंता, क्या पड़ रहा कप्तानी का दबाव?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव बल्ले से चमक बिखेरने में लगातार असफल हो रहे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में यह देखने को मिला कि जैसे ही अभिषेक आउट हुए भारत की रनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। मध्यक्रम के बल्लेबाज या तो सस्ते में पवेलियन लौटे या उन्हें रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

भारतीय टीम ने अजेय रहते हुए लगातार पांच मैच जीतकर एशिया कप 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत ने बुधवार को सुपर चार चरण के मैच में बांग्लादेश को हराकर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। भारतीय टीम का प्रदर्शन मौजूदा टूर्नामेंट में काफी अच्छा रहा है और टीम अजेय बनी हुई है। भारत को लगातार सफलता मिल रही है, लेकिन कप्तान सूर्यकुमार यादव की फॉर्म ने उसके लिए चिंता बढ़ा दी है।




**अभिषेक के आउट होने के बाद लड़खड़ा रही पारी** –भारत को फाइनल से पहले अब शुक्रवार को श्रीलंका का सामना करना है। टीम इस मैच में अपना मजबूत और कमजोर पक्ष दोनों को देखना चाहेगी क्योंकि खिताब के इतने करीब आकर सूर्यकुमार की अगुआई वाली टीम कोई गलती करने से बचना चाहेगी। बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल पिछले दो मैचों से टीम को अच्छी शुरुआत दिला रहे हैं। अभिषेक ने सामने से जिम्मेदारी निभाई है और लगातार दो मैच में अर्धशतक लगा चुके हैं। दूसरी ओर, सूर्यकुमार यादव बल्ले से चमक बिखेरने में लगातार असफल हो रहे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में यह देखने को मिला कि जैसे ही अभिषेक आउट हुए भारत की रनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। मध्यक्रम के बल्लेबाज या तो सस्ते में पवेलियन लौटे या उन्हें रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

**मौजूदा एशिया कप में सूर्यकुमार का प्रदर्शन** – मौजूदा एशिया कप में सूर्यकुमार चार बार बल्लेबाजी के लिए उतरे हैं। उन्होंने अब तक 7, 47, 0 और 5 रनों की पारी खेली है। इससे पहले साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में भी वह संघर्ष करते नजर आए थे। उन्होंने उस सीरीज में 5.60 की औसत से 28 रन बनाए थे जिसमें दो बार शून्य पर आउट होना भी शामिल है। सूर्यकुमार टी20 के विस्फोटक बल्लेबाज माने जाते हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से जिस तरह उनका बल्ला खामोश है, उसने भारतीय ड्रेसिंग रूम की बेचैनी बढ़ा रखी है। भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी रहे सुनील गावस्कर ने भी इस मामले को लेकर अपनी राय रखी। उन्होंने एक न्यूज चैनल से कहा, कप्तान के लिए जरूरी है कि वह आकर कुछ रन बनाए। सूर्यकुमार चौथे नंबर पर आए और फिर से वही शॉट खेलकर आउट हो गए। यह उनके लिए आमतौर पर एक बहुत ही कारगर शॉट है, इसमें कोई शक नहीं। लेकिन जब आप संघर्ष कर रहे हों, तो शायद आपको तब तक नहीं खेलना चाहिए जब तक आपको परिस्थिति का पूरा अंदाजा न हो जाए। एक बार जब आप जम जाएं और 25 या 30 रन बना लें, तब आप वह शॉट खेल सकते हैं।

**एशिया कप:**

# बांग्लादेशी गेंदबाजों पर कहर बनकर टूटे अभिषेक शर्मा रहे प्लेयर ऑफ द मैच, लगातार दूसरे मैच में जीता खिताब



**दुबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने एशिया कप 2025 के सुपर–4 के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश को 41 रन से हरा दिया। भारतीय टीम की जीत के हीरो बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा रहे। शर्मा ने 37 गेंद पर 75 रन की पारी खेली थी। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इससे पहले टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय क्रिकेट टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाए थे। भारतीय टीम को शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा ने 6.2 ओवर में पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़कर मजबूत शुरुआत दी थी। मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने अगर अच्छी बल्लेबाजी की होती तो स्कोर 200 के आसपास हो सकता था। अभिषेक शर्मा ने 37 गेंद पर 75 रन की पारी खेली। इस पारी में 5 छक्के और 6 चौके शामिल रहे। हार्दिक पांड्या ने 29 गेंद पर 38 और गिल ने 19 गेंद पर 29 रन बनाए। शिवम दुबे 2, कप्तान सूर्यकुमार यादव 5, तिलक वर्मा 5 रन बनाकर आउट हुए। अक्षर पटेल 10 रन बनाकर नाबाद रहे। 169 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी बांग्लादेश 19.3 ओवर में 127 पर सिमट गई और 41 रन से मैच हार गई। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा 69 रन की पारी सलामी बल्लेबाज सैफ हसन ने खेली। 51 गेंद की पारी में इस बल्लेबाज ने 5 छक्के और 3 चौके लगाए। दूसरे टॉप स्कोरर परवेज हुसैन इमोन रहे। उन्होंने 21 रन बनाए। इसके अलावा कोई बल्लेबाज दो अंकों में नहीं पहुंच सका।

# वैभव सूर्यवंशी ने 70 गेंदों पर ठोके 108 रन पर अभिज्ञान उनसे भी आगे, 87 गेंदों पर बनाए हैं 158 रन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया अंडर 19 टीम ने आयुष महात्रे की कप्तानी में 3 मैचों की यूथ वनडे सीरीज में मेजबान ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम को पहले दो मुकाबलो में लगातार हराते हुए इस वनडे सीरीज को 2-0 से अपने नाम कर लिया। पहले दो मैचों में इंडिया की तरफ से रन बनाने के मामले में टीम के विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू तूफानी बल्लेबाजी वैभव सूर्यवंशी से भी आगे रहे। इस सीरीज के पहले दो मैचों में अभिज्ञान ना सिर्फ भारत की तरफ से बल्कि ओवरऑल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में पहले स्थान पर हैं जबकि वैभव सूर्यवंशी उनसे ठीक नीचे यानी दूसरे नंबर पर काबिज हैं। वैभव स्ट्राइक रेट के मामले में अभिज्ञान से आगे हैं, लेकिन अभिज्ञान का औसत इन दोनों मैचों में कमाल का है।

### वैभव ने बनाए हैं 70 गेंदों पर 108 रन

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले 2 वनडे मैचों में वैभव सूर्यवंशी की बैटिंग काफी आक्रामक रही है और दोनों ही मुकाबलों में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। इन दोनों मैचों में उन्होंने 70 गेंदों का सामना करते हुए 108 रन बनाए हैं जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 120.00 का रहा है जबकि औसत 54.00 का रहा है। उनका बेस्ट स्कोर इन मैचों में 70 रन है और उनके बल्ले से 12 चौके और 7 छक्के लगाए हैं जबकि एक अर्धशतक उनके बल्ले से निकला है।

### अभिज्ञान के बल्ले से निकले हैं 158 रन

भारतीय अंडर 19 टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने टीम की सीरीज जीत में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों मैचों में उन्होंने टीम के लिए अहम पारी खेली और 2 मैचों में उन्होंने 158.00 की तगड़ी औसत के साथ 158 रन बनाए हैं और एक बार नाबाद भी रहे।

**मोहम्मद शमी का टेस्ट करियर खत्म**

# वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज से नाम क्यों गायब... BCCI का प्लान B तैयार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों की सीरीज के के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है. लेकिन इस टीम में एक बार फिर मोहम्मद शमी को मौका नहीं मिला. ऐसे में एक तरह से माना जा रहा है कि अब भारतीय टेस्ट टीम से उनका बोरिया बिस्तर लगभग बंध गया है. वेस्टइंडीज की टीम अगले महीने अक्टूबर में दो टेस्ट खेलने के लिए भारत आ रही है. 35 साल के मोहम्मद शमी ने टेस्ट में आखिरी बार भारत के लिए जून 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में खेला था. तेज गेंदबाज शमी ने अब तक 64 टेस्ट मैचों 229 विकेट निकाले हैं. उस सीरीज के बाद से लगातार भारतीय टीम के तेज गेंदबाजी अटैक में वो जगह बनाने में नाकाम रहे.

**क्यों शमी का टेस्ट टीम से पत्ता कटा, क्या चोटिल रहना वजह** – इंग्लैंड दौरे पर मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और जसप्रीत बुमराह मेन पेस गेंदबाज थे. अर्शदीप सिंह भी इस दौरे पर गए थे, वहीं अंशुल कम्बोज को भी डेब्यू करने का मौका मिला था. हर्षित राणा इंग्लैंड दौरे पर बैकअप प्लेयर के तौर पर गए थे. ऐसे में भारत के पास युवा तेज गेंदबाजों का पूल तैयार है. वहीं शमी अब 35 साल के हैं, ऐसे में ड्ब्ल्यूटीसी की मौजूदा साइकिल (2025-27) के अंत तक उनकी उम्र 37 साल हो जाएगी. वहीं दूसरी बात यह भी है कि शमी का हाल में किसी फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी प्रदर्शन बहुत शानदार नहीं रहा है.

**'क्रिकेट से मस्ती नहीं...',**

# सुनील गावस्कर ने गौतम गंभीर-सूर्यकुमार यादव को एशिया कप फाइनल से पहले चेताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया ने एशिया कप टी20 के फाइनल में जगह बना ली है. भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में लगातार 5वीं जीत दर्ज करते हुए बांग्लादेश को 41 रनों से हराया. हालांकि मैच से पहले बल्लेबाजों की गलतियों ने चिंता बढ़ा दी. अब तक चमकते रहे बल्लेबाजी क्रम में उलटफेर का खामियाजा इस मैच में साफ दिखाई दिया. ओपनर अभिषेक शर्मा ने 37 गेंदों में तूफानी 75 रन ठोके, लेकिन उनके आउट होते ही (12वें ओवर की पहली गेंद पर) भारत का स्कोर 112/3 हो गया. इसके बाद बल्लेबाजों ने रफ्तार खो दी और अंत तक संघर्ष करते हुए भारत 168/6 तक ही पहुंच सका. इस मैच में शिवम दुबे को अप्रत्याशित रूप से नं. 3 पर भेजा गया, तिलक वर्मा को नं. 6 पर उतारा गया और संजू सैमसन को तो बल्लेबाजी का मौका ही नहीं मिला क्योंकि उन्हें नं. 8 पर रखा गया था.

इसी बदलाव पर महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कड़ी नाराजगी जताई और मुख्य कोच गौतम गंभीर तथा कप्तान सूर्यकुमार यादव को चेतावनी देते हुए कहा- क्रिकेट से मस्ती नहीं की जाती. गावस्कर ने आजतक से कहा. क्रिकेट मस्ती के लिए नहीं होता. जिस तरह बल्लेबाजी क्रम में उलटफेर किया गया, वह नहीं होना चाहिए था. 168 रन पर्याप्त नहीं थे. बांग्लादेश भले ही लक्ष्य का पीछा न कर पाया, लेकिन कोई मजबूत टीम इसे भारत के लिए समस्या बना सकती थी.

गावस्कर ने कहा कि टीम में संजू सैमसन की भूमिका को लेकर स्पष्टता नहीं है. उनका मानना है



कि शिवम दुबे को टॉप ऑर्डर में भेजना सही कदम नहीं था और जरूरत से ज्यादा प्रयोग करने से बचना चाहिए. गावस्कर ने कहा, आपने संजू सैमसन को ओपनिंग से हटाकर विकेटकीपर बना दिया, फिर उन्हें कभी नंबर 5 पर, तो कभी फिनिशर की भूमिका में भेजते हैं. शिवम दुबे का काम 6 या 7 नंबर पर आकर 10 गेंदों में 20-25 रन बनाना है. लेकिन आपने उन्हें तीसरे नंबर पर भेज दिया, जहां वे एडजस्ट ही नहीं कर पाए और आउट हो गए. मेरी नजर में इतने प्रयोग ठीक नहीं हैं.

# रोहित शर्मा कमबैक पर दहाड़ने को तैयार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के वनडे कप्तान रोहित शर्मा एक बार फिर चर्चा में हैं। 37 साल के रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से वापसी की तैयारी करते हुए अपनी फिटनेस में बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने ट्रेनिंग के दौरान करीब 10 किलो वजन कम किया। उनके करीबी दोस्त और भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर ने मुंबई में रोहित की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। दरअसल, रोहित शर्मा को लेकर अभिषेक नायर ने एक स्टोरी शेयर की, जिसमें उन्होंने लिखा, ÷10,000 ग्राम यानी 10 किलो कम करने के बाद भी हम मेहनत जारी रखते हैं। यह पोस्ट तेजी से वायरल हो गया और फैंस और साथी खिलाड़ी उनकी फिटनेस की तारीफ कर रहे हैं।

**जिम में कड़ी मेहनत कर रहे हिटमैन** – रोहित आईपीएल 2025 के बाद से इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं। अब वह जिम में कमबैक के लिए जमकर पसीना बहा रहे हैं। नायर की देखरेख में उन्होंने ट्रेनिंग की और नया लुक हासिल किया है।

**कब खेला था रोहित ने आखिरी मैच** – रोहित आखिरी बार मार्च में भारत के लिए खेले थे, जब उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में शानदार प्रदर्शन कर प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतकर टीम को खिताब दिलाया था।

**फिटनेस टेस्ट पास किया** – सितंबर की शुरुआत में बीसीसीआई नेशनल क्रिकेट अकादमी , बेंगलुरु में रोहित ने फिटनेस टेस्ट हुए। रोहित ने यहां यो-यो टेस्ट और ब्रोङ्क स्कैन (हड्डियों की मजबूती का टेस्ट) आसानी से पास किया। वहीं विराट कोहली ने लंदन से ही अपना फिटनेस रिपोर्ट भेजा और उन्हें टेस्ट से छूट मिली।

**कब करेंगे रोहित वापसी** – रोहित शर्मा 19 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में वापसी करेंगे। यह चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद उनका पहला इंटरनेशनल मैच होगा।

# हारिस रऊफ और साहिबजादा को मिलेगी भारत से बदतमीजी करने की सजा! आईसीसी लेगा एक्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुबई में खेले गए एशिया कप 2025 सुपर-4 मुकाबले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. अब यह मामला सीधे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद तक पहुँच गया है. बीसीसीआई ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों के व्यवहार के लेकर सख्त कदम उठाते हुए उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की है.पाकिस्तान के गेंदबाज हारिस रऊफ और बल्लेबाज साहिबजादा फरहान के खिलाफ आईसीसी में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है. आरोप है कि इन दोनों खिलाड़ियों ने मैच के दौरान भड़काऊ और आपत्तिजनक इशारे किए थे. 21 सितंबर को खेले गए इस मैच में रऊफ ने ऐसा इशारा किया, मानो विमान को गिरते हुए दिखाया जा रहा हो. माना जा रहा है कि उन्होंने यह भारतीय सेना की कार्रवाई का मजाक उड़ाने के लिए किया. इसके अलावा, गेंदबाजी के दौरान उन्होंने शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा को अपशब्द भी कहे, जिनका जवाब दोनों बल्लेबाजों ने अपने बल्ले से दिया. वहीं, साहिबजादा फरहान ने अर्धशतक लगाने के बाद बल्ले को मशीनगन की तरह चलाने वाला जश्न मनाया. इसे लेकर सोशल मीडिया पर उनकी कड़ी आलोचना हुई. खुद फरहान ने बाद में कहा, वह बस एक पल का सेलीब्रेशन था, मुझे फर्क नहीं पड़ता लोग कैसे लेंगे।





# दिल्ली की सड़कों को मिलेगी जाम से आजादी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली-एनसीआर में जाम की समस्या से हर कोई परेशान है। लेकिन अब एनएचएआई एक नया रास्ता ला रहा है, जो दिल्ली की सड़कों को सांस लेने का मौका देगा। यूईआर-2 का 17 किलोमीटर लंबा विस्तार अलीपुर से शुरू होकर एनएच-709 बी (दिल्ली-सहारनपुर-देहरादून एक्सप्रेसवे) पर ट्रोनिका सिटी तक जाएगा। यह प्रोजेक्ट दिल्ली की रिंग रोड, एनएच-44, एनएच-48 और बरापुल्ला एलिवेटेड कॉरिडोर पर दबाव कम करेगा। साथ ही हरियाणा और राजस्थान से देहरादून की ओर जाने वाले ट्रैफिक को तेज और सुगम रास्ता मिलेगा।

22 सितंबर को एनएचएआई ने इस प्रोजेक्ट के लिए कंसल्टेंसी सर्विसेज के लिए बोली मंगाई, जिसमें 5 महीने में फिजिबिलिटी स्टडी और डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार होगी। इस स्टडी का



खर्च 2.32 करोड़ रुपये है। अनुमान है कि इस 17 किमी लंबे हाईवे को बनाने में 3350 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत आएगी। यानी ये प्रोजेक्ट जितना भव्य है, उतना ही दिल्ली की ट्रैफिक समस्या का स्थायी समाधान भी है।

एनएचएआई की योजना में इस हाईवे को बनाने से पहले हर छोटी-बड़ी बात का ध्यान रखा जाएगा। पहले चरण में ट्रैफिक एनालिसिस, रास्ते के अलग-अलग विकल्प, इलाके की टोपोग्राफी और लेन कॉन्फिगरेशन तय किए जाएंगे। साथ ही, बिजली-पानी की लाइनों और जंगल की मंजूरी जैसे पहलुओं पर भी नजर रहेगी। एनएचएआई इस प्रोजेक्ट का सामाजिक-आर्थिक प्रभाव भी जांचेगा, ताकि स्थानीय लोगों को कोई परेशानी न हो। दूसरे चरण में कॉरिडोर का स्ट्रक्चरल डिजाइन, मिट्टी और पानी की जांच, चौराहों का डिजाइन, ड्रेनेज प्लान, ट्रैफिक साइनेज, लागत अनुमान और टोल स्कीम पर काम होगा। यानी, ये हाईवे न सिर्फ मजबूत होगा, बल्कि स्मार्ट और पर्यावरण के लिए भी अनुकूल होगा। रोचक बात ये है कि एनएचएआई ने हाईवे पर आवारा पशुओं की समस्या का भी हल निकाला है। हाईवे के आसपास सुरक्षित स्थानों पर पशु आश्रय बनाए जाएंगे, जहां चारा भंडारण, खाने की जगह और केयरटेकर्स के लिए बुनियादी सुविधाएं होंगी।

## पड़ोसन को नहाते देखना चाहता था किरायेदार, चुपके से बाथरूम के पास लगाया हिडन कैमरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोएडा के सेक्टर-126 थानाक्षेत्र के शाहपुर गांव में किराये के मकान में रहने वाली युवती के बाथरूम में दूसरे किरायेदार ने हिडन कैमरा (छिपा हुआ कैमरा) लगाने का मामला सामने आया है। हिडन कैमरा मिलने के बाद युवती ने पुलिस से इस मामले की शिकायत की। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस को दी गई शिकायत में युवती ने बताया कि वह निजी कंपनी में काम करती है। वह शाहपुर गांव में किराये का कमरा लेकर रहती है। कुछ ही समय बाद उसकी शादी होने वाली है। सोमवार को युवती जब कमरे से बाथरूम में नहाने के लिए गई तो उसने बाथरूम की खिड़की के पास एक हिडन कैमरा लगा देखा। इसे देखकर वह हैरान रह गई। युवती ने हिडन कैमरा को वहां से हटाया और अपने कमरे में रख दिया। शाम को ऑफिस से वापस रूम पर आने के बाद जब युवती ने उस हिडन कैमरे को चेक किया तो उसमें लगे एसडी कार्ड चिप में पड़ोसी किरायेदार की रामानंद की फोटो और वीडियो मिलीं। आरोपी रामानंद उत्तर प्रदेश के संत कबीरनगर का रहने वाला है और इलेक्ट्रीशियन का काम करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल को 10 दिन के अंदर मिल जाएगा सरकारी आवास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को 10 दिनों के भीतर एक उचित सरकारी आवास आवंटित किया जाएगा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की बेंच के सामने यह जानकारी दी। आम आदमी पार्टी ने कोर्ट में याचिका दायर कर केजरीवाल के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर आवास की मांग की थी। केंद्र के इस बयान को देखते हुए कोर्ट ने कहा कि वह इस याचिका पर आदेश पारित करेगा और इसका निपटारा कर देगा। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, मैं आपके इस बयान पर ध्यान दे रहा हूं कि आप आज से 10 दिनों के भीतर आवास आवंटित करेंगे और मैं याचिकाकर्ता के राष्ट्रीय राजनीतिक दल के अध्यक्ष के पद को ध्यान में रखते हुए यह आदेश पारित करूंगा।

### बीएमडब्लू वाली गगनप्रीत का कोर्ट में दावा- नवजोत की बाइक में कार ने टक्कर मारी ही नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में 14 सितंबर को बीएमडब्लू हादसे में वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी नवजोत सिंह की मौत हो गई। हादसे के वक्त बीएमडब्ल्यू चला रही गगनप्रीत ने अदालत में दावा किया है कि उनकी कार ने नवजोत सिंह की बाइक में टक्कर नहीं मारी थी। गगनप्रीत मक्कड़ के वकील ने ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास अंकित गर्ग की अदालत में जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह दावा किया। गगनप्रीत के इस दावे के बाद जज ने जांच अधिकारी को सीसीटीवी फुटेज और अन्य संबंधित दस्तावेज गुरुवार को पेश करने का निर्देश दिया। मक्कड़ के वकील ने दलील दी कि वह नवजोत सिंह को बिना किसी देरी के 24 मिनट के भीतर अस्पताल ले गईं। वकील ने कहा कि एफआईआर में कहा गया है कि कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मारी, लेकिन इसे सीसीटीवी फुटेज में ऐसा नहीं है। गगनप्रीत के वकील ने यह भी कहा कि घायल होने के बावजूद वह अपने बच्चों और पति को फुटपाथ पर बिठाकर पीड़ित के लिए मदद जुटाती रहीं। उन्होंने कहा, घायलों को जीटीबी नगर के न्यूलाइफ अस्पताल में 23-24 मिनट में ले जाया गया। एम्स या वेंकेटेश्वर अस्पताल जाने में 36 मिनट लगते। उन्होंने कहा कि एफआईआर 10 घंटे बाद दर्ज की गई और बाद में सोचकर आरोप लगाया कि कार ने बाइक को टक्कर मारी। मृतक की पत्नी बार-बार कहती रहीं कि नजदीकी अस्पताल में ले जाया जाए। आरोपी की प्राथमिकता कानूनी कार्रवाई से बचाव की थी।

# दो दिन बाद से छाए रहेंगे बादल

## दिल्ली-एनसीआर में धूप का सितम, 37 डिग्री का ताप झेलने को रहें तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली-एनसीआर में बारिश का दौर खत्म होने के बाद सूर्यदेव अपना तेवर दिखा रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के सामान्य तापमान से 0.7 डिग्री अधिक है। अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जो सामान्य से 3 डिग्री तक अधिक है।

पिछले 24 घंटों में दिल्ली में 22 किमी प्रति घंटे की गति से पश्चिमी हवाएं चलीं, जो बढ़कर 33 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गईं। आईएमडी ने बताया कि गुरुवार को भी अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। खिली धूप के साथ दिन में आसमान साफ ??रहने का अनुमान है।

राजधानी दिल्ली में मानसून की विदाई होने के बाद तापमान बढ़ रहा है। इस हफ्ते पारा 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री के बीच और



न्यूनतम 23 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। दिन में आसमान रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार से बुधवार तक आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। हालांकि बारिश होने की कोई संभावना नहीं है। इस दौरान तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। शनिवार को अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री के बीच जबकि न्यूनतम 23 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वहीं, रविवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच जा सकता है। सोमवार से बुधवार तक तापमान में कोई विशेष बदलाव होने की संभावना नहीं है। सोमवार को अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री के बीच और न्यूनतम 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री के बीच जबकि न्यूनतम 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है। वहीं, बुधवार अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा जबकि न्यूनतम तापमान थोड़ा गिरकर 23 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

दिल्ली में गुरुवार सुबह 9 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 124 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच को खराब, 301 से 400 के बीच को बेहद खराब और 401 से 500 के बीच को गंभीर माना जाता है।

## डीआरडीओ और टाटा ने मिलकर तैयार किया अत्याधुनिक व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत की रक्षा तकनीक को बड़ी कामयाबी मिली है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ मिलकर एक अत्याधुनिक डब्ल्यूएचएपी 8×8 व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म विकसित किया है, जो अब पूरी तरह से तैयार है।

डब्ल्यूएचएपी एक आधुनिक मॉड्यूलर लड़ाकू प्लेटफ़ॉर्म है जो उन्नत गतिशीलता, सुरक्षा और मिशन अनुकूलन क्षमता से सुसज्जित है। इसकी विशेषताएं जैसे कि स्केलेबल बैलिस्टिक और माइन प्रोटेक्शन के साथ टिकाऊ मोनोकॉक हल, स्वतंत्र सस्पेंशन, सेंट्रल टायर इन्फ्लेशन सिस्टम और उच्च-शक्ति इंजन, बेहतरीन ऑफ-रोड प्रदर्शन सुनिश्चित करते हैं।

इस प्लेटफॉर्म में पैदल सेना लड़ाकू वाहन, बख्तरबंद कार्मिक वाहक, टोही, कमांड पोस्ट, मोर्टार वाहक और यहां तक कि विभिन्न प्रकार के एम्बुलेंस भी शामिल हैं। मानवयुक्त या मानवरहित रिमोट हथियार स्टेशनों और एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल क्षमता के विकल्प इसकी मारक क्षमता को और बढ़ाते हैं।

बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लौदी ने 23 सितंबर को मोरक्को के बेरेकिड में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) के अत्याधुनिक रक्षा विनिर्माण सुविधा केंद्र का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया था। उन्होंने इस अवसर को भारत और मोरक्को के बीच विकसित हो रही रणनीतिक साझेदारी में एक ऐतिहासिक क्षण बताया। ये प्लेटफॉर्म अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सैन्य क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसकी जानकारी डीआरडीओ ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट के जरिए दी। डीआरडीओ ने आधिकारिक एक्स पोस्ट में लिखा, व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म (डब्ल्यूएचएपी) 8ङ्म8, डीआरडीओ द्वारा डिजाइन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स द्वारा विकसित भारतीय रक्षा नवाचार को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए तैयार है।

## कमरे से कैमरे तक; चैतन्यानंद के खिलाफ एफआईआर में 11 आरोप, डीन श्वेता देती थी साथ!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के फरार डायरेक्टर चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी पर लगे आरोप बेहद चौंकाने वाले हैं। 12 सालों से मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में अपना दबदबा बनाकर लड़कियों से छेड़छाड़ करने के आरोपी 62 साल के चैतन्यानंद सरस्वती पर आरोप है कि वह यहां पढ़ने वाली गरीब लड़कियों को निशाने पर लेकर उनका यौन शोषण करता था।



इंस्टीट्यूट के सीईओ की ओर से दर्ज कराए गए एफआईआर में चैतन्यानंद पर 11 गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इसमें यहां तक कहा गया है कि उसने हॉस्टल में कैमरे लगा दिए थे। वह लड़कियों को डराता था कि यदि उसकी बात नहीं मानी तो डिग्री रोक दी जाएगी। एफआईआर में कहा गया है कि इस पूरे कांड में उसका साथ असोसिएट डीन श्वेता भी देती थी।

लिस के सामने पेश हुई 32 में से 17 छात्राओं ने चैतन्यानंद के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने, अश्ली मैसेज भेजने और उनसे जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। अब इस मामले में नए खुलासे हो रहे हैं। ताजा जानकारी के अनुसार, चैतन्यानंद ने गर्ल्स हॉस्टल के कमरों में गुप्त रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे। इसका खुलासा चैतन्यानंद के खिलाफ हुई एफआईआर में हुआ है। एफआईआर के अनुसार, चैतन्यानंद छात्राओं को देर रात अपने कमरे में आने के लिए दबाव बनाता था और उनके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता था।

# भारतीय मूल के शख्स ने यूएस में यौन अपराधी का रेता गला

**फ्रेमोंट, कैलिफोर्निया , एजेंसी।**
अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के फ्रेमोंट शहर में 29 वर्षीय भारतीय मूल के युवक पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी का नाम वरुण सुरेश है और वह 29 साल का है। उस पर आरोप है कि उसने 71 वर्षीय पंजीकृत यौन अपराधी डेविड ब्रिमर की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि यह हमला पहले से योजनाबद्ध था और आरोपी ने कैलिफोर्निया राज्य की सार्वजनिक यौन अपराधी डेटाबेस का इस्तेमाल करके शिकार को निशाना बनाया।

स्थानीय पुलिस के अनुसार, रविवार को एक घर से हिंसक झगड़े की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहां 71 वर्षीय डेविड ब्रिमर खून से लथपथ मिला। उसे कई बार चाकू मारा गया था। मौके पर ही उसकी मौत हो गई, जबकि आपातकालीन चिकित्सा सहायता भी उसे नहीं बचा पाई।

पुलिस ने बताया कि हत्या के वक्त






आरोपी वरुण सुरेश घर के बाहर मौजूद था। उसने खुद को एक सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट यानी कर सलाहकार के रूप में पेश किया था और नए क्लाइंट्स खोजने के बहाने कॉलोनी में घूम रहा था। उसके पास एक बैग, नोटबुक और कॉफी कप था ताकि वह असली पेशेवर लगे। पुलिस के अनुसार, सुरेश ने पहले ब्रिमर के दरवाजे पर दस्तक दी और बातचीत करते हुए उससे हाथ मिलाया। इसी दौरान उसने कथित तौर पर कहा मुझे पता था कि यही सही आदमी है। इसके बाद उसने उन्हें जबरन घर के भीतर धकेल दिया। ब्रिमर किसी तरह बचकर बाहर भागा और सड़क पर मदद के लिए वाहन रोकने की कोशिश की, लेकिन गाड़ी नहीं रुकी। इसके बाद वह पास के पड़ोसी के गैराज और रसोई में घुस गया। आरोपी ने उनका पीछा किया और वहीं पकड़कर गले पर चाकू से वार किया। पुलिस का कहना है कि सुरेश लगातार उसे पश्चाताप करो कहता रहा। जब घायल ब्रिमर रेंगकर भागने की कोशिश कर रहा था, तो सुरेश ने उसका गला रेत दिया ताकि काम पूरा हो जाए। गिरफ्तारी के बाद पुलिस पूछताछ में सुरेश ने कहा कि उसने अपराध को छिपाने की कोशिश कभी नहीं की। उसने कहा, मैं उम्मीद कर रहा था कि चूंकि वो एक पैडोफाइल है और सब लोग पैडोफाइल से नफरत करते हैं, तो सबको ठीक लगेगा। सुरेश ने यह भी कहा कि उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है और हत्या करने पर उसे मजा आया। उसने पुलिस से कहा, मुझे जरा भी दुख नहीं हुआ। सच कहूं तो ये काफी मजेदार था। उसने आगे कहा कि यह उसका फर्ज था कि यौन अपराधियों को सजा दी जाए। उसके शब्दों में, यह तुम्हारा काम नहीं है कि तय करो कि उन्हें स्वर्ग में जगह मिलेगी या नहीं।

## डलास आईसीई केंद्र में गोलीबारी, एक बंदी की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**डलास, एजेंसी।** अमेरिका के डलास शहर में बुधवार सुबह एक हमलावर ने पास की इमारत की छत से राइफल से गोलीबारी की। गोलीबारी का निशाना अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन केंद्र का दफ्तर था। इस हमले में एक बंदी की मौत हो गई, जबकि परिवहन वैन में सवार दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर ने बाद में खुद भी आत्महत्या कर ली। एक कानून प्रवर्तन अधिकारी ने संदिग्ध की पहचान 29 वर्षीय जोशुआ जहान के रूप में की है।

हमले की वजह साफ नहीं हो पाई है। स्न्नक्ष्ढ्ढ प्रमुख काश पटेल ने एक तस्वीर जारी की, जिसमें घटना स्थल से मिली गोली पर एंटी-आईसीई शब्द मार्कर से लिखा हुआ दिखाई दिया। यह घटना अमेरिका में हाल के सार्वजनिक और निशाना बनाकर किए गए हमलों में से एक है। दो हफ्ते पहले भी रूफटॉप से गोली चलाकर कंजरवेटिव नेता चार्ली किर्क की हत्या की गई थी।

होमलैंड सुरक्षा विभाग ने कहा, हमलावर ने आईसीआई भवन पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें एक वैन भी निशाना बनी। उसी दौरान बंदियों को गोलियां लगीं। घायल बंदियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर है। आईसीई एजेंटों को कोई चोट नहीं आई। एफबीआई ने कहा कि मामले की जांच लक्षित हिंसा के रूप में की जा रही है।

## अमेरिका बोला-भारत किसी से भी तेल खरीदे, रूस से नहीं

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने भारत से अपील की है कि वह रूस से कच्चे तेल का आयात करने पर दोबारा सोचे। न्यूयॉर्क में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राइट ने कहा, आप दुनिया के किसी भी देश से तेल खरीद सकते हैं, बस रूस से नहीं। अमेरिका भी तेल बेचता है और बाकी देश भी। हम भारत को सजा नहीं देना चाहते, बल्कि युद्ध खत्म करना चाहते हैं और भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत करना चाहते हैं। राइट ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि भारत उसके साथ मिलकर काम करे। राइट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी चाहते हैं कि यह युद्ध जल्द खत्म हो। उन्होंने कहा कि ऊर्जा और व्यापार सहयोग में भारत के साथ बहुत उज्ज्वल भविष्य है, लेकिन हमें मिलकर ऐसा तरीका निकालना होगा जिससे रूस पर दबाव डाला जा सके और यह युद्ध बंद हो। राइट ने बताया कि उन्होंने हाल ही में विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात की और भविष्य में सहयोग पर बातचीत शुरू की है। रूस ने अगस्त में कहा था कि उसके कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि यह सबसे सस्ता है। सीनियर रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने उस समय बताया कि भारत को रूसी तेल पर लगभग 5 प्रतिशत की छूट मिल रही थी, जिससे उसे बड़ा मुनाफा हो रहा था।

# ऑपरेशन सिंदूर को अपनी किताबों में जोड़ा

**अगली पीढ़ी को भी झूठ ही सिखाएगा पाक**

**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक कुल जमा चार युद्ध हुए हैं। इन चारों युद्धों में भारत ने निर्णायक जीत हासिल की है। लेकिन पाकिस्तान ने अपनी आवाम को भ्रम में रखने के लिए इन युद्धों की पूरी कहानी को ही बदल दिया। आज भी पाकिस्तानी समाज उनकी सरकारों द्वारा फैलाए गए इस भ्रम में ही जी रहा है। हाल ही में इसका ताजा उदाहरण भी देखने को मिला। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद दोनों देशों के बीच हुए तनाव को पाकिस्तान ने अपनी स्कूली किताबों में शामिल किया है। हालांकि पाकिस्तान यहां भी अपनी जनता को झूठ परोसने से बाज नहीं आया, उसने इस संघर्ष को भी जनता के सामने अपनी जीत




बताना शुरू कर दिया है। न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी प्रशासन द्वारा संशोधित किए गए इस पाठ्यक्रम में पाकिस्तान के नुकसान को पूरी तरह से हटा दिया गया। इतना ही नहीं उसने भारत के ऊपर झूठे हमले की कहानी को भी शामिल कर लिया। नए पाकिस्तानी पाठ्यक्रम में यह दावा किया गया, दोनों देशों के बीच यह तनाव 6 मई को शुरू हुआ था। इस दिन भारत ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का आरोप लगाककर बिना किसी उकसावे के पाकिस्तान पर लगाकर हमला कर दिया। पाकिस्तानी पाठ्यक्रम में इस सच्चाई को बड़े ही शातिर तरीके से छिपा लिया गया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने भारत में घुसकर 26 भारतीयों को उनका धर्म पूछ कर मार डाला। इसके बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी कैंपों को निशाना बनाया। इनमें हिजबुल, जैश और लश्कर ए तैयबा के आतंकी ठिकाने शामिल थे। इसके बाद भारत की तरफ से यह साफ कर दिया गया था कि इसमें न तो किसी नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया गया और न ही किसी सैन्य ठिकाने को। पाकिस्तानी पाठ्यक्रम में आगे दावा किया गया है कि पाकिस्तानी सेना ने भारत की इस कार्रवाई का तुरंत जवाब दिया। पूरी जिम्मेदारी के साथ केवल भारतीय सैन्य चौकियों को ही निशाना बनाया। पाकिस्तान का यह दावा पूरी तरह से गलत है क्योंकि हकीकत में पाकिस्तान ने अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर और दो दर्जन से ज्यादा नागरिक ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए, इसमें कई नागरिक भी घायल हुए। इसके बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को खत्म कर दिया। उनके मुख्यालय-9 को पूरी तरह से नेस्तेनाबूद कर दिया और सियालकोट और यहाँ तक कि इस्लामाबाद के अंदरूनी इलाकों में भी हमले किए।

# स्वदेशी एवं लघु उद्योग को पंडित दीनदयाल देश की आधारशिला मानते थे : संजय सेठ



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला भाजपा द्वारा स्व दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ उपस्थित रहे। बोकारो क्लब के सभागार मे अयोजित संगोष्ठी का उद्घाटन स्व दीन दयाल उपाध्याय,श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व अभिनंदन किया। संचालन जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय त्यागी ने किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जीवनी से हमें सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने राष्ट्रवाद के लिए लोगों को जगरूक किया। उनका मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए, जिसमें सद्भाव, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो। स्वदेशी की प्राथमिकता रखते हुए वह विश्व स्तर पर हो रहे नवाचारों को अपनाने के भी कतई खिलाफ नहीं थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को धनकिया नामक स्थान ,जयपुर अजमेर रेलवे लाइन के पास [राजस्थान] हुआ था। उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय था। नागला चंद्रभान दीनदयाल का पैतृक गांव था, और नगला चंद्रभान (फरह, मथुरा) के निवासी थे। उनकी माता का नाम रामप्यारी था, जो धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। एक भारतीय राजनीतिज्ञ, एकात्म मानववाद विचारधारा के प्रस्तावक और राजनीतिक दल भारतीय जनसंघ (बीजेएस) के नेता थे, जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का अग्रदूत थे। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए संजय सेठ ने कहा कि संघ के माध्यम से ही श्री उपाध्याय राजनीति में आये। 21 अक्टूबर 1951 को डॉ० श्यामाप्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में 'भारतीय जनसंघ' की स्थापना हुई। गुरुजी (गोलवलकर जी) की प्रेरणा इसमें निहित थी। 1952 में इसका प्रथम अधिवेशन कानपुर में हुआ। उपाध्याय जी इस दल के महामंत्री बने। इस अधिवेशन में पारित 15 प्रस्तावों में से 7 उपाध्याय जी ने प्रस्तुत किये। डॉ० मुखर्जी ने उनकी कार्यकुशलता और क्षमता से प्रभावित होकर कहा- "यदि मुझे दो दीनदयाल मिल जाएं, तो मैं भारतीय राजनीति का नक्शा बदल दूं 1967 तक उपाध्याय जी भारतीय जनसंघ के महामंत्री रहे। 1967 में कालीकट अधिवेशन में उपाध्याय जी भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वह मात्र 43 दिन जनसंघ के अध्यक्ष रहे। 10/11 फरवरी 1968 की रात्रि में मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गई। 11 फरवरी को प्रातः पौने चार बजे सहायक स्टेशन मास्टर को खंभा नं० 1276 के पास कंकड़ पर पड़ी हुई लाश की सूचना मिली। शव प्लेटफार्म पर रखा गया तो लोगों की भीड़ में से चिल्लाया- "अरे, यह तो जनसंघ के अध्यक्ष दीन दयाल उपाध्याय हैं।" पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गयी। संगोष्ठी में धनबाद पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह, गिरिडीह पूर्व सांसद रविन्द्र पांडेय चंदनक्यारी पूर्व विधायक अमर बाउरी, बेरमो पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल,भरत यादव, रोहित लाल सिंह, प्रहलाद महतो, आरती राणा,शशि भूषण ओझा मुकुल, ईश्वर प्रजापति, देवनारायण प्रजापति, मधुसूदन सिंह,अमित सिंह अर्चना सिंह, शंकर रजक,मुकेश राय, धीरज झा, अर्चना सिंह,बिनोद महतो, गिरजा देवी, मुकेश बाउरी,बिनोद गोराई, दिलीप श्रीवास्तव,कमलेश राय, सुभाष महतो,मंटू राय,माथुर मंडल, संजय सिंह, महेन्द्रराय,राजीव कंठ, वीरभद्र प्रसाद सिंह,अनिल सिंह, हरीश चंद्र सिंह,विनय किशोर,मनोज सिंह, हरिपद गोप,अविनाश सिंह, विक्की राय, शिव शंकर दुबे, मेघन महतो, अमर स्वर्णकार,मनोज ठाकुर, अभिषेक ध्रुव,त्रिलोकी सिंह,अशोक कुमार पप्पू ब्रज दुबे,बाटुल प्रामाणिक, ऋषभ राय,भानु प्रताप सिंह,धर्मेन्द्र महथा तारा साह,सुजीत चक्रवर्ती, राकेश कुमार मधु,नीरज कुमार परिंदा सिंह, एंजेला सिंह,सुनील मंडल, बुद्धेश्वर घोषाल, बबीता देवी,अरविंद राय, अवधेश यादव,स्वरूप दास, विनय आनंद,अशोक मिश्रा,शिव शंकर राय,माया राय,उषा देवी चन्द्रशेखर सिंह, विशाल गौतम, जितेन्द्र गोस्वामी , राजीव मालाकार, मनीष पांडेय, आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षा राज्य मंत्री ने वृक्षारोपण कर स्वतंत्रता सेनानी काशीश्वर प्रसाद चौबे को दी श्रद्धांजलि



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान' द्वारा आयोजित बोकारो के पर्यावरण-मित्र वाटिका स्थित 'स्वतंत्रता सेनानी स्मृति उद्यान' में अमर स्वतंत्रता सेनानी काशीश्वर प्रसाद चौबे की स्मृति में भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने आम का एक पौधा लगा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि संस्थान द्वारा अमर स्वतंत्रता सेनानी काशीश्वर प्रसाद चौबे के बोकारो जिला के कसमार गांव स्थित पैतृक घर से लाई गई पवित्र मिट्टी को गड्ढे में डाल कर यह पौधारोपित किया गया। इस अवसर पर रक्षा राज्यमंत्री ने संस्थान के द्वारा किए जा रहे इस पुनीत कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये मेरा सौभाग्य है जो स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर पौधा रोपित करने का मौका मिला। संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने पर्यावरण संरक्षण हेतु संस्थान द्वारा किए जारहे कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि इसी तरह का एक स्वतंत्रता सेनानी स्मृति उद्यान झारखंड की राजधानी रांची में भी लगाया जाएगा । मंत्री ने संस्थान को पूरा सहयोग देने का वादा किया। बोकारो जिला भाजपा अध्यक्ष जयदेव राय भी मंत्री के साथ इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद, वैद्य गणेश साव, बबलू पांडेय, अनिल सिंह, रोहित सिंह, अनुराग मिश्र, ललित प्रसाद, गौरी शंकर सिंह, ज्योति कुमारी, अविनाश झा, अर्जुन पांडेय, शशि जी, विशाल गौतम सहित अनेकों पर्यावरण रक्षक उपस्थित रहे ।

### डीवीसी चंद्रपुरा में एबीएमएस आइएसओ 37001 पर जागरूकता कार्यशाला

**चंद्रपुरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दामोदर घाटी निगम डी वी सी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के प्रशिक्षण संस्थान में एबीएमएस आइएसओ 37001 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण एम/एस एलाइड बोस्टन द्वारा प्रदत्त किया गया है। जिसमें एंटी ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम तथा संगठनात्मक कार्य प्रणाली में प्रदर्शित जवाबदेही एवं ईमानदारी को बढ़ावा देने में इसकी महत्ता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया । एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में चंद्रपुरा, बोकारो थर्मल और तुबेद के 47 डीवीसी के अधिकारियों ने भाग लिया । प्रशिक्षण का सत्र संचालन राजीव गुप्ता द्वारा किया गया। श्री गुप्ता आई आई टी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक है। उनके पास 40 वर्षों का औद्योगिक अनुभव तथा 30 वर्षों का तृतीय पक्ष प्रमाणन एवं प्रबंधन प्रणालियों के प्रशिक्षण में विशेषज्ञता है । कार्यशाला का उद्घाटन वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं परियोजना विजया नन्द शर्मा और स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के निदेशक विनोद कुमार राय ने किया।

### 2 अक्तूबर तक मनाया जाएगा स्वदेशी जागरण सप्ताह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती विद्या मंदिर, 3सी, बोकारो में बड़े उत्साह और उल्लास के साथ स्वदेशी जागरण सप्ताह का शुभारंभ किया गया। यह सप्ताह 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र कुमार सिंह, जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा तथा कार्यालय प्रमुख ददन प्रसाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव राजकुमार एवं मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में सचिव ने उपस्थित भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लस्वदेशी अपनाना केवल वस्त्र या वस्तुओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे विचार, संस्कृति और जीवनशैली का अभिन्न अंग है। विदेशी वस्तुओं के अंधानुकरण से बचते हुए स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग ही आत्मनिर्भर भारत की सच्ची आधारशिला है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नारे, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वदेशी के महत्व को उजागर किया। सभी आचार्यगण एवं दीदीजियों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्वदेशी आंदोलन न केवल आर्थिक स्वतंत्रता का मार्ग है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय स्वाभिमान से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। अंत में उपस्थित सभी भैया-बहनों ने एक स्वर में 'स्वदेशी अपनाओ-देश को आत्मनिर्भर बनाओ का संकल्प लिया।

### नवरात्रि पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ की मां दुर्गा की आराधना



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद्, की बोकारो इकाई मिथिला महिला समिति द्वारा नवरात्रि के अवसर पर परिषद द्वारा संचालित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल, सेक्टर 4 के विद्यापति सभागार में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मां दुर्गा की आराधना की गई। समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा व सचिव आभा झा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में किरण मिश्रा, इन्दिरा झा, नमीता झा, सीमा झा, रुबी ठाकुर, जयंती पाठक, बीना झा, पूनम झा, अपर्णा झा, कंचन सिन्हा, बीनू चौधरी, रीता झा, नन्दा झा, आशा झा, रुचि प्रेरणा, कमला झा, पूनम झा, आशा पाठक, लीला झा, अलका झा, नीलम सिन्हा, वंदना झा, मधुबाला झा, बबीता झा, कुमकुम झा, बिनीता राय आदि ने मां दुर्गा की आरती की व भगवती वंदना जय जय भैरवि असुर भयाउनि पशुपति भामिनी माया.., जगदंब अहीं अवलंब हमर हे माय अहां बिनु आस ककर.. आदि भक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। समिति की सदस्याओं ने मिथिला का पारंपरिक झिझिया नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति के बाद गुजराती डांडिया नृत्य की भी सुंदर प्रस्तुति की। अध्यक्ष पूनम मिश्रा ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा समय-समय पर मिथिला की कला-संस्कृति से संबंधित कार्यक्रमों के अलावा समाज सेवा से जुड़े कार्य भी किए जाते हैं।

### नकली विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सहायक आयुक्त उत्पाद, बोकारो के निदेशानुसार गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत उलगाढ़ा पंचायत में बीती रात विशेष छापामारी अभियान चलाकर नकली विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया। छापेमारी के दौरान 02 स्थानों से भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब, निर्माण सामग्री, विभिन्न ब्रांड के स्टिकर, ढक्कन, फ्लेवर, कैरामेल, स्पिरिट, खाली बोतलें तथा झारखंड सरकार के नकली होलोग्राम बरामद किए गए। जांच क्रम में पता चला है कि अवैध मिनी फैक्ट्री का संचालन अंकित सिंह, श्याम सिंह, अविनाश कुमार उर्फ बिट्टू एवं राहुल मंडल (सभी चास निवासी) द्वारा किया जा रहा था। इसमें उलगाढ़ा निवासी नेपाल महतो सहयोग कर रहा था, जिसके मकान एवं उसके खेत में बने अर्धनिर्मित एस्बेस्टस मकान में यह अवैध कारोबार संचालित होता था। सभी संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध झारखंड उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग दर्ज किया जा रहा है। इस छापामारी अभियान का नेतृत्व निरीक्षक उत्पाद बिजय कुमार पाल ने किया। दल में अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की तथा अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास दल-बल सहित उपस्थित थे।

### अनुकंपा समिति ने 6 की नियुक्ति के लिए की अनुशंसा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में कुल 09 मामलों पर सुनवाई की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, स्थापना उप समाहर्ता श्री प्रेमचंद सिन्हा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, कार्यपालक अभियंता आरसीडी/विशेष प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता चास राम प्रवेश राम, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। उपायुक्त अजय नाथ झा व समिति के अन्य सदस्यों ने क्रम वार सभी मामलों की गहनता से समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने आवेदक द्वारा किए गए आवेदन, अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता, जाति/आय/आवासीय/चरित्र प्रमाण पत्र एवं परिवार के सदस्यों की जानकारी उनकी एनओसी एवं संबंधित विभागों में रिक्त पड़े पदों की जानकारी ली। उपायुक्त ने विभागों से अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए कुल 09 मामलों पर सुनवाई की और स्थापना उप समाहर्ता को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। जिला अनुकंपा समिति के समक्ष शिक्षा विभाग का 02, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का 01, झारखंड सशस्त्र पुलिस बल से 01 मामला, श्रम प्रशिक्षण विभाग से 01 मामला, सड़क कार्य विभाग से 01 मामला एवं अंचल कार्यालय नावाडीह का 01 एवं गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित 02 मामला प्रस्तुत किया गया था। इसी क्रम में सभी आहर्ता पूर्ण करने और जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन कर कुल 06 मामलों पर सुनवाई करते हुए आवेदकों की अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए समिति ने अनुशंसा की। उपायुक्त ने इस बाबत स्थापना उप समाहर्ता को जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम का सेन्ट्रल टीम ने किया मूल्यांकन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित " स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान " कार्यक्रम का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण भारत सरकार द्वारा गठित टीम के सदस्य ओएसडी सीईओ एनएचए नई दिल्ली राजलक्ष्मी दास द्वारा किया गया, जिनका सहयोग एसआरएम टीम के सदस्य सुमित कुमार एवं विनय कुमार उपस्थित थे। उक्त बात की जानकारी सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने दी।

उन्होंने बताया कि सेन्ट्रल टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का भ्रमण किया गया, जिसमें गोमिया प्रखंड अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर नैनाटांड का किया गया, जिसमें टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे सुविधाओ जैसे डायग्नोस्टिक टेस्ट, दवाओ व जांच सुविधाओं के बारे मे जानकारी ली गई। साथ ही ब्लड डोनेशन कैम्प का अनुश्रवण भी किया गया। जहां पर टीम द्वारा जानकारी ली गई कि अभी तक कितने कैम्प का आयोजन किया जा चुका है तथा इसकी प्रक्रिया को जाना। इसपर पवन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आज तक शिविर में कुल 42 यूनिट ब्लड एकत्र हुआ। वहीं, सेंट्रल टीम द्वारा बोकारो सदर अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर का भ्रमण किया गया जिसमें उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एन0पी0 सिंह ने बताया कि टीम द्वारा सदर अस्पताल में ब्लड बैंक, सी सेक्शन और मोतिया बिन्द ऑपरेशन की जांच की गई। आज गुरुवार को कुल 3 मोतिया बिन्द ऑपरेशन, 4 सी सेक्शन हुआ। साथ ही टीम द्वारा ब्लड बैंक की स्थिति की भी जांच की गई। सेन्ट्रल टीम द्वारा चास प्रखंड अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पारटांड का भ्रमण किया गया, जिसमें टीम द्वारा स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम की सुविधाओं की जांच हेतु आमजन मानस एवं जनप्रतिनिधियों से बातचीत की गई, जिसमें सभी महिलाओं के लिए चिकित्सा जांच और स्वास्थ्य सेवाए, नागरिकों की सक्रीय भागीदारी, स्वस्थ्य जीवनशैली और स्वास्थ्य के मानकों को बनाए रखने एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान बनाने के लिए विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्ध की जांच की गई।

## शांतिपूर्ण उल्लास के साथ मनाएं दुर्गापूजा, व्रतियों की पवित्रता-निष्ठा का रखें ध्यान : उपायुक्त

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक, शांति समिति सदस्यों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** न्याय सदन स्थित सभागार में गुरुवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा/दशहरा को लेकर विधि व्यवस्था संधारण हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। इस बैठक में जिले के विभिन्न पूजा आयोजन समिति के सदस्य/प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ समेत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) झ अंचलाधिकारी (सीओ), थाना प्रभारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारीगण आदि उपस्थित थे। मौके पर अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि दुर्गापूजा झ दशहरा (रावण दहन) को श्रद्धा, पवित्रता और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस दौरान व्रतियों की आस्था और निष्ठा का ध्यान रखना सभी पूजा समितियों और श्रद्धालुओं के लिए जरूरी है। उन्होंने समिति सदस्यों द्वारा सड़कों पर बह रहे गंदे पानी -जल जमाव की समस्या को दूर करने के दिशा में अविलंब पहल करने का निर्देश दिया। बीडीओ-सीओ-थाना प्रभारियों को ऐसे स्थलों को चिन्हित कर समिति सदस्यों के सहयोग से तत्कालिक व्यवस्था की बात कहीं। उपायुक्त ने अधिकारियों और समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि पूजा शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो।

**शांति समिति सदस्यों को पहचान पत्र और आभार पत्र**

मौके पर उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि सभी शांति समिति सदस्यों को पहचान पत्र उपलब्ध कराएं। साथ ही, दुर्गापूजा शांतिपूर्ण ढ़ंग से संपन्न होने पर समिति सदस्यों को प्रशासन की ओर से आभार पत्र भी दिया जाएगा। उन्होंने पूजा के दौरान पंडाल परिसर-आसपास क्षेत्र में महिलाओं -बच्चों की सुरक्षा को लेकर पूजा समितियों को भी अपने स्तर से व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

**अफवाहों पर नहीं दें ध्यान, सोशल मीडिया की होगी निगरानी**

डीसी - एसपी ने जिलावासियों से अपील किया कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना अविलंब स्थानीय प्रशासन, जिला नियंत्रण कक्ष को देने को कहा। प्रशासन त्वरित कार्रवाई करेगा। द्वय पदाधिकारियों ने सभी बीडीओ - सीओ, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी, एसडीपीओ और एसडीओ को निर्देश दिया कि वे लगातार सोशल मीडिया की निगरानी करें। किसी भी प्रकार की अफवाह या भड़काऊ पोस्ट पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**पूजा पंडालों में हेल्प डेस्क- सूचना सहायता केंद्र**

सभी पूजा पंडालों में बच्चों एवं महिलाओं के लिए हेल्प डेस्क बनाया जाएगा। वहीं, सूचना झ सहायता केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। इसमें प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी - पुलिस पदाधिकारी एवं पूजा आयोजन समिति के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

**संवेदनशील क्षेत्रों पर निगरानी और प्रतिबंध**

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। भड़काऊ गीतों या आपत्तिजनक सामग्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। समिति सदस्यों को कहा गया है कि वे इस दिशा में विशेष सावधानी बरतें। उपायुक्त ने कहा कि सभी अलर्ट मोड में रहते हुए छोटी -बड़ी सभी बातों पर ध्यान रखें। पिछले 10 वर्ष तक संबंधित क्षेत्रों में हुई घटनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई करने/कार्रवाई के लिए अनुशंसा करने को कहा।

## श्रद्धालुओं के लिए पूजा समितियों को रखनी होगी सुचारु व्यवस्था : उपायुक्त



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आज न्यू टाउन हॉल में दुर्गा पूजा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सभी पूजा समितियों को श्रद्धालुओं के लिए सुचारु व्यवस्था रखनी होगी। पूजा समितियों को जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निदेर्शों का अनुपालन करना होगा। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर पंडालों में एवं विसर्जन जुलूस के दौरान वीडियोग्राफर की टीम मौजूद रहेगी। जिले के सदर अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एम्बुलेंस तथा प्रमुख स्थलों पर अग्निशमन वाहन रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि सभी समिति यह सुनिश्चित करें कि पार्किंग में कोई भी वाहन पार्किंग स्थल के प्रवेश द्वारा के सामने नहीं लगाए। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित मानदंड का पालन करने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर जिले में 8000 से अधिक पुलिस फोर्स की तैनाती रहेगी। हर पंडाल में सादे लिबास में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी रहेंगे। उन्होंने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार पूरे जिले में डीजे बजाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। उन्होंने सभी पूजा समितियां को पंडाल के चारों ओर 400 मीटर की परिधि में पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था करने तथा कम से कम 20-20 वॉलिंटियर की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रमुख पूजा पंडालों में ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। एसएसपी ने कहा कि सोशल मीडिया में फेक न्यूज, भ्रामक एवं तथ्यहीन सामग्री का प्रसार करने वालों पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए टीम तैयार है। साथ ही इस पर नजर रखने के लिए पुलिस का सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल एक्टिव है। उन्होंने बाइक पर स्टंट करने वालों के विरुद्ध, अवैध शराब, जुआ अड्डा एवं अड्डा बाजी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया।

### पूर्व उपायुक्त डॉ बीला राजेश को दी गई श्रद्धांजलि

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्व उपायुक्त डॉक्टर बीला राजेश के आकस्मिक निधन पर आज न्यू टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक के दौरान 2 मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि दी गई। झारखंड कैडर से अपना करियर शुरू कर तमिलनाडु कैडर की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी बनीं डॉ बीला राजेश का बुधवार को निधन हो गया था। उन्होंने चेन्नई स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन से जिला प्रशासन में शोक की लहर दौड़ गई। वे अपने पीछे दो पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। वे तमिलनाडु में कमर्शियल टैक्स की प्रिंसिपल सेक्रेटरी के पद पर कार्यरत थीं। डॉ बीला राजेश 12 फरवरी 2004 से 26 अप्रैल 2007 तक धनबाद की उपयुक्त रहीं थी। इन तीन वर्षों में उन्होंने जिले में कई ऐतिहासिक काम किए और एक कर्तव्यपरायण, सख्त और संवेदनशील अधिकारी के रूप में अपनी छवि बनाई। मैथन जलापूर्ति योजना के तहत करीब 40 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछवाने का काम उनकी देखरेख में पूरा हुआ।

## कुड़मी जाति को एसटी बनाने की मांग अनैतिक : सोनोत संथाल समाज



**धनबाद/तेतुलमारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोनोत संताल समाज केन्द्रीय समिति ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आज झारखंड में उत्पन्न विवाद कुड़मी जाति को आदिवासी बनाने के लिए कुड़मी जातियों के कुछ स्वयंभू नेताओं अनैतिक मांग पर आंदोलन खड़ा कर झारखंड राज्य के आत्मा को झकझोर दिया है। इसमें समर्थन और विवाद के वजह से झारखंड के आदिवासी और कुड़मी समुदाय में भाषाओं की मयार्दा को लांघते समाज में अनावश्यक रूप से वैमनस्यता का भाव उत्पन्न होते जा रहा है। ऐसे परिस्थितियों में झारखंड राज्य के पुरोधा झामुमो के संस्थापक स्व बिनोद बिहारी महतो के सुपुत्र अधिवक्ता चंद्रशेखर महतो ने अपना पक्ष व बिनोद बाबू विचार को समाज के सामने रख कर कुड़मी आंदोलन के नेताओं को आईना दिखाने का काम किया है और कुड़मी समाज को गुमराह नहीं होने का संदेश दिया है,इसलिए इनके सराहनीय विचार को सम्मान करते हुए सोनोत संताल समाज धनबाद के प्रतिनिधि मंडल में केन्द्रीय अध्यक्ष सनातन सोरेन,केन्द्रीय कोषाध्यक्ष रतिलाल टुडू,सदस्य साधू सोरेन, संजय सोरेन, सुशील हेम्ब्रम आदि द्वारा अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ मिठाई खिलाकर बिनोद बाबू एवं उनके स्वाभिमान को जीवंत रखने लिए आभार जताया। इस अवसर पर केन्द्रीय अध्यक्ष सनातन सोरेन ने कहा कि चंद्रशेखर महतो ने फर्जी कुडमी नेताओ को करारा जबाव देकर झारखंड को जलने से बचाने का काम किया है।

## राष्ट्रीय श्रमदान कार्यक्रम के अंतर्गत बीएसएल में 'एक दिन, एक साथ, एक घंटा'

**स्वच्छता अभियान का आयोजन**





**बोकारा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत सरकार की स्वच्छता ही सेवा पहल के तहत स्वच्छोत्सव 2025 एवं राष्ट्रीय श्रमदान कार्यक्रम के अंतर्गत बोकारो इस्पात संयंत्र में विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत 'एक दिन, एक साथ, एक घंटा' स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बीएसएल के चार प्रमुख स्थल यथा प्लांट परिसर, प्रशासनिक भवन, बोकारो जनरल अस्पताल तथा सिटी सेंटर, सेक्टर-4 में एक साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया. अभियान में बीएसएल के शीर्ष प्रबंधन, वरीय अधिकारी, कर्मचारी, संविदा कर्मी तथा सफाई मित्रों ने स्वच्छता शपथ लेने के उपरांत सक्रिय रूप से भाग लेते हुए सामूहिक श्रमदान किया और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया.प्रशासनिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) चित्तरंजन मिश्रा तथा अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनिष सेनगुप्ता सहित वरीय अधिकारी,कर्मचारी एवं सफाई मित्रों ने श्रमदान किया। वहीं, बोकारो स्टील प्लांट परिसर में अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने श्रमदान अभियान में भाग लिया. बोकारो जनरल अस्पताल में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. विभूति भूषण करुणामय के नेतृत्व में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने स्वच्छता अभियान में योगदान दिया. सिटी सेंटर, सेक्टर-4 में मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में नगर प्रशासन विभाग की टीम, नगरवासी तथा सफाई मित्रों ने सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया और लोगों को 'एक दिन, एक साथ, एक घंटा' के संकल्प से जुड़ने के लिए प्रेरित किया. बीएसएल द्वारा आयोजित इस अभियान का उद्देश्य केवल कार्यस्थल एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई तक सीमित नहीं था, बल्कि कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं समाज के सभी वर्गों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा स्वच्छता को जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने की दिशा में ठोस पहल करना भी रहा.

**बीएसएल अधिशासी निदेशक (संकार्य) भवन के नवीकृत कैंटीन 'आहारिका' का उद्घाटन**

बोकारो इस्पात संयंत्रमें कर्मियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल के तहत अधिशासी निदेशक (संकार्य) भवन स्थित कैंटीन का नवीनीकरण कर उसे आधुनिक स्वरूप प्रदान किया गया है. आकर्षक रूप एवं नई सुविधाओं से सुसज्जित इस कैंटीन 'आहारिका' का उद्घाटन बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री प्रिय रंजन के द्वारा किया गया. इस अवसर पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक, अन्य वरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे. कार्यक्रम के दौरान अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने कैंटीन के नवीनीकरण की पृष्ठभूमि साझा करते हुए बताया कि यह पहल कर्मियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस तरह की पहल प्लांट के अन्य जोन में भी चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी. उद्घाटन अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन ने नवीनीकरण कार्य से जुड़ी पूरी टीम को बधाई दी और विश्वास जताया कि इस्पातकर्मी इस कैंटीन की नई सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाएंगे.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com